# देशबन्धु

जबलपुर, शुक्रवार 22 सितंबर 2023 | वर्ष –67 | अंक –314 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 3.00 रु.

■ इस बार के इवेंट में ...
■ खालिस्तान मुद्दे का ... 04

■ जस्टिन ट्रूडो के लिए कैसे गले की हड्डी बना...
■ लौटते ही फिर क्यों लंदन भागे शहबाज... 09

■ क्या बढ़ेंगी प्याज की कीमतें, नासिक में...
■ लगातार तीसरे दिन लुढ़का बाजार! सेंसेक्स... 11

■ अश्विन व सुन्दर के लिए...
■ शरतकमल और मोनिका... 10

# विश्व को शांति - एकता का संदेश देगी एकात्मता की प्रतिमा : शिवराज

## मुख्यमंत्री ने ओंकारेश्वर में संत समुदाय के साथ आदि गुरु शंकराचार्य की 108 फीट ऊंची प्रतिमा का किया अनावरण

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने खण्डवा जिले के ओंकारेश्वर में मांधाता पर्वत पर संत समुदाय के साथ आदि गुरु शंकराचार्य की अष्टधातु 108 फीट ऊंची एकात्मता की प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने मांगलिक अनुष्ठान के साथ 2 हजार 200 करोड़ रूपये की लागत से बनने वाले अद्वैत-लोक का शिलान्यास किया।

इस अवसर पर खण्डवा जिले की प्रभारी मंत्री एवं संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री उषा ठाकुर, स्वामी अवधेशानंद गिरी महाराज, परमात्मानंद, स्वामी स्वरूपानंद, स्वामी तीर्थानंद महाराज सहित देश-भर से आए लगभग 5 हजार साधु-संत उपस्थित थे।

### 5 हजार साधु-संत हुए शामिल

ओंकारेश्वर में संतजनों के आगमन पर केरल की पारंपरिक पद्धति से अतिथियों का स्वागत किया गया। विभिन्न राज्यों से आये सांस्कृतिक नृत्य-दलों के कलाकारों ने शैव परंपरा के नृत्यों की प्रस्तुति देते हुए आध्यात्मधाम में सभी का स्वागत किया। सनातन संस्कृति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक नृत्यों ने कार्यक्रम स्थल को आध्यात्मिक भाव से सरोकार कर दिया। अद्वैत-लोक के मांगलिक अनुष्ठान के अवसर पर मान्धाता पर्वत पर उपस्थित जनों को आध्यात्मिकता से परिपूर्ण वातावरण में अध्यात्म की दिव्य अनुभूति हुई।

वैदिक यज्ञ में आहुति के बाद मुख्यमंत्री श्री चौहान ने यज्ञ के पंडितों को और वेद पाठ कर रहे वेद पाठियों का अभिवादन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रतिमा के समक्ष साष्टांग प्रणाम किया। उन्होंने कहा कि आदिगुरू शंकराचार्य की एकात्मता की प्रतिमा विश्व को शांति और एकता का संदेश देगी।

अनावरण के बाद मुख्यमंत्री श्री चौहान ने उपस्थित साधु-संत, संन्यासियों और विद्वानों को भोजन के लिये आमंत्रित कर अन्नपूर्णा लेकर आये। ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

### लगभग 2 हजार 200 करोड़ रूपये लागत से बनने वाले अद्वैत लोक का शिलान्यास





## सार संक्षेप

### रेलवे ने दुघर्टना मुआवजा राशि 10 गुना बढ़ाई

- हादसे में जान गई तो 50 हजार की जगह 5 लाख मिलेंगे
- चोरी-डकैती होने पर भी पीड़ितों को मिलेगा मुआवजा

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** रेलवे बोर्ड ने रेल दुर्घटना में मिलने वाले मुआवजा को 10 गुना बढ़ा दिया है। अब अगर ट्रेन हादसे में किसी की मौत हो जाती है तो उसके परिजन को 50 हजार रुपए की जगह 5 लाख रुपए सहायता राशि मिलेगी। गंभीर घायल व्यक्ति को 25 हजार रुपए की जगह 2.5 लाख रुपए दिए जाएंगे। साथ ही मामूली चोट लगने पर 5 हजार की जगह 50 हजार रुपए का मुआवजा मिलेगा। रेलवे ने कहा कि अगर किसी ट्रेन में आतंकी हमला, डकैती या फिर किसी भी तरह का हिंसक हमला होता है तो उनके पीड़ितों को भी मुआवजा दिया जाएगा। रेलवे बोर्ड ने 18 सितंबर 2023 को एक सर्कुलर जारी करके मुआवजा राशि बढ़ाने की जानकारी दी थी। अब इसे लागू कर दिया गया है। ये नियम 18 सितंबर से लागू कर दिए गए हैं। इससे पहले 2012-2013 में इस राशि में संशोधन किया गया था।

#### घायलों का खर्चा भी सरकार उठाएगी

रेलवे ने कहा कि अगर कोई घायल अस्पताल में तीस दिन से ज्यादा भर्ती रहता है तो उसका बिल सरकार देगी। मरीज कितना गंभीर रूप से घायल हुआ है, उस आधार पर प्रतिदिन 3,000, 1,500 और 750 रुपए का खर्च मिलेगा। यह पैसा भर्ती होने के 10 दिन का समय पूरा होने पर या फिर डिस्चार्ज होने के बाद दिए जाएंगे।

**सूचना**

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई–पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

**बिरादरी की बात**

**चूहा-सुनती हो**-राहुल अब कुलियों के बीच पहुंचे और पोशाक पहनीं, वजन भी उठाया।
**चुहिया- हां प्रिये**- देश को जानना, समझना अच्छा है, लेकिन 'राजनीति का वजन' जो न कराए सो कम है।

### चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को दी जानकारी

## आधार नंबर को मतदाता सूची से जोड़ना अनिवार्य नहीं

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि मतदाता पंजीकरण (संशोधन) नियम 2022 के तहत आधार संख्या को मतदाता सूची से जोड़ना अनिवार्य नहीं है।

प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ को हाल ही में चुनाव आयोग द्वारा सूचित किया गया था कि मतदाता सूची को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया में 66 करोड़ से ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

# भारत ने कनाडाई नागरिकों के लिए वीजा बंद किया

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मुद्दे पर भारत और कनाडा के बीच तनाव बढ़ता जा रहा है। कनाडा में मौजूद भारत के वीजा एप्लिकेशन सेंटर ने गुरुवार को कनाडा के लोगों के लिए वीजा सेवाएं निलंबित कर दीं।

भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि कनाडा में हमारे राजनयिक ईकाई को धमकियां मिल रही हैं। वे अपना काम नहीं कर पा रहे हैं। यही वजह है कि वीजा सर्विसेज निलंबित की गई हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि हमें काफी समय से पता है कि

### भारत के राजनयिकों को मिल रही धमकी

पाकिस्तान आतंकवाद का मददगार है और उन्हें पैसे भी देता है। वहीं, कनाडा आतंकियों को रहने और उनके मंसूबों को अंजाम देने की जगह दे रहा है।

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के भारत विरोधी बयानों के बाद दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव के बीच कनाडा ने भारत में अपने राजनयिक मिशनों में राजनयिकों की संख्या कम करने की घोषणा की है। साथ ही यह भी कहा कि भारत में उसका दूतावास और वाणिज्य महादूतावास काम करते रहेंगे। यहां

### राजनयिकों की संख्या कम करने की घोषणा

कनाडा के उच्चायोग ने गुरुवार को कहा कि उसके विदेश विभाग ने 'वर्तमान वातावरण' में अपने राजनयिकों के लिए भारत में बढ़ते खतरे को देखते हुए इस देश में काम करने वाले अपने अधिकारियों की संख्या को 'समायोजित' (कम) करने का निर्णय किया है।




# प्रदेश सरकार के भ्रमजाल को समझने लगी है जनता : कमलनाथ

**जबलपुर, देशबन्धु।** पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान पर निशाना साधते हुये कहा है कि प्रदेश की जनता उनकी सरकार की विदाई करने का मन चुकी है। विधानसभा चुनाव में इसके लिये मतदाता बटन दबाने वाले हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा के कई मुखौटे हैं। जिसके माध्यम से प्रदेश की भोली भाली जनता को ठगने का काम किया जा रहा है। हर दिन कोई नया शिगूफा छोड़ दिया जाता है। इससे भ्रम फैलाने का षणयंत्र किया जाता है जिसे जनता अब समझने लगी है और समय आने पर इसका उचित जवाब प्रदेश के लोग देंगे। श्री नाथ पाटन में पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। एक सवाल के जवाब में श्री नाथ ने कहा कि शिवराज जी झूठी घोषणा करने में लगे हैं और उनकी यह मशीन अभी चुनाव नजदीक होने के चलते डबल गति से चल रही है। वे किसी नाटक मंडली के तरह संवाद करने के आदी हो गये हैं। जो किसी नौटंकी से कम नहीं है।

### किसान विरोधी है भाजपा- सुरजेवाला

कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर विकास कार्यो और योजनाओं के नाम पर भ्रष्टाचार करने के आरोप भी लगाये। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता शिवराज सिंह को विदा करने तड़प रही है। अब जनता गुमराह नहीं होगी।

कांग्रेस के दिग्गज एवं प्रदेश प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि- चाहे केंद्र की हो या प्रदेश की भाजपा सरकार, दोनों ही किसान विरोधी हैं। इनके कार्यकाल में किसान कई तरह ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

### दक्षिण ध्रुव पर सूरज की रोशनी पहुंचने लगी

## चंद्रयान-3 को फिर जगाने की कोशिश करेगा इसरो

**बेंगलुरु, (एजेंसियां)।** चंद्रयान-3 के लैंडर और रोवर के एक बार फिर जागने की उम्मीद है। 14 दिनों की रात के बाद चांद के दक्षिण ध्रुवीय हिस्से पर एक बार फिर सूरज की रोशनी पहुंचने लगी है। इसरो स्लीप मोड पर डाले गए विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर से 22 सितंबर को संपर्क करने की कोशिश करेगा।

इसरो के मुताबिक, लैंडर और रोवर के सोलर पैनल पर सूरज की रोशनी पड़ते ही ये काम करना शुरू कर सकते हैं। इसरो ने 4 सितंबर को विक्रम लैंडर को स्लीप मोड में डाल दिया था। इससे पहले 2 सितंबर को प्रज्ञान रोवर को स्लीप मोड में डाला गया था। लैंडर ने स्लीप मोड में जाने से पहले पेलोड्स के जरिए चांद पर नई जगहों की जांच-पड़ताल की थी। उसके बाद ही विक्रम लैंडर को सोने का कमांड दिया गया। फिलहाल सारे पेलोड्स बंद हैं। सिर्फ रिसीवर ऑन है, ताकि वह बेंगलुरु से कमांड लेकर फिर से काम कर सके।

### सुप्रीम कोर्ट से तमिलनाडु को बड़ा झटका

## कर्नाटक को 5,000 क्यूसेक पानी छोड़ने के आदेश में हस्तक्षेप करने से किया इनकार



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कर्नाटक को तमिलनाडु के लिए 5000 क्यूसेक पानी छोड़ने के आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। शीर्ष कोर्ट ने कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण और कावेरी जल विनियमन समिति के उस आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार किया जिसमें कर्नाटक सरकार को तमिलनाडु के लिए 5000 क्यूसेक पानी छोड़ने का निर्देश दिया गया था।

दरअसल आदेश के तहत कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण ने कर्नाटक को आदेश दिया था कि वह तमिलनाडु को 5000 क्युसेक पानी जारी करे। प्राधिकरण ने 18 सितंबर को यह आदेश दिया था और आदेश के तहत कर्नाटक को 28 सितंबर तक तमिलनाडु को पानी देना था। सुप्रीम कोर्ट ने प्राधिकरण के आदेश में कोई भी हस्तक्षेप से इनकार कर दिया है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने प्राधिकरण को हर 15 दिन में बैठक करने का निर्देश दिया है।

# अब कुलियों से मिले राहुल, सिर पर सामान उठाया, पोशाक पहनी, समस्याएं भी जानी

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को यहां एक रेलवे स्टेशन का दौरा कर और कुलियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं पर बात कर एक बार फिर लोगों को चौंका दिया। यहां उन्होंने कुली की लाल यूनिफॉर्म पहनी और बैज भी लगाया।

इसके बाद उन्होंने सिर पर सामान उठाया। इस दौरान उनके साथ मौजूद कुली राहुल गांधी जिंदाबाद के नारे लगाते नजर आए। गांधी ने उनसे विस्तार से बात की और उनके सामने आने वाले मुद्दों पर चर्चा की। कांग्रेस नेता का दौरा कुछ महीनों बाद हो रहा है, जब कुछ कुलियों ने उनसे उनके मुद्दों को समझने और उनके उत्थान के लिए काम करने के लिए उनसे मिलने का आग्रह किया था।

अपने व्हाट्सएप चैनल पर एक पोस्ट में राहुल गांधी ने कहा, 'आज दिल्ली के आनंद विहार टर्मिनल पर काम करने वाले कुली भाइयों से मुलाकात हुई। मेरे मन में भी ये इच्छा बहुत दिनों से थी और उन्होंने मुझे बहुत प्यार से बुलाया भी था और भारत के मेहनती भाइयों की इच्छा हर कीमत पर पूरी होनी चाहिए।'



अब फेमटो सेकेण्ड लेजर - विक्टस से
मोतियाबिंद ऑपरेशन
मध्य भारत का सबसे आधुनिक
नया युग
आधुनिक नेत्र चिकित्सा ब्लेड फ्री, दर्द रहित, बिना इंजेक्शन, बिना पट्टी, बिना भर्ती, कुछ ही मिनटों में उपचार वापस अपने काम पर
डॉ. पवन स्थापक-सीधा संपर्क/ जांच एवं ऑपरेशन मोबाईल-9754601010, 9516244894
जनज्योति सुपर स्पेशिलटी आई हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर

A.P.N. C.B.S.E. SENIOR SECONDARY SCHOOL
Affiliation No.: 1031302
School No.: 51319
An English Medium Co-educational School

ADMISSIONS OPEN
Class: Nursery 12th
(Science, Commerce & Humanities)
Call us: 0761-2676370, 9826587200
Sadar, Jabalpur Cantt, Web: www.apncbseschool.com
E-mail: apncbseschool@gmail.com

### आपदा | मध्य प्रदेश में नर्मदा के पानी से हजारों परिवार बेघर

# बांधों का जलस्तर बढ़ने से डेढ़ सौ से ज्यादा गांव में बड़ा नुकसान

**भोपाल, (एजेंसियां)।** मध्य प्रदेश के कई हिस्सों में हुई बारिश और उसके बाद नर्मदा नदी पर बने बांधों का जलस्तर बढ़ने से चार जिलों के डेढ़ सौ से ज्यादा गांव में बड़ा नुकसान हुआ है। नर्मदा बचाओ आंदोलन का आरोप है कि प्रशासन के जल स्तर के गलत निर्धारण की वजह से हजारों परिवारों की जिंदगी को मुश्किल भरा बना दिया है। बीते दिनों की बारिश से बांधों का जलस्तर बढ़ा तो वहीं बैक वाटर भी गांवों तक पहुंच गया।

इसके चलते धार, बड़वानी, खरगोन व अलिराजपुर के कई गांव पर असर पड़ा। एक तरफ जहां मकान डूब में आ गए तो फसलों को भी बड़ा नुकसान हुआ। ओंकारेश्वर बांध से पानी छोड़े जाने से ओंकारेश्वर सहित कई गांवों को नुकसान हुआ, नर्मदा नदी के किनारे बसे मकानों के अलावा दुकानों को भी पानी ने अपनी चपेट में लिया था। वहीं, सरदार सरोवर परियोजना के बैक वाटर ने कई गांव को अपनी चपेट में लिया, मकान, फसल और मवेशी से लेकर कारोबार तक पर इसका असर हुआ।



### फसलों को भी बड़ा नुकसान हुआ

नर्मदा बचाओ आंदोलन का आरोप है कि सरदार सरोवर परियोजना के जलाशय में 16 सितंबर को नर्मदा नदी के ऊपरी क्षेत्र में बारिश के चलते और सरदार सरोवर गेट बंद होने से जो 138.68 मीटर लेवल के ऊपर 142 मीटर तक पानी आया उस कारण से जिन गांवों को सरदार सरोवर की डूब से बाहर करके रखा था, वे डूब में आ गए। किसान, मजदूर, मछुआरे, आदिवासी विनाशकारी डूब से बर्बाद हो गए।

नर्मदा बचाओ आंदोलन की मेधा पाटकर ने बताया कि सीड्ल्यूसी के अलावा एनसीए ने कमेटी बनाकर बिना सर्वे कर कागजों पर बैक वाटर लेवल कम किया। इसके चलते गांव और खेती डूब के आगोश में आई है। बताया गया है कि धार जिले ग्राम एक्कलबारा में प्रभावितों का बहुत ज्यादा नुकसान हुआ।

# देश-विदेश

## मोदी राजस्थान में तीसरी वंदे भारत को दिखाएंगे हरी झंडी

**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 सितंबर को राजस्थान में तीसरी वंदे भारत ट्रेन को वर्चुअली हरी झंडी दिखाएंगे। वंदे भारत ट्रेन उदयपुर-जयपुर मार्ग पर चलेगी, अधिकारियों ने कहा कि यह राजस्थान में तीसरी वंदे भारत ट्रेन होगी जो 25 सितंबर से राज्य में नियमित रूप से चलेगी। हालांकि यह ट्रेन 26 सितंबर को नहीं चलेगी। ट्रेन उदयपुर, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, अजमेर और जयपुर सहित राज्य के पांच जिलों से होकर गुजरेगी और रास्ते में किशनगढ़, अजमेर, भीलवाड़ा, चंदेरिया, मावली जंक्शन और राणा प्रताप नगर स्टेशनों पर रुकेगी।

## राज्यसभा में सर्वसम्मति से पास हुआ महिला आरक्षण बिल, विरोध में कोई वोट नहीं पड़ा

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** लोकसभा के बाद राज्यसभा में भी महिला आरक्षण बिल यानी नारी शक्ति वंदन अधिनियम गुरुवार को पारित हो गया। इस बिल के विरोध में कोई वोट नहीं पड़ा।

यानी बिल के समर्थन में सभी 215 वोट पड़े। इससे पहले, बुधवार को महिला आरक्षण बिल लोकसभा में दो तिहाई बहुमत से पारित हुआ, जिसमें महिलाओं को चुनाव लड़ने के लिए 33% का आरक्षण का प्रावधान है। इस बिल को लेकर मतदान पर्चियों के जरिए किया गया। निचले सदन में बिल के पक्ष में 454 और खिलाफ में 2 मत डाले गए। इस विधेयक का कांग्रेस, सपा, द्रमुक, तृणमूल कांग्रेस सहित सभी विपक्षी दलों ने समर्थन किया।

## चर्चा : महिला आरक्षण तुरंत लागू करें, नड्डा का जवाब-सरकार नियमों से काम करती है

संसद के विशेष सत्र के चौथे दिन राज्यसभा में महिला आरक्षण बिल (नारी शक्ति वंदन विधेयक) पर चर्चा हुई। सबसे पहले कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने बिल पेश किया। इसके बाद कांग्रेस सांसद रंजीत रंजन ने चर्चा की शुरुआत की। उन्होंने बिल के नाम पर आपत्ति जताते हुए कहा कि महिलाओं को वंदन नहीं, समानता चाहिए।

इसके बाद भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अपनी बात रखी। उन्होंने कहा- ये बिल महिलाओं पर अहसान नहीं, बल्कि उनका वंदन और अभिनंदन है। लेकिन उन्हें बीच में कांग्रेस प्रेसिडेंट और नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने टोक दिया। ये उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने देखा तो उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता खड़गे कुछ बोलना चाहते हैं।

खड़गे ने नारी वंदना शक्ति अधिनियम बिल के क्रियान्यवयन में होने वाले देरी को लेकर संत कबीर दास का दोहा कहा, 'काल करे सो आज कर, आज करे सो अब. पल में प्रलय होएगी, बहुरि करेगा कब है।' जेपी नड्डा ने राज्यसभा में बृहस्पतिवार को कहा कि महिला आरक्षण बिल पारित हो जाता है तो 2029 में लोकसभा में 33 प्रतिशत महिलाओं की मौजूदगी सुनिश्चित हो जाएगी। नड्डा ने कहा कि महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण सुनिश्चित करने के लिए केंद्र सरकार ने जो रास्ता चुना है, वह सबसे छोटा और सही रास्ता है।

विपक्षी दलों के विधेयक को अभी ही लागू किए जाने की मांग का जिक्र करते हुए नड्डा ने कहा कि कुछ संवैधानिक व्यवस्थाएं होती हैं। सरकारों को संवैधानिक तरीके से काम करना होता है। उन्होंने कहा कि इसके लिए दो चीजें आवश्यक हैं, पहला, जनगणना और फिर न्यायिक निकाय के माध्यम से जन सुनवाई।

**लोक सभा में चीन पर भिड़े अधीर व राजनाथ**-नई दिल्ली। चीन पर चर्चा को लेकर लोक सभा में गुरुवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी के बीच तीखी बहस हुई। चौधरी के चीन पर बहस करने की चुनौती का जवाब देते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि चीन पर चर्चा के लिए पूरी हिम्मत है और वे सीना चौड़ा कर चर्चा के लिए ( चीन पर ) तैयार हैं। दरअसल, राजनाथ सिंह गुरुवार को लोक सभा में चंद्रयान-3 की सफलता और भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम की अन्य उपलब्धियों पर सरकार की तरफ से बोल रहे थे। उनके भाषण के बीच में ही अधीर रंजन चौधरी ने उनसे पूछा कि, क्या चीन पर चर्चा करने की हिम्मत है?

राजनाथ सिंह ने अधीर रंजन चौधरी को जवाब देते हुए कहा, पूरी हिम्मत है, पूरी हिम्मत है। इस बीच अधीर रंजन चौधरी सहित कई विपक्षी सांसदों ने पूछना शुरू कर दिया कि चीन ने हमारे देश की कितनी भूमि पर कब्जा किया है। इस पर राजनाथ सिंह ने अधीर रंजन चौधरी को संबोधित करते हुए फिर कहा कि, पूरी हिम्मत है, अधीर जी इतिहास में मत ले जाओ, चर्चा के लिए तैयार हूं। सीना चौड़ा करके चर्चा के लिए तैयार हूं।

### पीएम मोदी ने सभी दलों के सांसदों का जताया आभार



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को लोक सभा में सभी सांसदों, सभी राजनीतिक दलों और सभी राजनीतिक दलों के नेताओं के प्रति आभार जताते हुए कहा है कि बुधवार भारत की संसदीय यात्रा का स्वर्णिम पल था। इस सदन के सभी सदस्य उस स्वर्णिम पल के हकदार हैं।

## विकास पूर्वानुमान 6.3 फीसदी किया, मौसम का पैटर्न अनियमित हो गया

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने बुधवार को निर्यात में कमी और अनियमित बारिश के प्रतिकूल प्रभाव का हवाला देते हुए 2023-24 के लिए भारत की अर्थव्यवस्था के लिए अपने विकास अनुमान को पहले के अनुमानित 6.4 प्रतिशत से घटाकर 6.3 प्रतिशत कर दिया, क्योंकि कम बारिश के कारण कृषि उत्पादन प्रभावित होने का अंदेशा है।

हालांकि, एडीबी ने उच्च निजी निवेश और औद्योगिक उत्पादन के दम पर 2024-25 के लिए अपने सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि अनुमान को 6.7 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। रिपोर्ट यह भी बताती है कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था ने चालू वित्तवर्ष की पहली तिमाही में 7.8 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि दर्ज की है। उसे उम्मीद है कि इस वर्ष के शेष और अगले वर्ष के दौरान सरकारी पूंजीगत व्यय में उपभोक्ता विश्वास में सुधार के साथ मजबूत घरेलू खपत और बड़े पैमाने पर निवेश सहित निवेश से विकास को गति मिलेगी।

रिपोर्ट में कहा गया है, विकासशील अल नीनो के प्रभाव में मानसूनी वर्षा के कारण मौसम का पैटर्न अनियमित हो गया है, जिसमें कुछ क्षेत्रों में बाढ़ और विशेष रूप से अगस्त में कम बारिश शामिल है। अनियमित वर्षा पैटर्न के कारण विशेष रूप से चावल की फसल को नुकसान हुआ है और खरीफ सीजन में दालों की बुआई कम हुई है। इसने कृषि क्षेत्र की वृद्धि के अपने अनुमान में लगभग एक प्रतिशत की कटौती की है।

### एशिया में खाद्य मूल्य मुद्रास्फीति बढ़ सकती है

एडीबी ने 2023-24 के लिए भारत के लिए अपना मुद्रास्फीति अनुमान भी पिछले 5 प्रतिशत से बढ़ाकर 5.5 प्रतिशत कर दिया है। रिपोर्ट में कहा गया है, प्रतिकूल मौसम की स्थिति के कारण जुलाई में खाद्य मुद्रास्फीति बढ़ी, जिससे दक्षिण एशिया की समग्र मुद्रास्फीति दर में वृद्धि हुई। यदि भारत का कृषि उत्पादन कमजोर होता है और चावल निर्यात प्रतिबंध जारी रहता है, तो इससे विकासशील एशिया में खाद्य मूल्य मुद्रास्फीति बढ़ सकती है।

## पन्नू की धमकी पर कनाडाई हिंदू संगठन ने ट्रूडो को लिखी चिट्ठी

**नई दिल्ली।** भारत और कनाडा के बीच बढ़ती तल्खी के बीच खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने कनाडा में रह रहे हिंदुओं को देश छोड़ने की धमकी दी है। पन्नू की धमकी को लेकर कनाडाई हिंदुओं ने ट्रूडो सरकार को चिट्ठी लिखकर आतंकी के बयानों पर चिंता जताई गई है। कनाडाई हिंदू संगठन 'हिंदू फॉरम कनाडा' ने पन्नू के बयानों पर मिनिस्टर ऑफ पब्लिक सेफ्टी डोमिनिक लेब्लेन को चिट्ठी लिखी है। इसमें जस्टिन ट्रूडो और एनडीपी नेता जगमीत सिंह से गुरपतवंत सिंह पन्नू की धमकी को हेट क्राइम घोषित करने की मांग की है।

पत्र में लिखा है, कनाडा का हिंदू समुदाय गुरपतवंत सिंह पन्नू द्वारा दिए गए हालिया बयानों के संबंध में अपनी गहरी चिंताओं पर आपका ध्यान आकर्षित करने का तत्काल अनुरोध करते हैं। इस मामले को अत्यंत गंभीरता से लें क्योंकि यह सीधे कनाडाई नागरिकों की सुरक्षा को प्रभावित करता है। हिंदू संगठन ने पत्र में लिखा, पन्नू ने अपने खालिस्तानी सहयोगियों के विचारों को स्पष्ट रूप से व्यक्त किया है, वे ऐसे लोगों को टारगेट करना चाहते हैं, जो उनकी विचारधारा से सहमत नहीं हैं। पत्र में यह भी सवाल उठाया गया है कि क्या पन्नू के इस बयान को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के रूप में लिया जाएगा।

## पंजाब के गैंगस्टर सुक्खा दुनिके की कनाडा में हत्या, हमलावरों ने दागीं 15 गोलियां

**नई दिल्ली।** कनाडा में मोगा जिले के दविंदर बंबीहा गिरोह के सुखदूल सिंह उर्फ सुक्खा दुनिके की बुधवार (20 सितंबर) की रात को हत्या कर दी गई है। ये घटना 19 जून को सरे में आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या जैसा ही है.आरोपियों ने सुखदूल सिंह उर्फ सुक्खा दुनेके को लगभग 15 गोलियां मारीं हैं।

एक अंग्रेजी अखबार को मिली खुफिया जानकारी के मुताबिक दुनिके साल 2017 में फर्जी दस्तावेजों की मदद से भारत से कनाडा भाग गया था. सुखदूल सिंह के खिलाफ सात आपराधिक मामले दर्ज हैं. पंजाब क्षेत्र और आसपास के कम से कम 29 गैंगस्टर हैं, जो कानून से बचने के लिए भारत के बाहर शरण ले रहे हैं. वे या तो भारतीय पासपोर्ट पर या नकली-जाली यात्रा दस्तावेजों की मदद से कई सालों पहले नेपाल के रास्ते भारत छोड़कर दूसरे मुल्क चले गए थे.

**कल ही अर्श डल्ला गैंग पर 10 लाख का इनाम रखा गया था**-सुखदूल सिंह दुनिके का संबंध मोस्ट वांटेड अर्श डल्ला गैंग से था. सुखदूल सिंह दुनिके टारगेट किलिंग करने के लिए जाना जाता था। अर्श डल्ला गैंग पर 10 लाख का इनाम रखा था।

## मणिपुर में आरोपितों को छुड़ाने के लिए प्रदर्शन, थानों पर हमले की कोशिश

**इंफाल।** मणिपुर में हाल ही में पुलिस की नकली वर्दी में हथियारों के साथ पकड़े गए लोगों को छुड़ाने के लिए गुरुवार को पांच जिलों में प्रदर्शन किए गए। गिरफ्तार किए गए लोगों को ग्राम सुरक्षा स्वयंसेवक बताते हुए विभिन्न नागरिक सुरक्षा संगठन उन्हें बिना शर्त छोड़ने की मांग कर रहे थे।

उन्होंने सामूहिक गिरफ्तारी देने का अभियान शुरू किया है। गुरुवार को सुरक्षा बलों के साथ उनकी झड़प भी हुई। हजारों की संख्या में प्रदर्शनकारियों ने बिष्णुपुर, काकचिंग, थौबल, इंफाल पश्चिम और इंफाल पूर्व में पुलिस स्टेशनों पर धावा बोलने की कोशिश की। इनमें अधिकांश महिलाएं शामिल थीं।

**पुलिस ने छोड़े आंसू गैस के गोले**-रैपिड एक्शन फोर्स और अन्य सुरक्षा बलों उनके इस प्रयास को विफल कर दिया। उन्हें रोकने के लिए आंसू गैस के गोले भी छोड़े गए। प्रदर्शनकारियों ने कई स्थानों पर बैरिकेड तोड़ दिए। इसे देखते हुए अधिकारियों ने घाटी के विभिन्न जिलों में नियमित कर्फ्यू छूट अवधि रद कर दी। पांचों की बिना शर्त रिहाई की मांग को लेकर विभिन्न नागरिक संगठनों और स्थानीय क्लबों द्वारा 48 घंटे के बंद के आह्वान से मैतेई समुदाय के प्रभुत्व वाले पांच जिलों में जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ।

**जांच के दौरान हथियार बरामद**-मणिपुर पुलिस ने गुरुवार को कहा कि सुरक्षाबलों द्वारा राज्य के विभिन्न जिलों में चलाए गए सर्च आपरेशन में बड़ी मात्रा में मोर्टार गोले सहित हथियार और गोला-बारूद बरामद किए गए। 873 लोगों को हिरासत में लिया गया है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### विश्व को शांति और एकता.....

मुख्यमंत्री ने पत्नी श्रीमती साधना सिंह के साथ, पूज्य साधु-संत, संन्यासियों तथा विद्वानों को भोजन-प्रसादी स्वयं परोसी। पूज्य साधु-संतों ने मुख्यमंत्री श्री चौहान को शॉल ओढ़ाकर एवं मिष्ठान खिलाकर आशीष दिया। एकात्म धाम में स्थापित आचार्य शंकर की प्रतिमा का नाम एकात्मता की मूर्ति (स्टैच्यू ऑफ वननेस) है। 108 फीट की अष्टधातु मूर्ति आचार्य शंकर के बाल रूप 12 वर्ष की आयु की है। मूर्ति के आधार में 75 फीट का पैडेस्टल है। यह मूर्ति पाषाण निर्मित 16 फीट के कमल पर स्थापित है। मूर्तिकार श्री भगवान रामपुरे एवं चित्रकार श्री वासुदेव कामत के मार्गदर्शन में मूर्ति का निर्माण किया गया है। प्रतिमा में 88 प्रतिशत कॉपर, 4 प्रतिशत जिंक, 8 प्रतिशत टिन का उपयोग किया गया है। प्रतिमा 100 टन वजनी है। कुल 290 पैनल से यह मूर्ति निर्मित की गई है। समग्र अधोसंरचना के निर्माण में उच्च गुणवत्ता के 250 टन के स्टेनलेस स्टील का उपयोग किया गया है। कंक्रीट के पैडस्टल की डिजाइन 500 वर्ष तक की समयावधि को ध्यान में रखकर की गई है।

### आधार नंबर को मतदाता.....

अधिक आधार नंबर पहले ही अपलोड किए जा चुके हैं। इसके अलावा, चुनाव आयोग ने शीर्ष अदालत के समक्ष कहा कि वह फॉर्म में स्पष्टीकरण परिवर्तन जारी करने पर विचार कर रहा है, क्योंकि 2022 के नियम 26-बी के तहत आधार संख्या जमा करना अनिवार्य नहीं है। कांग्रेस की तेलंगाना इकाई के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जी. निरंजन ने एक याचिका दायर कर चुनाव आयोग को फॉर्म-6 (नए मतदाताओं के लिए आवेदन पत्र) और फॉर्म-6बी (चुनावी उद्देश्यों के लिए आधार संख्या की जानकारी का पत्र) में संशोधन करने का निर्देश देने की मांग की थी। इसमें कहा गया है कि मौजूदा फॉर्म मतदाता को आधार प्रदान करने के लिए मजबूर करते हैं, हालांकि चुनाव आयोग का दावा है कि आधार विवरण जमा करना स्वैच्छिक है। अनुच्छेद 32 के तहत दायर रिट याचिका में आरोप लगाया गया है कि चुनाव आयोग अपने अधिकारियों पर मतदाताओं की आधार संख्या एकत्र करने के लिए जोर दे रहा है और राज्य अधिकारी गांव और बूथ स्तर के अधिकारियों पर मतदाताओं से आधार संख्या एकत्र करने के लिए दबाव डाल रहे हैं। इसमें दावा किया गया कि जमीनी स्तर के अधिकारी मतदाताओं को अपने आधार नंबर जमा करने के लिए मजबूर कर रहे हैं और मतदाताओं को धमकी दे रहे हैं कि यदि आधार कार्ड नंबर प्रदान नहीं किया गया तो मतदाता वोट खो देंगे।

### प्रदेश सरकार के भ्रमजाल....

की ज्वलंत समस्याओं से जूझ रहा है, जिसका संज्ञान भाजपा सरकारें नहीं लेती हैं। यही हाल प्रदेश के किसानों का है। इस मौके पर श्री सुरजेवाला ने कहा कि शिवराज जी नौटंकी करने में माहिर हैं लेकिन कमलनाथ का वायदा कामों की गारंटी है जिससे प्रदेश का सर्वांगींण विकास होगा। इस बार का विधानसभा चुनाव इसी थीम पर रहेगा। उन्होंने आगे बताया कि तत्कालीन कमलनाथ सरकार ने किसान, आम लोगों के लिये अल्प समय में ही जनहितैषी योजनाओं का क्रियान्वयन किया था जिसे लोग अब भी नहीं भूले हैं। मुख्यमंत्री को नसीहत देते हुये कांग्रेस नेता श्री सुरजेवाला ने कहा कि उन्हें और उनकी पार्टी को शंकराचार्य जी के विचारों को दिल से स्वीकारते हुये किसानों, युवाओं के हित में सोचना चाहिये जो नहीं दिख रहा है। करोड़ों युवा रोजगार की तलाश में भटक रहे हैं,पढ़ने-लिखने के बाद काम नहीं मिल रहा है। भाजपा नेता और सरकार में शामिल लोग दलित और आदिवासियों पर खुले आम प्रताड़ित कर उनके आत्मसम्मान से खेल रहे हैं, जिसे जनता से नहीं भूलेगी।

## निविदा/नियुक्ति/जाहिरात


**न्यायालय नायब तहसीलदार गोरखपुर जबलपुर**

रा.प्र.क्रं.0548/अ-6/2023-24

**इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुकेश कुमार गुप्ता पिता स्व. श्री एस सी गुप्ता निवासी- 8, शिलाकुंज, एम.पी.ई.बी. रामपुर जबलपुर के द्वारा मौजा हाथीताल प.ह.नं. 29 खसरा नं. 149/1 150/1,152/2 डाय शीट नं... डाय. प्लाट नं... रकवा 3312 वर्गफुट/हेक्टे. को रजि विक्रय दिनांक.... के माध्यम से विक्रेता सतीश चन्द्र चड्डा पुत्र वेदप्रकाश चड्डा से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र वसीयतनामा/बटवारा नामा/ हस्तान्तरण पत्र/ फौती/हकत्याग पत्र/ दान पत्र एवं नक्शा बटांक की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अत: उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 06.10.2023 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 21.10.23 को जारी।

जारी दिनांक - 21.09.2023

पेशी दिनांक - 06.10.2023

नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी

र.नं. 1235 गोरखपुर, जबलपुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार गोरखपुर जबलपुर**

रा.प्र.क्रं.0830/अ-6/2023-24

**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शैलेन्द्र फ्रांसिस पिता श्री फ्रंासिस आरिक स्वामी निवासी 349/ए रामपुर रामनगर शंकर शाह नगर जबलपुर के द्वारा मौजा रामपुर प.ह.नं. ...खसरा नं. 31/1/10/1 डाय. शीट नं.... डाय. प्लाट नं.... रकवा 300 वर्गफुट को रजि विक्रय दिनांक.... 16.11.1999 के माध्यम से विक्रेता श्रीमती सहोद्रा बाई वगैरह से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र वसीयतनामा/बटवारा नामा/ हस्तान्तरण पत्र/ फौती/ हकत्याग पत्र/ दान पत्र एवं नक्शा बटांक की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अत: उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति /संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 03.10.2023 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 19.09.23 को जारी।

जारी दिनांक - 19.09.2023

पेशी दिनांक - 03.10.2023

नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी

र.नं. 1235 गोरखपुर, जबलपुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार गोरखपुर जबलपुर**

रा.प्र.क्रं.0831/अ-6/2023-24

**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती मार्ग्रट फ्रांसिस पति श्री फ्रांसिस आरिक स्वामी निवासी 349/ए रामनगर रामपुर शंकर शाह नगर वार्ड जबलपुर के द्वारा मौजा रामपुर प.ह.नं... खसरा नं. 31/1/10/1 डाय शीट नं. डाय. प्लाट नं..... रकवा 1000 वर्गफुट/हेक्टे. को रजि. विक्रय दिनांक 17.3.1997 के माध्यम से विक्रेता श्री प्रकाश काल वाडें वगैरह से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र वसीयतनमा/ बटवारा नामा/ हस्तान्तरण पत्र/ फौती/ हकत्याग पत्र/ दान पत्र एवं नक्शा बटांक की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अत: उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति /संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 03.10.2023 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 19.09.23 को जारी।

जारी दिनांक - 19.09.2023

पेशी दिनांक - 03.10.2023

नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी

र.नं. 1238 गोरखपुर, जबलपुर

**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**

रा.प्र.क्रं./0635/अ-6/2023-24

**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक चन्द्र लेखा सक्सेना/स्व. सुभाष चन्द्र सक्सेना एवं अन्य नि.- 10/8 महर्षि अरविंद वार्ड ने नजूल ब्लाक नं..... प्लाट नं. 49/1-सी निर्मित रकवा/ रकवा 1606 व.फु./अवि.हिस्सा... ग्राम भरतीपुर प.ह.नं. 29 खसरा नं.... रकवा 1606 व.फु./हे.विक्रय पत्र/हक त्याग/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक/ दिनांक.... मृत्यु दिनांक 16.12.2020 को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र, शपथ पत्र, खसरा की छाया प्रति प्रस्तुत किया है।

प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लॉक नं..... प्लाट नं.... 49/1-सी निर्मित रकवा/ रकवा 1606 व.फु./ अवि. हिस्सा... ग्राम भरतीपुर प.ह.नं. 29 खसरा नं..... रकवा 1606 व.फु./हे... रमेश प्रसाद/बनवारीलाल सक्सेना के नाम दर्ज है।

अत: किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 22.9.2023 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी। इश्तहार आज दिनांक 06.09.2023 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक 06.09.2023

पेशी दिनांक 22.09.2023

तहसीलदार

र.नं. 1236 रांझी, जबलपुर

**न्यायालय नायब तहसीलदार गोरखपुर जबलपुर**

रा.प्र.क्रं.0964/अ-6/2023-24

**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संतोष आत्मज स्व. श्री कंधीलाल 2. शशिकला पुत्री स्व. श्री कंधीलाल निवासी म.नं. 910 बनारसीदास वार्ड पोस्ट हाउबाग रानीताल जबलपुर के द्वारा मौजा गोरखपुर प.ह.नं.... खसरा नं. डाय. शीट नं... डाय. प्लाट नं. 150 रकवा 750 वर्गफुट/हेक्टे. को रजि विक्रय दिनांक 5.9.1956 के माध्यम से विक्रेता शिवाजी वल्द लखनसिंह से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र वसीयतनामा/बटवारा नामा/हस्तान्तरण पत्र/ फौती/हकत्याग पत्र/ दान पत्र एवं नक्शा बटांक की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अत: उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 5.10.2023 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

जारी दिनांक - 21.09.2023

पेशी दिनांक - 5.10.2023

नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी

र.नं. 1234 गोरखपुर, जबलपुर

**कार्यालय संयुक्त संचालक, नगर तथा ग्राम निवेश जिला कार्यालय जबलपुर म.प्र.**

ब्लॉक 15, सिविक सेंटर, मढ़ाताल, जबलपुर (म.प्र.)

EmailId-jabalpur@mptownplan.gov.in Phone No. 0761 2401981

क्रमांक 1463/नग्रानि/JBPLP190623892/12/JUL/2023 जबलपुर, दिनांक 14/09/2021

परिशिष्ट ट प्रारुप ढ

(नियम 14 (3) (तीन) देखिये)

**धारा-29 (3) के अधीन प्रस्तुत उपातरण प्रस्ताव की दशा में आपत्तियां आमंत्रित करने हेतु सार्वजनिक सूचना**

जनसामान्य की जानकारी हेतु एतद् द्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि (MAHINDER SINGH GUJRAL) M/S TECHNOCART DEVELOPERS AND BUILDERS THROUGH PARTNER MAHINDER SINGH GUJRAL Address: 564 RISHI COTTING RATAN COLONY NARMADA ROAD BEHIND GORAKHPUR THANA GORAKHPUR JABALPUR द्वारा आवासीय अभिन्यास में मार्ग में परिवर्तन के कारण उपातरण सहित संशोधित अभिन्यारा अनुमोदन बावत आवेदन म.प्र. नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 की धारा 29 (3) के तहत प्रस्तुत किया गया है।

(क) परियोजना का नाम - RISHI NAGAR (ख) अवस्थिति (अवस्थिति/ग्राम का नाम एवं खसरा क्रमांक) मौजा/ग्राम करमेता, तह. अधारताल, जिला जबलपुर स्थित भूमि खसरा क्रमांक 224 कुल रकवा 1.315 हेक्टेयर (13150.000) वर्गमीटर भूमि पर आवासीय भूखण्डीय विकास के प्रयोजन के उपातरण के संबंध में। (ग) विकास का प्रयाजिन- भूखण्डों के स्थान पर मार्ग एवं मार्ग के स्थान पर भूखंड की स्थिति में परिवर्तन के कारण संशोधित अभिन्यास अनुमोदन बावत- (घ) स्वीकृति का पत्र क्रमांक- 2055 से 2060 दिनांक 23.07.2012 पूर्व स्वीकृति अभिन्यास में यदि उपांतरण किया जाता है, तो उसे परियोजना से जुड़े व्यक्तियों के हित प्रभावित होने की संभावना है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति उपांतरिणों से संबंधित अपनी आपत्ति या सुझाव इस सूचना के प्रकाशन के पन्द्रह दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकेगा। प्रस्तावित उपांतरण का निरीक्षण हितबद्ध व्यक्ति द्वारा उपरोक्त कार्यालय में कार्यालयीन समय के दौरान किया जा सकता है।

संयुक्त संचालक नगर तथा ग्राम निवेश, जबलपुर

**पश्चिम मध्य रेल्वे**

**सामग्री प्रबंधन विभाग**

(भंडार आपूर्ति हेतु 'ई'-निविदा सूचना संख्या EPS/40/2023)

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, ई-खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदाएं आमंत्रित करते हैं। कोई भी हस्तलिखित/डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। पूर्ण विवरण/विनिर्देशन के लिए website https://ireps.gov.in" पर 'ई' निविदा संबंधी जानकारी प्राप्त की सकती है।

| Sr. No. | Tender No | Short Description | Tendered Qty |
|---|---|---|---|
| 1. | 38233568 | Non-asbestos K-type Composition Brake Blocks | 122085 Nos. |
| 2. | 38232200 | Adapter A.A.R. Standard wide JAW | 7548 Nos. |
| 3. | 81235184A | Spl. Rubber Pads | 175 Set. |
| 4. | 81235240A | Level Crossing fittings on PSC Sleepers BG | 144 Set. |
| 5. | 38232319 | Control Rod for BOXN wagon | 3707 Nos. |
| 6. | 30231015 | Procurement of Guide Bushes for Axel Box | 19884 Nos. |
| 7. | 20234674A | Filter 1-AF30-F 02 BD Suitable for WBL | 10 Nos. |
| 8. | 61232414 | Leather Hand Gloves for Welder | 26105 Pair |
| 9. | 38231769 | Striker Casting Wear Plate for CBC | 34694 Nos. |
| 10. | 30231100 | Brake Beam complete | 2970 Nos. |
| 11. | 30231472 | Procurement of Bracket Complete | 1906 Nos. |
| 12. | 10231538 | Heat Shield | 38 Nos. |
| 13. | 62231123 | Eco Friendly Disposable Napkins cotton rich | 19320752 Nos |
| 14. | 38232071 | Door check spring | 6173 Nos. |
| 15. | 50235073 | PVC Insulated signalling cable | 2653.225 KM |
| 16. | 10221587D | Plunger & Barrel Mico | 60 Nos. |
| 17. | 81235882 | Alternator for MFI Machine | 05 Nos. |
| 18. | 81235883 | Self Starter for MFI Machine | 02 Nos. |
| 19. | 81235884 | Alternator | 02 Nos. |
| 20. | 65235001 | Supply of standard test weight of 50 Kgs. | 2904 Nos. |
| 21. | 10234357 | High Friction brake blocks | 2849 Nos. |
| 22. | 38232365A | Packing plate | 5500 Nos. |
| 23. | 38234154 | PU Lining item No. 04 | 5179 Nos. |
| 24. | 81235707 | Grease GUN | 08 Nos. |
| 25. | 81235208A | Manufacture and Supply of 10 mm thick CGRSP | 13549 Nos. |

For Sr. No. 1 to 15 Due Date : 16.10.2023, For Sr. No. 16 to 21 Due Date : 19.10.2023 & For Sr. No. 22 to 25 Due Date: 20.10.2023.

कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल्वे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने मौजा महाराजपुर नं.बं. 664 प.ह.नं. 60 तह. अधारताल जिला जबलपुर स्थित भूमि खसरा नं. 317/6/1, 317/5 क्रमश: रकबा 0.027 हेक्टेयर, रकबा 0.051 हेक्टेयर इस प्रकार कुल रकबा 0.078 हेक्टेयर भूमि को क्रय करने का सौदा संपत्ति स्वामी श्रीमती प्रेमलता तिवारी पति श्री हल्केराम तिवारी निवासी गौतम नगर महाराजपुर जबलपुर से किया है जिसका पंजीयन निकट भविष्य में शीघ्र होने जा रहा है।

अत: उक्त संपत्ति के संबंध में किसी भी व्यक्ति बैंक, वित्तीय संस्था शासकीय विभाग आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या कोई भी हित या दावा रखता हो तो वह दैनिक समाचार प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस के अन्दर अपनी आपत्ति नीचे लिखे पते पर दस्तावेज के साथ प्रस्तुत करें उक्त समयावधि तक किसी भी प्रकार की आपत्ति प्रस्तुत न होने की दशा में मेरा पक्षकार उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र निष्पादित करा सकेगा तत्पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति या दावा मान्य नहीं होगा और न ही मेरे पक्षकार पर बंधनकारी रहेगा।

जबलपुर, दिनांक-21/09/2023

विनोद दुबे (अधिवक्ता)

म.प्र. उच्च न्यायालय जबलपुर

ऑफिस/निवास- पटेल नगर महाराजपुर जबलपुर म.प्र.

र.नं. 1240 मोबा. 9424708045

**न्यायालय -दीपक कुमार अग्रवाल व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड मझौली जिला सीधी म.प्र.**

Prossding Officer दीपक कुमार अग्रवाल

सक्सेशन प्रकरण क्रमांक MJC SUC.02/2023

भाग्यश्री वगैरह.............................आवेदिका

बनाम

हर आम खास.............................अनावेदक

प्रोसेस नंबर..........

पेशी दिनांक 25.10.2023

प्रेषिती-

(1) सर्वसाधारण हर आम एवं खास जनता।

सर्व साधारण हर आम व खास जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका भाग्यश्री पत्नी स्व. श्री राजेश कुमार द्विवेदी उम्र 30 वर्ष पेशा गृहकार्य निवासी ग्राम शिकारा तहसील मझौली जिला सीधी म.प्र. ने मृतक राजेश कुमार द्विवेदी के मृत्यु के बाद आवेदिका को मृतक पति का वैध उत्तराधिकारी घोषित करते हुए मारूति क्रमांक एम.पी. 53 सी.ए. 7251 एवं मृतक राजेश कुमार द्विवेदी के नाम की समस्त चल-अचल संपत्ति/ परिसंपत्ति का आवेदिका क्रमांक 1 के पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए इस न्यायालय में आवेदन दिया है जिसकी सुनवायी दिनांक 25.10.2023 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदिका को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 25.10.2023 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एकपक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 20.09.2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

स्थान मझौली

दीपक कुमार अग्रवाल

व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड मझौली जिला सीधी (म.प्र.)

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड मण्डला (म.प्र.)**

दूरभाष-07642- 252443 ई-मेल- eephedmal@mp.nic.in फेक्स-07642-- 253622

निविदा क्र. 123 एवं 124/2023-24/नि. शाखा/ लो.स्वा.यां./2023 मण्डला, दिनांक :-18.09.2023

**निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्ननुसार कार्य हेतु ऑनलाईन वेबसाईट http://mptenders.gov.in/nicgep/app पर निविदा आमंत्रित किये जाते हैं। ऑन लाईन निविदा प्रस्तुत किये जाने की अंतिम तिथि 25/09/2023 सायं 17.30 बजे तथा निविदा खुलने का दिनांक 27/09/2023 दोपहर 12.00 बजे के पश्चात है। निविदा से सम्बंधित कोई भी संशोधन ई-टेण्डरिंग पोर्टल पर प्रदर्शित है। विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट http://mptenders.gov.in/nicagep/app पर देखा जा सकता है।

| Tender I.D. No | Name of Work | PAC | EMD | Tender Doc. Fee | Time |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2023_PEHD_309122_1 | Mainainance repair and shifting of Pipes & Diffierrent material form PHE Lab to storage ground Mandla As Per BOQ District Mandla (M.P.) | 1355933 | 27120 | 2000 | 02 Month including Rainy Season |
| 2023_PEHD_267692_1 | Mainainance repair and shifting of Pipes & Diffierrent material form PHE building to storage ground Mandla As Per BOQ DistrictMandla (M.P.) | 1694919 | 33900 | 2000 | 02 Month including Rainy Season |

नोट- निविदा पत्र उपरोक्त वेबसाईट पर कैश कार्ड, ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड या इंटरनेट बैंकिंग एकाउंट के माध्यम से ऑनलाईन भुगतान पर क्रय किया जा सकता है।

G- 19961/23 दो गज की दूरी, मास्क है जरुरी। *Executive Engineer Public Health Engineering Division District Mandla*

# देश-प्रदेश

उवाच

## महिला आरक्षण को जल्द लागू करना चाहिए : नीतीश

**पटना, एजेंसी।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को कहा कि महिला आरक्षण बिल लोकसभा में पारित हो गया। इसे जल्द लागू करना चाहिए। जनगणना नहीं होने के कारण इसमें देरी होगी। पटना में आयोजित एक कार्यक्रम में भाग लेने के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोग तो शुरू से चाहते हैं कि महिला आरक्षण बिल पास हो, अब यह लोकसभा से पास हो गया है। महिला आरक्षण को जल्दी से लागू करना चाहिए। ये लोग जनगणना नहीं करवाये हैं, इसलिए इसमें देरी होगी। उन्होंने कहा कि इस काम को और तेजी से करना चाहिए।



# आदि शंकराचार्य के अद्वैत दर्शन में वैश्विक समस्याओं का हल : शिवराज

- भारत की सनातनी परम्परा, अद्वैत और एकता के विचार को सामने लायेगा एकात्म धाम
- मध्यप्रदेश परिव्रजन योजना पर करेगा कार्य, संतों को भी जोड़ेंगे

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि वैश्विक समस्याओं का हल आदि शंकराचार्य के अद्वैत दर्शन में उल्लेखित एकात्मवाद में है। श्री चौहान ने आज खण्डवा जिले के ओंकारेश्वर में सिद्धवरकूट क्षेत्र में ब्रम्होत्सव को सम्बोधित करते हुए कहा कि ओंकारेश्वर में एकात्म धाम भारत की सनातनी परम्परा और एकता के विचार को अभिव्यक्त करने का कार्य करेगा। समारोह में देश से हजारों संत, आध्यात्मिक विचारक और प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

श्री चौहान ने कहा कि वसुधैव कुटुम्बक भारत का आदर्श विचार है। एक ही चेतना सभी मनुष्यों-प्राणियों में व्याप्त है। तेरा-मेरा की बात करने वाले व्यक्ति छोटे हृदय के होते हैं। मनुष्यों के साथ पशु-पक्षियों के कल्याण का दर्शन सिर्फ भारत में मिलेगा। तुलसी, कबीर और अन्य संतों एवं विचारकों ने मानव-कल्याण को ही सर्वोपरि माना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में परिव्रजन योजना पर कार्य किया जायेगा। इसके तहत सेवा कार्य के पवित्र उद्देश्य से प्रवास और अन्य स्थान पर समाज के उपयोगी प्रकल्प अपनाने के लिये नागरिकों के साथ ही संत समाज को भी जोड़ा जायेगा। उन्होंने कहा कि विकासखण्ड का चयन कर युवाओं के माध्यम से अद्वैत के सिद्धान्त का प्रचार किया जायेगा। आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास ने शिविरों के माध्यम से युवाओं को एकात्मता और मानव-कल्याण के विचार से जोड़ा है। इस कार्य में संतों का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि ओंकारेश्वर में आज ऐसे अद्भुत अद्वैत लोक के लिये भूमि-पूजन हुआ है जो आने वाली पीढ़ी को इस दर्शन की जानकारी देकर भविष्य संवारेगा। अद्वैत लोक से एकात्मता और शांति का संदेश दुनिया भर में जायेगा। यह दर्शन नई पीढ़ी के मन-मस्तिष्क तक पहुँचेगा। आचार्य शंकर अंतर्राष्ट्रीय वेदांत संस्थान एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक इस विचार को स्थानांतरित भी करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जगतगुरु शंकराचार्य 8 वर्ष की आयु में करीब 1675 किलोमीटर की यात्रा कर ओंकारेश्वर पहुँचे थे। यहाँ उन्होंने दीक्षा प्राप्त की। भगवान श्री राम और भगवान श्री कृष्ण के बाद शंकराचार्य जी ने सम्पूर्ण भारत को चारों दिशाओं में बांधने का कार्य किया। शंकराचार्य जी थे, तभी आज भारत है।

जूना पीठाधीश्वर के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि महाराज ने कहा कि मध्य प्रदेश में नर्मदा के तीरे इस धाम में भगवान ओंकारेश्वर पर्वत पर भगवत्पाद जगतगुरु की भव्य और दिव्य प्रतिमा स्थापित करने का प्रकल्प अद्भुत है। आज यहाँ दक्षिण भारत से भी अनेक संत पधारे हैं। आदि शंकराचार्य जी आज भारत के सांस्कृतिक स्वरूप का मेरुदंड बने हैं। हमारी संस्कृति इस तरह विकसित नहीं होती यदि शंकराचार्य जी नहीं आते स्वामी अवधेशानंद ने कहा कि देश का हृदय प्रदेश गुरू देने वाली धरा भी है। शंकराचार्य जी को मध्यप्रदेश में आगमन पर गुरु गोविंद पाद मिले और मध्यप्रदेश की धरती से जगतगुरु भी मिले। मुख्यमंत्री श्री चौहान को जगतगुरु ने ही इस कार्य के लिये चयनित किया। ओंकारेश्वर में शंकराचार्य की प्रतिमा की स्थापना और अद्वैत धाम की पहल मानवीय नहीं बल्कि ईश्वरीय या दैवीय संकल्प है। मुख्यमंत्री श्री चौहान अच्छे शासक, प्रशासक होने के साथ ही उच्च कोटि के उपासक भी है। मुख्यमंत्री श्री चौहान की धर्मपत्नी जीवन साथी के सद्कार्यों में सहायक बनती हैं। मध्यप्रदेश में शंकरदूत भी बनाये जा रहे हैं। अद्वैत दर्शन के संदेश को समाज तक पहुँचाने वाले युवा-उत्प्रेरक और प्रचारक शिविरों के माध्यम से तैयार किये जा रहे हैं। अवधेशानंद जी ने आशा व्यक्त की कि मध्यप्रदेश सेवा कार्यों में अग्रसर बना रहेगा।

हरिद्वार के परमानंद गिरि, वरिष्ठ विचारक सुरेश सोनी ने कहा कि झंझावातों के बाद भी भारत आगे बढ़ रहा है। दीर्घ काल के बाद भारत स्व को अभिव्यक्त कर रहा है। भारत की सांस्कृतिक चेतना और आध्यात्मिक परम्परा के प्रति स्थानों का विकास हो रहा है।



## आचार्य शंकर फिल्म का निर्माण होगा

ब्रम्होत्सव में न्यास द्वारा फिल्म शंकर के निर्माण की घोषणा भी की गई। फिल्म निर्माण के लिए टीम को दायित्व दिया जा चुका है। निर्देशन विख्यात फिल्म निर्देशक आशुतोष गोवारीकर करेंगे। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में आए गोवारीकर और उनकी पत्नी को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने शिवोहम की छह नृत्य शैलियों के नृत्य गुरुओं को भी सम्मानित किया। संचालन विनय उपाध्याय ने किया।

## ब्रम्होत्सव में साधु, संतों और अखाड़ों के प्रमुखों ने की एकात्म धाम प्रकल्प की प्रशंसा

**ब्रम्होत्सव में पहुँचे विविध क्षेत्रों के प्रतिनिधि**-ब्रम्होत्सव में जहाँ मित्रानंद महाराज पधारे, जो युवाओं को आयएएस बनने के लिये कोचिंग सुविधा उपलब्ध करवाते हैं, गुरु माँ आनंदमूर्ति जी के साथ ही पद्मश्री वी.आर. गौरीशंकर भी पधारे। उत्तर से लेकर दक्षिण और पूरब से लेकर पश्चिम तक अनेक प्रान्तों के प्रतिनिधि आये।

**ब्रम्होत्सव में वर्चुअली भी जुड़े संत**-सिद्धवरकूट में हुए ब्रम्होत्सव में विभिन्न पीठों के जगद्गुरू शंकराचार्य ने भी लाइव संदेश के माध्यम से एकात्म धाम के लिये शुभकामना संदेश दिये। जगद्गुरू शंकराचार्य, शारदा पीठ और श्रृंगेरी विधुशेखर भारती महास्वामी ने कहा कि आदि गुरु शंकराचार्य की भव्य मूर्ति बन जाने से श्रद्धालुओं को परम सुख की अनुभूति मिलेगी।

अंत में संस्कृति मंत्री श्रीमती उषा ठाकुर ने आध्यात्म के इस कार्यक्रम में संतों के पहुँचने और नागरिकों के शामिल होने पर सभी का आभार माना।

**प्रदर्शनी का अवलोकन**-मुख्यमंत्री श्री चौहान सहित विभिन्न राज्यों से पधारे संत गण ने आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास द्वारा सिद्धवरकूट में लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

**श्री चौहान की विनम्रता से प्रभावित हुए संत**-सिद्धवरकूट में मंचीय कार्यक्रम प्रारंभ होने के पहले मुख्यमंत्री श्री चौहान ने मंच पर विभिन्न राज्यों से आए पीठाधीश्वर और संतों का चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया और उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री की विनम्रता से संत गण प्रभावित हुए।

## कांग्रेस की जनआक्रोश यात्रा

**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस की जन आक्रोश यात्रा आज अपने-अपने निर्धारित स्थानों से यात्रा के प्रभारी और स्थानीय नेताओं के नेतृत्व में तीसरे दिन निकली। मुरैना जिले के अंबाह में जन आक्रोश यात्रा की आमसभा को संबोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर गोविंद सिंह ने कमलनाथ जी द्वारा दिए गए 11 वचनों जिसमें 500 रू. का गैस सिलेंडर, 100 यूनिट बिजली फ्री 200 यूनिट हाफ, 5 हॉर्स पावर के किसानों को मोटर फ्री कर्मचारियों की पेंशन आदि वचनों को दोहराते कहा है कि मुरैना लोकसभा में आप लोग 35 साल से भारतीय जनता पार्टी को जिताते चले आ रहे हो लेकिन विकास के नाम पर मुरैना आज भी अत्यंत पिछड़ा हुआ है इसीलिए अब संकल्प लें कि प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की कमलनाथ के नेतृत्व में सरकार बनानी है।

मध्य प्रदेश में भाजपा सरकार के राज में कानून व्यवस्था बद से बदतर हुई है। विगत दिवस सीधी जिले में एक दलित के ऊपर भाजपा नेता ने पेशाब कांड किया था उसके बाद अनूपपुर में भी दलित एवं वंचित वर्ग के व्यक्ति पर अत्याचार हुआ है। प्रदेश की भाजपा सरकार गरीबों को प्रताड़ित करने का काम निरंतर कर रही है और इस प्रताड़ना में अपराधी भाजपा से जुड़े हुए है।

पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह ने कहा कि अगले विधानसभा चुनाव में भाजपा को हराने के लिए मध्यप्रदेश की जनता अपना मन बना चुकी है। जनता पिछले अठारह साल से शिवराजसिंह की घोषणाओं से परेशान है। शिवराज का नाम घोषणावीर चौहान पड़ गया है।

# भाजपा सरकार गरीबों को प्रताड़ित करने का काम निरंतर कर रही : डॉ. गोविंद सिंह

- जन आशीर्वाद यात्रा शिवराज सिंह की बिदाई यात्रा है : अजयसिंह
- जबरन यात्रा निकाल प्रदेश की जनता को गुमराह कर रहे हैं शिवराज : पचौरी
- पिछले 18 तक प्रदेश को लूटने की जिम्मेदार है शिवराज सरकार: भूरिया



वे कितनी भी जन आशीर्वाद यात्रा निकाल लें लेकिन जनता में इतना आक्रोश है कि वह चुनाव में शिवराज की बिदाई यात्रा निकाल देगी।

पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी ने कहा कि कांग्रेस की जन आक्रोश यात्रा भाजपा की काले कारनामों को जनता के बीच उजागर करने के लिए निकाली जा रही है। प्रदेश भर में भाजपा के खिलाफ भारी आक्रोश व्याप्त है। शिवराज सिंह चौहान जबरन यात्रा निकाल रहे है। कांग्रेस की जन आक्रोश यात्रा आज पूर्व केंद्रीय मंत्री कांतिलाल भूरिया के नेतृत्व में जब सेंधवा से पानसेमल की ओर रवाना हुई। श्री भूरिया ने कार्यकर्ताओं के साथ गणेश जी के मंदिर में पूजा अर्चना एवं आरती की। उन्होंने कहा कि अत्याचारी शिवराज सरकार का अंत अब निकट आ गया है। पिछले 20 सालों से इस प्रदेश को लूटने और किसानों, आदिवासियों, दलितों और महिलाओं पर अत्याचार करने वाली सरकार को अब इस चुनाव में उखाड़ फेंकना है।

इस मौके पर पूर्व मंत्री विधायक जीतू पटवारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरूण यादव, पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल, प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष के.के. मिश्रा ने कहा कि प्रदेश भर में निकाली जा रही कांग्रेस की जन आक्रोश यात्रा पूरे उत्साह के साथ निकल रही है। जनता में शिवराज सरकार के खिलाफ भारी आक्रोश है और भाजपा को इस चुनाव में सबक सिखाने के लिए तत्पर बैठी है।

### जम्मू-कश्मीर में फिर डराने लगी आतंकियों की मौजूदगी

# कनाडा की एडवाइजरी से पर्यटन व्यवसाय पर मंडराया खतरा

• सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, देशबन्धु।** कश्मीर में जी-20 सम्मेलन के बाद कश्मीर में आने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या के प्रति जो दावे किए जा रहे थे अब उस संभावनाओं पर दो कुठाराघात हुए हैं। पहला, सात दिनों तक चली अनंतनाग की जंग जिसमें पहली बार आतंकी 3 बड़े अफसरों की जान लेने में कामयाब रहे।

इसमें पहली बार युद्ध में इस्तेमाल किए जाने वाले हथियारों का इस्तेमाल हुआ था और दूसरी ओर अब कनाडा सरकार द्वारा अपने नागरिकों के लिए जम्मू-कश्मीर जाना प्रतिबंधित किए जाने से अमेरीका द्वारा पहले ही ऐसी एडवाइजरी जारी की जा चुकी है। जी-20 के बाद यह दावा किया जाने लगा था कि कश्मीर में विदेशी टूरिस्टों की संख्या में 700 परसेंट बढ़ोतरी हुई है। असल में ऐसा कई देशों द्वारा अपने नागरिकों पर कश्मीर जाने पर लगाए गए प्रतिबंधों में ढील दिए जाने के कारण हुआ था। पर अब यह खुशी नदारद होने लगी है। कारण स्पष्ट है। अनंतनाग में आतंकवाद के इतिहास की सबसे भयानक जंग, जिसमें एक ओर 3 आतंकी थे और दूसरी ओर 3 हजार जवान, ने कश्मीर के प्रति अन्य देशों की सरकारों का नजरिया फिर से बदल दिया है। एक लंबे अरसे के बाद कश्मीर आने वाले विदेशी टूरिस्टों की संख्या में भारी उछाल आया था। प्रशासन कहता है यह जी-20 की बैठक का नतीजा है। इस साल चाहे रिकार्ड तोड़ 1.27 करोड़ देसी पर्यटकों ने अभी तक जम्मू कश्मीर का दौरा किया है पर कश्मीरियों को सबसे ज्यादा खुशी विदेशी पर्यटकों के आने से हो रही है, चाहे विदेशी पर्यटकों की संख्या मुट्ठी भर ही है।

पर अभी अब कनाडा और अमेरीका द्वारा

### अभी तक 1.27 करोड़ देसी पर्यटकों ने किया जम्मू-कश्मीर का दौरा

अपने नागरिकों पर जम्मू कश्मीर जाने पर लगाई गई पाबंदियों के कारण पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ दिखी हैं। अनंतनाग की जंग से पहले पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोग उम्मीद लगाए बैठे थे कि इस बार सर्दियों में कश्मीर की खूबसूरती निहारने विदेशी पर्यटक बड़ी संख्या में आएंगें। पर अब ऐसी उम्मीद क्षीण होने लगी है। इसमें कनाडा द्वारा ताजा विवाद के बाद अपने नागरिकों को जारी की गई ताजा एडवाइजरी भी शामिल है जिसमें जम्मू-कश्मीर को एक बार फिर सबसे खतरनाक इलाकों की सूची में डाल दिया गया है। दरअसल अनंतनाग देशी व विदेशी पर्यटकों के लिए एक अहम स्थान रखता है जिसमें पहलगाम, अमरनाथ यात्रा, बेताब व अरू वैली जैसे पर्यटनस्थल शामिल हैं। अब इस इलाके में आतंकियों की मौजूदगी सबको डराने लगी है। पहलगाम में होटल चलाने वाले अब्दुल समद कहते थे कि पहलगाम के पहाड़ों पर ट्रैकिंग को आने वाले विदेशी पर्यटकों ने अब बुकिंगें कैंसिल करनी भी आरंभ कर दी हैं। जो कश्मीर के पर्यटन के लिए चिंता की बात है। वैसे इस साल अभी तक कोई ज्यादा विदेशी पर्यटक कश्मीर नहीं आए।

इनकी संख्या 18000 के लगभग है जो पिछले एक दशक में बहुत ज्यादा मानी जा रही है। हालांकि आने वाले कुल पर्यटकों की संख्या के मुकाबले यह आंकड़ा ऊंट के मुंह में जीरे के समान ही है। यह आंकड़ा जनवरी से अगस्त के अंत तक का है। पर वे देसी पर्यटकों की संख्या के आगे भारी इसलिए पड़ते थे क्योंकि जहां देसी पर्यटक 3 से पांच दिनों तक ही कश्मीर में रुकते थे तो विदेशी पर्यटक कम से कम दो सप्ताह और कभी कभी तीन महीने तक का कार्यक्रम बना कश्मीर की खूबसूरत वादियों का नजारा ले रहे हैं। यही नहीं खर्च के मामले में भी विदेशी पर्यटक सबसे आगे माने जाते हैं। एक हाउसबोट वाले रियाज अहमद के बकौल, देसी पर्यटकों का बजट कुछ भी नहीं होता है पर विदेशी पर्यटक जन्नत का नजारा लुटने को लूटने को भी तैयार रहते हैं।

# भारत एक प्रमुख अंतरिक्ष शक्ति बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** लोक सभा में चंद्रयान-3 मिशन की सफलता और अंतरिक्ष क्षेत्र में देश की अन्य उपलब्धियों को लेकर चर्चा हुई। इस अवसर पर सत्र की अध्यक्षता करते हुए लोक सभा अध्यक्ष, ओम बिरला ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) को इस शानदार उपलब्धि पर देशवासियों को बधाई दी। श्री बिरला ने कहा कि इन उपलब्धियों से प्रत्येक भारतीय गौरवान्वित हुआ है और वैश्विक स्तर पर हमारे देश का कद बढ़ा है। 23 अगस्त, 2023 के ऐतिहासिक दिन का उल्लेख करते हुए, बिरला ने इस तथ्य की सराहना की कि उस दिन भारत ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास उतरने वाला पहला देश बनकर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। उन्होंने कहा कि चंद्रयान-3 मिशन की सफलता भारतीय वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की अथक प्रतिबद्धता का प्रमाण है, जो ब्रह्मांड के सुदूरतम क्षेत्रों तक पहुंचने के लिए लगातार प्रयास करते आए हैं। इस बात का उल्लेख करते हुए कि भारत ने चंद्रयान-3 की सफलता को विश्व के वैज्ञानिक समुदाय और पूरी मानवता को समर्पित किया है, श्री बिरला ने यह भी कहा कि प्रज्ञान रोवर ने चंद्रमा से जो अमूल्य जानकारी भेजी है, उससे अंतरिक्ष के बारे में मानव ज्ञान में वृद्धि होगी और भावी खोजों का मार्ग प्रशस्त होगा।



23 अगस्त को 'राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस' के रूप में मनाए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए, श्री बिरला ने कहा कि यह एक ऐसा दिन होगा जो आने वाली पीढ़ियों को जीवन में उच्च लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें साकार करने के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित करता रहेगा। चंद्रमा पर चंद्रयान-2 के पदचिह्न का नाम 'तिरंगा प्वाइंट' और चंद्रयान-3 के लैंडिंग स्थल का नाम 'शिव शक्ति प्वाइंट' रखने का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि ये नाम भारत की सदियों पुरानी विरासत के प्रति सम्मान के साथ ही हमारी वैज्ञानिक महत्वाकांक्षाओं और प्रयासों के प्रतीक भी हैं। बिरला ने कहा कि चंद्रयान-3 और आदित्य-एल1, सफल अंतरिक्ष कार्यक्रम होने के साथ ही, भारत की वैज्ञानिक और तकनीकी शक्ति और लोगों की प्रतिभा और क्षमता के उदय के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि दोनों मिशनों में बड़ी संख्या में महिला वैज्ञानिकों ने आगे बढ़कर नेतृत्व किया, जो नए भारत के निर्माण में महिलाओं के योगदान को दर्शाता है। सभा को यह सूचित करते हुए कि दोनों मिशन पूरी तरह से भारत में डिज़ाइन और निर्मित किए गए हैं, श्री बिरला ने इस बात का उल्लेख भी किया कि जो बात भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम को दूसरों से अलग करती है, वह सभी परियोजनाओं की कम लागत है जिससे अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में भारत की बढ़ती क्षमताओं के साथ-साथ भारतीय वैज्ञानिकों की प्रतिभा का परिचय भी मिलता है।

# ऊर्जा साक्षरता अभियान के लिये मप्र को मिला अवॉर्ड

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम को आज ऊर्जा साक्षरता की दिशा में किये गये अनूठे प्रयास के लिये सोसायटी ऑफ एनर्जी इंजीनियर्स एण्ड मैनेजर्स (सीम) द्वारा नई दिल्ली में सीम स्टार परफार्मेंस अवॉर्ड-2022 से नवाजा गया। निगम की ओर से अतिरिक्त कार्यपालन यंत्री श्री सुरेन्द्र बाजपेयी ने अवॉर्ड ग्रहण किया। देश में पहली बार आम नागरिकों को ऊर्जा संरक्षण, नवकरणीय ऊर्जा के लाभ और मितव्ययता सिखाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश में 25 नवम्बर 2021 को आरंभ ऊर्जा साक्षरता अभियान (ऊषा) से 15 लाख से अधिक नागरिक जुड़ चुके हैं।

ऊर्जा साक्षरता अभियान को यह अवॉर्ड आम नागरिकों को ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूक करने की दिशा में उल्लेखनीय कदम उठाने के लिये दिया गया है। ऊषा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प देश को नेट जीरो लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। देश और दुनिया को ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु असंतुलन और बिजली के अपव्यय से बचाने के लिये मध्यप्रदेश के नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग द्वारा ऊषा अभियान की शुरूआत की गई है। देश की पहली साँची सोलर सिटी में 7 हजार नागरिक ऊर्जा साक्षर हुए हैं।


## मार्कशीट गुमी

मैं दीपकंवर लोधी निवासी हिमांशा अपार्टमेन्ट सिविल लाईन जबलपुर म.प्र. यह सत्यतापूर्ण कथन करती हूं कि दिनांक 30/07/2023 को डिलाईट टॉकीज के पास मेरा बैग गुम हो गया जिसमें मेरी 10वीं की अंकसूची ( आई.सी.एस.ई बोर्ड ) 12वी की अंकसूची ( आईसीएसई बोर्ड ), बी. एस.सी. ( फर्स्ट इयर, सेकेण्ड इयर, थर्ड इयर बुंदेलखंड युनिवर्सिटी ) की अंकसूचि व डिग्री गुम हो गयी है जो काफी खोजने के बाद भी मुझे नहीं मिली है। मैंने उक्त दस्तावेजों का कोई दुरूपयोग नहीं किया है।

भवदीय- दीपकंवर लोधी

वर्तमान पता- हिमांशा अपार्टमेन्ट सिविल लाईन जबलपुर म.प्र.

स्थाई पता- ग्राम मुंईई जिला झांसी, चिरगांव झांसी ( उ.प्र. )



**न्यायालय तहसीलदार तहसील आधारताल, जबलपुर**

रा.प्र.क्रं.- क्यू /अ-6/2022-23

जबलपुर दिनांक 06.09.2023

//आम इश्तहार//

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुबीर चौपड़ा पिता स्व. किशन लाल चौपड़ा निवासी कृष्णा कॉलोनी, घमापुर जबलपुर के द्वारा मौजा जबलपुर नं.बं. 264 प.ह.नं.....स्थित भूमि खसरा नंबर 365/365 / 2 में से रकवा .1365 वर्गफुट भूमि पर नीमल चौपड़ा की मृत्यु दिनांक 30.06.2006 को हो जाने के कारण वारसान हक में फौती/ वसीयत नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 05/10/2023 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/ आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुहर व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक - 20/09/2023

पेशी दिनांक - 05/10/2023

मोहर तहसीलदार अधारताल, जबलपुर



**न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल, जबलपुर**

रा.प्र.क्र/ क्यू/अ-6/2022-2023

जबलपुर, दिनांक 15/09/2023

**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती उषा वर्मा पिता स्व. महेश वर्मा निवासी तुलसी नगर चेरीताल जबलपुर के द्वारा मौजा जबलपुर नं.बं. 264 प.ह.नं. ... स्थित भूमि खसरा नंबर ...में से रकवा 600 वर्गफुट भूमि पर स्व. महेश वर्मा की मृत्यु दिनांक 26.02.23 को हो जाने के कारण वारसान हक में फौती/वसीयत नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 6.10.23 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक-15/09/2023

पेशी दिनांक-06/10/2023

तहसीलदार अधारताल जबलपुर


## निविदा/नियुक्ति/जाहिरात


**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार काशीराम दाहिया एवं श्रीमती सुनीता दाहिया, निवासी- ग्राम बरगवां, दाराची, झिंगरई, तह. मझौली, थाना सिहोरा, जिला जबलपुर म.प्र. के द्वारा अपने पुत्र संदीप दाहिया का विवाह गीता दाहिया के साथ बिना दहेज के दिनांक 06.05 2017 को पूर्ण हिन्दू रीति रिवाज के संपन्न हुआ था। विवाह के एक माह बाद मेरा पुत्र संदीप दाहिया अपनी ससुराल में अपनी पत्नी गीता दाहिया के साथ घर-जमाई बनकर निवास करता था, किन्तु करीब एक वर्ष से मेरे पुत्र संदीप दाहिया द्वारा हम लोगों से बात करना तथा संबंध विच्छेद कर लिया है। हमारे द्वारा उसके ससुराल वालों से पूछने पर भी मेरे पुत्र की कोई जानकारी नहीं मिल रही है। आशंका है कि, कहीं उसके ससुराल वालों ने संदीप के साथ कोई अप्रिय घटना कारित न कर दी हो। मेरी पुत्रवधु गीता द्वारा कभी भी हम लोगों को झूठे प्रकरण में फंसाया जा सकता है। जबकि संदीप एवं उसकी पत्नी गीता दिनांक 17.5.2018 से सारा सामान जेवर, घर गृहस्थी का इत्यादि लेकर अपनी ससुराल ग्राम घुंसौर, सहशन तहसील पाटन जिला जबलपुर में निवास करता है, इसलिए अब हम लोगों ने भी उसे अपनी संपत्ति एवं परिवार से बेदखल कर दिया है। यदि किसी संस्था या व्यक्ति द्वारा मेरे पुत्र संदीप और उसकी पत्नी गीता को किसी भी प्रकार का कोई लेन-देन करते हैं, तो उसकी पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं की होगी। हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

जबलपुर, दिनांक-21/09/2023

विश्वनाथ दुबे (अधिवक्ता)

म.प्र. उच्च न्यायालय जबलपुर

ऑफिस/निवास- 2684, सीओडी कॉलोनी टीआई बंगले के पास सुहागी जबलपुर म.प्र.

मोबा. 9329494743

र.सं. 1241



**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 72

2023-2024 दिनांक 14/09/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता 1.**श्री श्रीकांत राय, पिता- रजनीकांत राय, 2. श्री शशांक राय, पिता- श्री श्रीकांत राय** , ने भवन क्रंमाक- 1235 से 1237, संपत्ति कर/ पिन नं. 1001842255 जलकर पिन नं............, पर **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** - श्रीमती नविता डरकुेड, पति- आशीषर श्रीवास्तव, 2. आशीष श्रीवास्तव, पिता- प्रदीप कुमार श्रीवास्तव, **वार्ड महर्षि महेश योगी वार्ड** , विक्रय प्लाट रकवा 963 व.फु., निर्मित भूतल 750 व.फु. आर.सी.सी., प्रथमतल 750 व.फु. आर.सी.सी. , **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक 07** में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**



**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 70

2023-2024 दिनांक 13/09/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता 1.**श्री मन्नू लाल कुशवाहा, पिता- रामनाथ कुशवाहा, 2. श्रीमती रामकली कुशवाहा, पति- श्री मन्नू लाल कुशवाहा** , ने भवन क्रंमाक- 8115 का भाग, संपत्ति कर/ पिन नं. 1002150659 जलकर पिन नं............, पर **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** -श्रीमती रश्मि सक्सेना, पति- सुखराम सक्सेना, **वार्ड निर्मलचंद जैन वार्ड** , निर्मित क्षेत्रफल 2000 व.फु., विक्रय प्लाट रकवा 1022 व.फु., **विक्रयपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक 07** में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**



**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 74

2023-2024 दिनांक 21/09/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता 1.**श्रीमती रामसेहली शर्मा, पति- स्व.श्री ब्रजबिहारी शर्मा,2. राकेश शर्मा, 3. अतुल शर्मा, 4. आशीष शर्मा, सभी के पिता- स्व.श्री ब्रजबिहारी शर्मा** , ने भवन क्रंमाक- 789/1, संपत्ति कर/ पिन नं. 1000362187 जलकर पिन नं............, पर **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** - श्री ब्रजबिहारी शर्मा, पिता- स्व. श्री किशोरी लाल शर्मा, **वार्ड महर्षि महेश योगी वार्ड** , निर्मित भूतल 1100 व.फु.आवासीय स्वयं, भूतल 60 व.फु. व्या.स्वयं, भूतल 1000 व.फु. व्या.किराएदार, प्रथमतल 1000 व.फु. आवासीय स्वयं, प्रथमतल 1000 व.फु. व्या. स्वयं, द्वितीयतल 2000 व.फु. आ.स्वयं, **व्यवहारिक स्मरण पत्र की छाया प्रति, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथपत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक 07** में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**



**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्र.-07 अधारताल जबलपुर म.प्र.**

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 73

2023-2024 दिनांक 16/09/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता **श्री बरकत अली, पिता- श्री सुलेमान अली** , ने भवन क्रंमाक- 1039/1, संपत्ति कर/ पिन नं. 1000362602 जलकर पिन नं............, पर **विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी** - श्री शौकत अली, 2. श्री बरकत अली, दोनों के पिता- स्व. श्री सुलेमान अली, **वार्ड महर्षि महेश योगी वार्ड** , विक्रय प्लाट रकवा 150 व.फु., निर्मित भूतल 150 व.फु.आर.सी. सी., **विक्रयपत्र, हकत्याग पत्र,** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रमांक 07** में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**

देशबन्धु

जबलपुर, शुक्रवार 22 सितम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## भारत-कनाडा सम्बन्ध सुधरें

कनाडा में एक सिख अलगाववादी नेता की हत्या और उसे लेकर दिये गये वहां के प्रधानमंत्री के बयान को लेकर भारत-कनाडा के बीच कटुता बढ़ चली है जिसका कई तरह से असर पड़ सकता है। इससे जहां एक ओर दोनों देशों के बीच परस्पर व्यापार पर प्रभाव पड़ेगा वहीं इसके चलते दोनों देशों में रहने वाले सिखों और हिंदुओं के बीच भी रिश्ते खराब हो सकते हैं। इसके लिये बहुत ज़रूरी है कि भारत और कनाडाई सरकारें आपस में बात कर मुद्दों को सुलझाए। दरअसल ब्रिटिश कोलंबिया में एक कनाडाई सिख अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर भारत और कनाडा के राजनयिक सम्बन्ध खराब हो चले हैं। सोमवार को अपनी संसद को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने हत्या को भारत सरकार से जोड़ा। इतना ही नहीं, कनाडा ने भारत के राजनयिक को निष्कासित कर दिया। जवाबी कार्रवाई करते हुए भारत ने भी उनके समकक्ष कनाडाई अधिकारी को देश छोड़ने को कह दिया। इसके कारण दोनों देशों के राजनयिक रिश्ते कटु हो गये हैं जिसे सुधारे जाने की आवश्यकता है क्योंकि वहां रहने वाले हिन्दुओं को कनाडा छोड़ने की धमकियां भी मिलने लग गई हैं। हिन्दुओं को यह भी लगता है कि कनाडाई सरकार का झुकाव सिखों की तरफ़ ज्यादा है।

भारत और कनाडा के बीच 8.16 अरब डॉलर का व्यापार होता है। बड़ी संख्या में भारतीय मूल के परिवार वहां बसे हुए हैं। वर्ष 1900 के आसपास से बड़ी संख्या में लोगों का भारत से वहां जाकर बसना प्रारम्भ हुआ था। ज्यादातर लोग पंजाब प्रांत से गये थे और ब्रिटिश सैनिकों के तौर पर उनका जाना हुआ था। बाद के वर्षों में जब कनाडा शिक्षा का एक बेहतरीन हब बना तथा वहां रहन-सहन का स्तर बेहतरीन होने पर लोगों ने पहले तो वहां शिक्षा पाई और बाद में वे वहीं बस गये। 2021 की जनसंख्या के मुताबिक कनाडा में 7.70 लाख सिख और 8.28 लाख हिन्दू हैं जो कुल आबादी का क्रमश: 2.0 एवं 2.3 फीसदी है। सिख बड़े व्यवसायी एवं खेतों के मालिक हैं तो वहीं हिन्दू ज्यादातर नौकरीपेशा हैं। आज भी पंजाब से जाने वालों का वह उच्च वरीयता वाला देश है, चाहे वे हिंदू हों या सिख। कनाडा में दोनों समुदायों के सम्बन्ध बनते-बिगड़ते रहे हैं। भारतीयों की यहां की राजनीति में अच्छी भागीदारी है और भारतीय मूल के कई लोग सरकार में मंत्री रहे हैं, जिनमें सिख काफी हैं।

1980 के दशक में भारत के खालिस्तानी आंदोलन को कनाडा के सिखों द्वारा मदद करने की बात सामने आती रहती थी। वहां के कई अलगाववादी सिख नेता इस आंदोलन को निर्देशित भी करते थे। कहा तो यहां तक जाता है कि भारत में अब यह आंदोलन चाहे समाप्त हो गया हो परन्तु कनाडा से इसकी सुगबुगाहटें अक्सर सुनाई दे जाती हैं। पिछले दिनों ब्रिटिश कोलम्बिया राज्य में एक गुरुद्वारे के बाहर कुछ नकाबपोशों ने अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या कर दी जिस पर बयान देते हुए कनाडाई पीएम ने इसमें भारत सरकार की संलिप्तता बतलाकर मामले को गरमा दिया। एक दूसरे के राजनयिकों के निष्कासन ने स्थिति को और भी बिगाड़ दिया है। बात यहीं तक नहीं रुकी। एक अन्य खालिस्तानी चरमपंथी गुरुपतवंत सिंह पन्नू का ऐसा वीडियो वायरल हुआ है जिसमें वे हिन्दुओं को कनाडा छोड़ देने की चेतावनी देते हुए देखा गया है। पन्नू ने इस बात पर नाराजगी जताई है कि निज्जर के मारे जाने पर हिन्दुओं ने जश्न मनाया था। पन्नू का हिन्दुओं पर आरोप था कि वे न केवल भारत सरकार का समर्थन करते हैं बल्कि कनाडा में रहने वाले खालिस्तानियों की अभिव्यक्ति के अधिकार को कुचलने का पक्ष भी लेते हैं।

इस वीडियो से वहां के हिन्दुओं में दहशत का माहौल है। हिन्दुओं का मानना है कि जस्टिन ट्रूडो के बयान से खालिस्तानी समर्थकों का हौसला बढ़ा है। एक हिन्दू संगठन के विजय जैन के अनुसार 'इस माहौल में हिन्दुओं के जीवन को खतरा है। वे कहते हैं कि ट्रूडो के रुख से खालिस्तानियों के हौसले बढ़ गये हैं। साफ है कि कनाडा में जो कुछ हो रहा है उससे अगर दोनों समुदायों के बीच तनाव और बढ़ता है तो इसका असर भारत पर भी पड़ेगा।' यह सच है कि भारत ने बड़ा नुकसान उठाकर और पीड़ा सहकर खालिस्तान आंदोलन से निजात पाई है। इसके कारण देश को अपनी एक प्रधानमंत्री को तक गंवाना पड़ा है। देश इस आंदोलन के नये आघात सह नहीं पायेगा। बहुत से छात्र-छात्राएं हैं जो कनाडा के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत हैं। अगर वहां का सामाजिक सौहार्द्र बिगड़ता है तो इसका बड़ा खामियाजा दोनों पक्षों को भुगतना पड़ सकता है। भारत सरकार को इस दिशा में तत्काल पहल करनी चाहिये क्योंकि हिन्दू हों या सिख, दोनों ही समुदायों में भारत के अपने लोग हैं।

माना जा रहा है कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई बड़े पैमाने पर कनाडा में खालिस्तानियों को आर्थिक मदद दे रही है और वह इस बात की कोशिश कर रही है कि खालिस्तान आंदोलन फिर से उभरे। उसके द्वारा की जा रही फंडिंग का उपयोग खालिस्तान के समर्थन में जुलूस निकालने, प्रदर्शन करने, पोस्टर, बैनर आदि के लिये किया जा सकता है जिससे वहां युवा सिख इससे प्रभावित हों। ऐसा होने पर खालिस्तानियों की हरकतें भारत में भी बढ़ सकती हैं। भारत सरकार को इस बात की जांच करनी चाहिये। इसके अलावा भारत और कनाडा के बीच सम्बन्धों को तत्काल सुधारने की ज़रूरत है। अगर यह आंदोलन कनाडाई सिखों के बीच उभरा तो उन देशों में भी फैल सकता है जहां खालिस्तान समर्थक सिख रहते हैं।

# इस बार के इवेंट में आधी आबादी केंद्र में

मूमल की मां रसोई में रोटी बेल रही थी कि मूमल के पिता ने तेज़ आवाज़ में कहा- 'अरे सुनो, महिला आरक्षण बिल पास होने वाला है। अब 33 फ़ीसदी महिलाएं लोकसभा और विधानसभा में आ जाएंगी। ये असली मास्टर स्ट्रोक है भई। अब कुछ नहीं हो सकता इस विपक्ष का।

सुनकर मूमल की मां के चेहरे पर मुस्कान खिल गई थी। 'यह तो कमाल हो गया... जो कोई न कर पाया वह इन्होंने कर दिखाया। इतने वर्षों में हम तो इसे भूल ही गए थे।' कहते-कहते मूमल की मां बेलन और मुस्कुराहट दोनों को लिए बैठक में आ गई थी।

'ज़्यादा खुश मत हो। यह इस बार नहीं होने वाला। अभी जनगणना होगी, फिर नई सिरे से संसदीय क्षेत्र बनेंगे, 2029 में होगा यह सब।' मूमल के पिता जिन्हें वे शर्माजी कहती थीं, उन्होंने अपनी गर्दन टेढ़ी करते हुए कुछ कहा। इतना सुनना था कि मूमल की मां की खिली मुस्कान एकदम से सिकुड़ गई। 'हे भगवान, फिर किसलिए इतना तामझाम! क्यों नहीं की अब तक जनगणना, क्यों नहीं इतने सालों में इस पर विचार किया? 2029 तो बहुत दूर है और कल को किसने देखा है।' वह निराश स्वर में बोली थी।

मूमल की मां जैसा हाल कई महिलाओं का है। उनकी ख़ुशी जैसे वक्त का ब्रेक साथ लेकर आई है। कुछ ने नाचने-गाने में भी देर नहीं की। यूं यह लोकप्रिय प्रधानमंत्री की लोकप्रिय शैली में शामिल है। कभी थाली बजवाना तो कभी सबको कतार में लगवा देना। उनकी छवि ऐसी भी है कि वे बस कर डालते हैं- तुरंत प्रभाव से। नोटबंदी, कोरोना में देशबन्दी, कश्मीर से धारा 370 की विदाई...। वे अधिक वक्त नहीं लेते। इस मामले में उन्होंने लम्बा वक्त लिया है। शायद चुनाव नज़दीक हैं इसलिए और 2024 में महिला वोट की अहमियत को समझते हुए भी। महिलाओं को लग रहा है कि इस बार कसौटी पर आधी आबादी की भावनाएं हैं और कहीं अब वे इवेंट की सियासत में इस्तेमाल न हो जाएं। सांसद वृंदा करात उस वक्त बेहद सक्रिय भूमिका में थीं जब यह बिल 2010 में राज्यसभा में पास हुआ था। वे लिखती हैं-'मुझे अफ़सोस है कि जिस बिल को लाने में तीन दशकों तक संघर्ष किया वह एक नाकाम सरकार का कवच बनकर सामने आया है। सरकार अब संसदीय कार्यवाही को भी 'धमाके' की तरह प्रस्तुत कर रही है। मुझे याद है कि तमाम विरोध के बावजूद उस रात बिल के पास होने के बाद सुषमा स्वराज जी और हम सबने गले मिलकर एक दूसरे को बधाई दी थी। बहरहाल आज भी यह एक बेहतरीन निर्णय ही है। इस मौके पर जहां उन सबको याद किया जाना चाहिए जिन्होंने इसके लिए लम्बी लड़ाई लड़ी और उन नेताओं को कभी माफ़ नहीं किया जाना चाहिए जिन्होंने अतीत में अड़ंगा डाला। विधेयक की प्रति छीनकर फाड़ दी गई और सक्रिय महिला सदस्यों को 'परकटी' कहा। प्रमिला दण्डवते को शरद यादव ने यही सम्बोधन दिया था।

बिल से देश की जनता वाकिफ़ है, इसकी ज़रूरत से भी और अगर सरकार गंभीर है तो यह जल्द मिलना चाहिए। बिल टालने की वैचारिकता और लाने की सियासत को सूट करने की हालत में बिलकुल नहीं फंसना चाहिए। नहीं होगा, क्योंकि इस बार आधी आबादी केंद्र में है और लंबा इंतज़ार भी उन्हीं के हिस्से में आया है।

नई संसद में दाखिल होने के ऐतिहासिक दिन राष्ट्रपति महोदया की अनुपस्थिति भी समझ से परे है। वे यहां सेंगोल की स्थापना के समय भी अनुपस्थित थीं। ऐसा क्यों है कि सत्तापक्ष सदैव श्रेय की होड़ में नज़र आता है? प्रधानमंत्री कहते हैं-'महिला आरक्षण बिल पर काफी चर्चा हुई, लेकिन यह सपना अधूरा था। ईश्वर ने ऐसे कामों के लिए मुझे चुना है।' फिर पहलवानों के यौन शोषण, मणिपुर में महिलाओं के ख़िलाफ़ यौन हिंसा, बिलकिस बानो के अपराधियों की समय से पहले रिहाई को किसने चुना है? यहां ईश्वर के चुने हुए प्रिय पात्र मौन क्यों रखते हैं? कठुआ, हाथरस में जब स्त्री की अस्मिता और वजूद तार-तार होते हैं तब भी मौन क्यों रहा जाना चाहिए। बहुत मायने रखता है कि आपका अपना ट्रैक रेकॉर्ड महिला को न्याय देने में बेहतर हो। बेशक़ महिला आरक्षण बिल का लाना अच्छी सोच है लेकिन महिला की सामाजिक हैसियत का भी मज़बूत होना ज़रूरी है कि वह खुद अपने लिए लड़ सके और गरिमा के साथ जी सके।

अब जब लोकसभा में महिला आरक्षण विधेयक पास हो गया है और लगभग सारे सांसद इसके समर्थन में हैं तो अगली की अगली (2029) लोकसभा में महिला सांसदों की संख्या 182 तो न्यूनतम होगी ही। परिसीमन के बाद यह बढ़ भी सकती है। हमारी संसद और विधानसभाओं में यह 15 प्रतिशत से ज़्यादा कभी नहीं रही। यहां तक कि पाकिस्तान (20 प्रतिशत), नेपाल (21) और बांग्लादेश (33) में भी महिला सांसदों की संख्या हमसे ज़्यादा है। दुनिया का औसत भी 26 फ़ीसदी है। भारत दुनिया में 141वें क्रम में है। यानी 140 देश महिलाओं को चुनने में हमसे आगे हैं। वर्तमान लोकसभा में सर्वाधिक महिला सांसद (82) हैं। सभी दलों ने बिल का स्वागत तो कर दिया है लेकिन ये खुद कभी अपने दलों में 33 फ़ीसदी टिकट महिलाओं को नहीं देते। केवल तृणमूल कांग्रेस और कांग्रेस ही थोड़े बेहतर हैं।

परिसीमन बड़ी चुनौती इसलिए साबित हो सकता है क्योंकि जनसंख्या के आधार पर सीटें पाने में उत्तर भारत हावी रहा है। दक्षिण में शिक्षा और परिवार नियोजन अपनाने के बाद आबादी पर नियंत्रण हुआ है, उत्तर भारत की आबादी बढ़ती जा रही है। 1971 की जनगणना के बाद आखिरी बार यह संख्या 543 हुई। ज़्यादा आबादी ज़्यादा सीटों के फ़ॉर्मूले पर दक्षिण को एतराज़ है। जनगणना की प्रक्रिया अगले दो सालों में पूरी हो पाती है और उसके बाद परिसीमन की, तब ही 2029 की लोकसभा बढ़ी हुई महिला सदस्यों को देख पाएगी। भारतीय जनता पार्टी का यह मास्टर स्ट्रोक इसीलिए भी कहा जाना चाहिए क्योंकि उसने महिला मतदाता को खुद से न केवल 24 बल्कि 29 के आम चुनावों तक से जोड़ लिया है। यह सच है कि 19 वीं लोकसभा के लिए पुरुषों की तुलना में महिलाओं ने ज़्यादा मतदान किया और भाजपा अपनी सफलता में इसे भी एक बड़ा कारण मानती है। लगभग तीन दशक से अधर में झूल रहे इस बिल को आधार देने के प्रयास पर जनता की पैनी नज़र होगी। स्त्री शक्ति ने ऐसा सकारात्मक माहौल तो बनाया है कि अंदर से विरोध करती रही पार्टियों को भी आज समर्थन की मुद्रा में आना पड़ा है।

लगभग तीन दशकों से देश पंचायत और शहरी निकायों में ऐतिहासिक 33 फ़ीसदी महिला आरक्षण का भी साक्षी रहा है। इन बातों में कोई दम नहीं है कि सरपंच पति या मुखिया पति बनकर महिलाओं के पति ही कामकाज चलाते हैं। जैसा पुरुष प्रधान हमारा समाज है वहां इस दौर से भी गुज़रना होगा। महिला किस तरह बेड़ियों को तोड़कर अपनी संवैधानिक ताकत को पहचानती है, उसके लिए नीना गुप्ता और रघुवीर यादव की वेब सीरीज पंचायत देखी जानी चाहिए। हल्ला 'कोटे में कोटा' का भी है। महिलाओं में भी पिछड़ी महिलाओं के आरक्षण की बात दलों के मुखिया कर रहे हैं। ओबीसी कोटा को शामिल करने का आग्रह है जबकि पुराने बिल में ऐसा नहीं था। देखना होगा कि ये दल किस तरह सहमति बनाते हैं। यूं जिस शक्ति के साथ भारतीय जनता पार्टी अभी संसद में मौजूद है, इस बार सब कुछ कर सकती थी। महिला मतदाता अब बड़ी भूमिका में होंगी। मूमल की मां भी और नए दौर में उसे यह एहसास भी है कि लोकतंत्र की जननी कहे जाने वाले भारत की संसद में उसकी बेटियां अब ज़्यादा से ज़्यादा शिरकत करेंगी। दोहराना ज़रूरी है कि उन्हें चौकन्ना रहना होगा कि नीयत और इवेंट मैनेजमेंट के बारीक फर्क को भी समझ सकें। चुनावी वैतरणी पार करने के लिए उनकी भावनाओं का इस्तेमाल न हो सके। चुनकर वे ही महिलाएं आएं जो स्त्रियों की आवाज़ को लोकतंत्र के सर्वोच्च शिखर पर बुलंद कर सकें, दल की परछाई बनकर नहीं। नई संसद में सोनिया गांधी ने बहुत ठीक ही आग्रह किया- 'स्त्री के त्याग, स्त्री की गरिमा और स्त्री के धैर्य को पहचान कर ही हम लोग मनुष्यता की परीक्षा में पास हो सकते हैं।' नारी शक्ति वंदन अधिनियम नेताओं की असल परीक्षा होगी और रिपोर्ट कार्ड में स्त्रियां अंक भरेंगी।

(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं)



वर्षा भम्भाणी मिर्ज़ा

**लगभग तीन दशकों से देश पंचायत और शहरी निकायों में ऐतिहासिक 33 फ़ीसदी महिला आरक्षण का भी साक्षी रहा है। इन बातों में कोई दम नहीं है कि सरपंच पति या मुखिया पति बनकर महिलाओं के पति ही कामकाज चलाते हैं। जैसा पुरुष प्रधान हमारा समाज है वहां इस दौर से भी गुज़रना होगा। महिला किस तरह बेड़ियों को तोड़कर अपनी संवैधानिक ताकत को पहचानती है।**

# खालिस्तान मुद्दे का विदेश नीति पर प्रभाव

■ गिरीश लिंगन्ना

1947 में भारत को ब्रिटेन से आज़ादी मिलने के बाद, कुछ लोगों ने नहीं सोचा था कि इतने सारे अलग-अलग क्षेत्रों वाला देश एक साथ रह सकता है। भारत एकजुट रहने में कामयाब रहा है, लेकिन इसकी एकता के लिए चुनौतियां भी बनी रही हैं। एक महत्वपूर्ण चुनौती खालिस्तान आंदोलन है, जो सिखों के लिए एक अलग देश बनाना चाहता है। 18 सितंबर को केनेडा के प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो ने दावा किया कि खालिस्तान की आजादी का समर्थन करने वाले कनाडाई सिख नेता की गत जून में की गई हत्या के लिए भारत सरकार के एजेंट जिम्मेदार थे। भारत सरकार किसी भी संलिप्तता से इनकार करता है और केनेडा पर 'आतंकवादियों और अलगाववादियों' को पनाह देने का आरोप लगाता है। कितना गंभीर है खालिस्तान आंदोलन?

खालिस्तान आंदोलन की जड़ें सिख धर्म में हैं, भारत में जिसके मानने अनुयायियों की संख्या लगभग 230 लाख और दुनिया भर में 30 लाख अतिरिक्त है। सिख धर्म की शुरुआत 15वीं शताब्दी में पंजाब में हुई, जो उत्तरी भारत का एक क्षेत्र था जिस पर उस समय मुगलों का नियंत्रण था। 1699 में, सिख धर्म के नेता, गुरु गोविंद सिंह ने धर्म में महत्वपूर्ण परिवर्तन किये। उन्होंने ऐसा इसलिए किया क्योंकि वह मुस्लिम शासन के अधीन रहने से नाखुश थे और उन्होंने सिख पुजारियों के बीच भ्रष्टाचार देखा था। उनके सुधार, जिन्हें 'खालसा' परंपरा के रूप में जाना जाता है, ने सिख धर्म के तौर-तरीकों को बदला तथा उन्हें अनुयायियों को नये ढंग से संगठित किया। इसका एक राजनीतिक उद्देश्य भी था: पंजाब में सिख शासन स्थापित करना।

जब भारत को आज़ादी मिली, तो कुछ सिख अपना अलग देश बनाना चाहते थे, लेकिन उनकी संख्या ज़्यादा नहीं थी। 1941 की जनगणना के अनुसार ब्रिटिश काल के भारतीय पंजाब प्रांत में सिक्खों की संख्या लगभग 15 प्रतिशत थी। अंग्रेज़ों ने पंजाब को दो भागों में बांट दिया, कुछ हिस्सा भारत को और कुछ पाकिस्तान को दे दिया। पाकिस्तान की ओर रहने वाले अधिकांश सिखों ने भारत आने का फैसला किया।

इसके खालिस्तान बनाने का विचार दूर नहीं हुआ। यह 1970 के दशक के अंत और 1980 के दशक की शुरुआत में ब्रिटेन और केनेडा जैसे देशों में सिख समुदायों द्वारा संचालित होकर वापस आया। 1980 में, लंदन में जगजीत सिंह चौहान नाम के एक डॉक्टर ने 'खालिस्तान गणराज्य' का अध्यक्ष होने का दावा किया।

भारत सरकार पहले खालिस्तान को लेकर ज्यादा चिंतित नहीं थी क्योंकि वे भारत के एक राज्य पंजाब की राजनीति को लेकर ज्यादा चिंतित थे। 1970 के दशक में, पंजाब में लोग अधिक स्व-शासन और सिखों के पक्ष में नीतियों की मांग कर रहे थे। उस समय भारत में सत्तारूढ़ दल, कांग्रेस ने सोचा कि ये अनुरोध भारत से अलग होने की दिशा में एक कदम था। 1980 के दशक में पंजाब में स्वशासन की यह मांग हिंसात्मक आंदोलन में बदल गई।

कुछ हिंसा इसलिए हुई क्योंकि अधिक से अधिक लोग जरनैल सिंह भिंडरावाले का अनुसरण कर रहे थे, जो एक चरमपंथी विचार वाले उपदेशक थे। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र भारत में सिख 'गुलाम' की तरह थे और वे चाहते थे कि वे अपने धर्म की मूल मान्यताओं पर वापस लौटें। भिंडरावाले ने खुले तौर पर खालिस्तान की आजादी की मांग नहीं की, लेकिन उन्होंने कहा कि अगर इसकी पेशकश की गई तो वह इनकार नहीं करेंगे। उनके शब्दों ने लोगों के विभिन्न समूहों के बीच हिंसा को और भी बदतर बना दिया।

सबसे महत्वपूर्ण क्षण 1984 में हुआ। उस समय, भिंडरावाले और उसके अनुयायियों ने पंजाब के अमृतसर शहर में स्थित सिख धर्म के सबसे पवित्र स्थान स्वर्ण मंदिर पर कब्जा कर लिया था। वे वहां से अपने विद्रोह का नेतृत्व करने की कोशिश कर रहे थे। जैसे ही राज्य में हिंसा फैली, भारत सरकार ने आतंकवादियों को हटाने के लिए मंदिर में जाने का निर्णय किया।

ऑपरेशन ब्लू स्टार का खालिस्तान आंदोलन पर काफी प्रभाव पड़ा। अनुमान है कि इस ऑपरेशन के दौरान 3,500 से अधिक लोगों की जानें चली गईं, जिनमें कई सरकारी सैनिक, तीर्थयात्री और यहां तक कि खुद भिंडरावाले भी शामिल थे। इस हिंसा ने सिख समुदाय पर गहरा असर डाला और एक स्थायी भावनात्मक घाव पैदा कर दिया। कुछ ही समय बाद, प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी, जिन्होंने ऑपरेशन का आदेश दिया था, की उनके सिख अंगरक्षक द्वारा हत्या कर दी गई। इस घटना के कारण और भी अधिक हिंसा हुई, पूरे भारत में सिखों पर हमले हुए, जिसके परिणामस्वरूप हजारों लोग मारे गये।

परिणामस्वरूप, खालिस्तान आंदोलन को बल मिला। भारत और अन्य देशों में सिख इस मुद्दे में शामिल हो गये और खालिस्तानी आतंकवादियों द्वारा हिंसा बढ़ गई। 1985 में खालिस्तानी आतंकियों ने मॉन्ट्रियल से लंदन जा रहे एयर इंडिया के विमान में बम रख दिया था। इस भयावह कृत्य के परिणामस्वरूप 329 लोगों की जानें चली गई, जिनमें मुख्य रूप से कनाडाई थे।

समय के साथ भारत में खालिस्तान आंदोलन कमजोर पड़ गया। यह कुछ हद तक सरकारी कार्रवाइयों और अर्थव्यवस्था में सुधार के कारण था। जबकि कुछ सिख अभी भी भिंडरावाले को एक शहीद के रूप में देखते हैं, बहुत कम लोग उसके रास्ते पर चलने का प्रयास करते हैं, और जो ऐसा करते हैं उन्हें तुरंत रोक दिया जाता है। खालिस्तानी स्वतंत्रता का समर्थन करने वाली एकमात्र राजनीतिक पार्टी को हालिया राज्य चुनाव में 3 प्रतिशत से कम वोट मिले।

भारत के बाहर खालिस्तान आंदोलन सक्रिय रहता है। संयुक्त राज्य अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन और केनेडा में ऐसे समूह हैं जो अभी भी अलगाववाद की वकालत करते हैं। निज्जर की हत्या और ट्रूडो के भारत पर आरोप लगने से पहले से ही केनेडा के साथ भारत के संबंध तनावपूर्ण थे। इसी तरह का तनाव दूसरे देशों के साथ भी पैदा हो सकता है। खालिस्तान का मुद्दा भारत की आंतरिक एकता के लिए फिलहाल खतरा नहीं हो सकता है, परन्तु इसका उसकी विदेश नीति पर प्रभाव पड़ना जारी है।

**खालिस्तान आंदोलन की जड़ें सिख धर्म में हैं, भारत में जिसके मानने अनुयायियों की संख्या लगभग 230 लाख और दुनिया भर में 30 लाख अतिरिक्त है। सिख धर्म की शुरुआत 15वीं शताब्दी में पंजाब में हुई, जो उत्तरी भारत का एक क्षेत्र था जिस पर उस समय मुगलों का नियंत्रण था। 1699 में, सिख धर्म के नेता, गुरु गोविंद सिंह ने धर्म में महत्वपूर्ण परिवर्तन किये। उन्होंने ऐसा इसलिए किया क्योंकि वह मुस्लिम शासन के अधीन रहने से नाखुश थे और उन्होंने सिख पुजारियों के बीच भ्रष्टाचार देखा था।**

## पावन प्रसंग

### समूचे विश्व में पूजा होती है गणेश की

किसी भी शुभ कार्य से पूर्व गणपति का पूजन भारतीय परम्परा की विशिष्टता है। गणपति को विघ्नेश, एकदन्त, गणपति, गजानन, गणनायक गणाधिपति गणाध्यक्ष तथा लम्बोदर इत्यादि अनेकानेक नामों से पूजा जाता है। गणेश जी का स्वरूप गणपति का आदर्श माना जाता है. यही वजह है कि लोक चेतना में उनका यह स्वरूप इतना समाया हुआ है कि प्रत्येक मांगलिक कार्य तथा विधि विधान उन्हीं के पावन स्मरण, आह्वान तथा पूजा-अर्चना से शुरू होता है। ऋद्धि-सिद्धि के देव गणेशजी न केवल भारत में, अपितु तिब्बत, चीन, बर्मा, जापान जावा तथा बाली इत्यादि तमाम देशों में भी विभिन्न रूपों में पूजे जाते हैं। यही नहीं, इन देशों में गणेशजी की प्रतिमाएं भी चप्पे-चप्पे पर देखने को मिल जायेगी।

सफलता समृद्धि की सहचरी है. इसलिए बिना किसी व्यवधान के कार्य संपन्न कराने हेतु स्वयमेव सफलता प्राप्ति की दृष्टि से ही गणेश लाभ व लक्ष्य के स्वामी होकर सर्व पूजनीय हो गए। भारतीय पुराणों में गणेश जी की अनेकों कथाएं समाहित है बल्कि 'गणेश पुराण' की महिमा सीमाओं की संकीर्णता से परे है, इसलिए पश्चिमी देशों की प्राचीन संस्कृतियों में भी गणेश की अवधारणा विद्यमान है।

पश्चिम में रोमन देवता 'जेनस' को गणपति के समकक्ष माना गया है। ऐसा माना जाता है कि जब भी इतालवी व रोमन पूजा अर्चना करते थे तो वे अपने इष्ट जेनस का नाम लेते थे। 18 वीं शताब्दी के संस्कृत के प्रकाण्ड विद्वान विलियम जोन्स ने जेनस व गणपति की पारस्परिक तुलना करते हुए माना है कि गणेश में जो विशेषताएं पाई गयी हैं वे सभी जेनस में भी है। यहां की रोगन व संस्कृत शब्दों के उच्चारण में भी इतनी समानता है कि दोनों देवों में अन्तर नहीं किया जा सकता।

भारत से बाहर विदेशों में बसने वाले भारतीयों ने भारतीय संस्कृति की जड़ों को काफी गहराई तक फैलाने का प्रयास किया और इन पर भारतीय देवताओं की पूजा उपासना का स्पष्ट प्रभाव था जो आज भी है। विदेशों में प्रकाशित पुस्तक गणेश-ए-मोनोग्राफ आफ द एलीफेन्ट फेल्ड गॉड में जो तथ्य उजागर किये गये हैं, उससे इस बात का स्पष्ट प्रमाण मिलता है कि विश्व के कई देशों में गणेश प्रतिमाएं बहुत पहले से पहुंच चुकी है और विदेशियों में भी गणेश के प्रति श्रद्धा और अटूट विश्वास रहा है। विदेशों में पाई जाने वाली गणेशजी की प्रतिमाओं में इनके विभिन्न स्वरूप अलग-अलग देखे गये हैं। जावा में गणेश की मूर्तियों में वे पालथी मार कर बैठे दिखाये गये हैं, उनके दोनों पैर जमीन पर टिके हुए हैं व उनके तलुए आपस में मिले हुए हैं। हमारे देश में गणेश जी की मूर्तियों में उनकी सूंड प्राय: बीच में दाहिनी या बांई और और मुड़ी हुई है किन्तु विदेशों में वह पूर्णतया सीधी, सिरे से मुड़ी हुई है।

जापान में गणेश को 'कातिगेन' नाम से पुकारा जाता है। यहां पर बनी गणेशजी की मूर्तियों में दो या चार हाथ दिखाये गये हैं। सन् 804 में जब जापान का कोबोदाइशि धर्म की खोज करने हेतु चीन गया तो उसे वहां बजबोधि और अमोधवज नामक भारतीय आचार्य विद्वानों द्वारा मूल ग्रन्थों का चीनी अनुवाद करने का मौका मिला तो चीन की मंत्र विद्या प्रणाली में गणेश जी की महिमा को भी वर्णित किया गया। सन् 720 में चीन की राजधानी लो याग अमोध्वज पहुंचा, जो भारतीय मूल का ब्राह्मण था, जिसे चीन के कुआग-फूं मंदिर में पुजारी के रूप में नियुक्त किया गया था। बाद में अमोध्वज से एक चीनी धर्म परायण व्यक्ति हुई कुओ ने पहले दीक्षा ली, फिर उसने कोषोदाइशि को दीक्षा दी, जिसने वहां के विभिन्न मठों से संस्कृत की पांडुलिपियां एकत्र कीं व सन् 806 में जब व जापान लौटा तो बज धातु के महत्वपूर्ण सूत्रों के साथ गणेश जी के चित्र भी साथ ले गया, जिसे सुख-समृद्धि पर परब्रह्म की जानमयी शक्ति के रूप में माना गया। जापान के कोयसान सन्तसुजी विहार में गणेश की चार चित्रावलियां रखी गयी है जिनमें युग्म गणेश, षड्भुज गणेश चतुर्भुज गणेश तथा सुवर्ण गणेश हैं।

**चेतन चौहान (सुमन सागर से)**

## आपके पत्र

### महिला आरक्षण -दूर के ढोल सुहावने

ये तो मानना ही पड़ेगा कि साहिब जी ने लुकाछिपी के बीच एक बड़ा खेला किया है। देश की सबसे कमज़ोर नस जिसका बड़ा हिस्सा धार्मिक पाखंड में, आज़ादी के 75 साल पूरे होने के बाद भी डूबा हुआ उसे एक ऐसा दिवास्वप्न दिखा दिया है। जिससे लगता है वे भोली-भाली महिलाएं चपेट में आ जाएंगी। ये एक ऐसा हथियार है जो नगर निकायों से लेकर पंचायतों में पहले से मिल चुका है और अब महिलाएं इसे कम ही सही इस्तेमाल कर रही हैं।

लगता है, पांच दिन का विशेष सत्र महिला आरक्षण के नाम ही रहेगा। जिस तरह का प्रारुप सामने आया है ऐसा तो कांग्रेस राज्यसभा में पहले पारित कर चुकी थी जिसमें एससी और एसटी को आरक्षण के अंदर आरक्षण की बात थी। बात तो तब भी पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्ग के आरक्षण पर अटकी थी आज भी यही सवाल फिर उठ खड़ा हुआ था। यह कांग्रेस का ही महिला आरक्षण बिल है वह इस पर भी आसानी से मुहर लगा देती किंतु यह इंडिया गठबंधन में दरार पैदा कर देता इसलिए आज कांग्रेस भी पिछड़े वर्ग के महिला आरक्षण हेतु प्रतिबद्ध है। कहने का आशय यह कि जैसा कि साहिब जी ने कहा कि प्रभु की इच्छा से ही यह नेक काम मेरे हाथों होना था। हो सकता है बहुमत के कारण यह बिल दोनों सदन में पास भी हो जाए किंतु अमलीजामा 128वां संशोधन विधेयक तभी पहन पाएगा जब देश की जनगणना होगी। 1973 के बात नया परिसीमन होगा। तब तक बहुत कुछ आया राम गया राम हो चुका होगा। उम्मीद की जा रही है कि यह सन् 2029 के आमचुनाव तक ही यह कानून का स्वरूप धारण कर पाएगा। वह श्रेय किसे मिलेगा यह आगत वक्त ही बताएगा।


मतलब यह है कि नारी शक्ति वंदन विधेयक की दूर के ढोल सुहावने जैसी स्थिति बन रही है। यह दूर की कौड़ी लगभग वैसी ही है जैसे पंद्रह लाख खाते में आना,दो करोड़ युवाओं को रोजगार देना या भ्रष्टाचार रोकने लोकपाल बनाना-वगैरह थीं। देश की आधी आबादी को लुभाने का यह तरीका उनके अनुसार फायदेमंद और ऐतिहासिक होगा। लेकिन ऐसा लगता नहीं है कि यह उनको सफलता दिलाएगा क्योंकि यह मन मानकर जल्दबाजी में इसलिए किया जा रहा है ताकि अंदर से संघ और कट्टर भाजपाई मुखर ना हो पाएं। वे पहले से महिला विरोधी हैं। साहिब महिलाओं की पीड़ा भुनाना चाहते हैं। महिलाओं को सोचना चाहिए कि महिलाओं को घर बैठकर रहने की बात कहने वाले लोग जिस तेजी से आज बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और उन्हें विशेष सुविधाओं की बात कर रहे हैं और क्यों? अचानक महिला आरक्षण नारी वंदन कैसे सामने और क्यों सामने आ गया? याद करिए विदेश में देश की शान बढ़ाने वाली महिला पहलवानों के साथ भाजपा सांसद की करतूतों पर इन्होंने कैसा मौन साधा। वे न्याय पाने चीखती-चिल्लाती रहीं, यहां तक कि इन पहलवान लड़कियों को अश्रु भी बहाने पड़े। मणिपुर में डबल इंजन सरकार का महिलाओं के प्रति क्या व्यवहार रहा सबने देखा है। मध्यप्रदेश में महिला संविदा शिक्षकों को इतना प्रताड़ित किया गया कि उन्होंने अपने मुंडन भी कराए। देश की बहू सोनिया गांधी और बेटी उमा भारती की स्थिति इनकी नज़र में क्या है? ये हम देख ही रहे हैं। सुषमा स्वराज जैसी मेधावी नेत्री जो प्रधानमंत्री बनने की हैसियत रखती थीं उनका हश्र भी सबने देखा। आज सदन में भाजपा की जो नेत्रियां हैं वे इतनी कमज़ोर बना दी गई हैं कि सरकार के गलत निर्णयों पर या महिला अत्याचार पर भी अपनी जुबां खोल नहीं पाती हैं। चुनावी दौर में उनका सम्मान और महिला आरक्षण बिल को नारी वंदन नाम दे देने से उनकी भलाई नहीं होगी।

**सुसंस्कृति परिहार**

# प्रदेश में पहली बार 350 किमी लंबा ग्रीन कॉरिडोर : जबलपुर से भोपाल भेजा गया लिवर







## पहले हेलिकॉप्टर से लाने की थी प्लानिंग, रिटर्न उड़ान नहीं भर सका हेलीकाप्टर

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश के इतिहास में पहली बार सबसे लंबा करीब 350 किलोमीटर का ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया है। जबलपुर से सड़क मार्ग के माध्यम से एक ब्रेनडेड मरीज का लिवर भोपाल लाया जा रहा है। डॉक्टरों की टीम गुरुवार रात करीब 10.31 बजे लिवर लेकर भोपाल के लिए रवाना हो गई। जो देर रात तक यहां पहुंच गई।

इससे पहले हेलिकॉप्टर के जरिए लिवर लाने का प्लान था। डॉक्टरों की टीम ने सीएम शिवराज सिंह चौहान के हेलिकॉप्टर से भोपाल से जबलपुर के लिए उड़ान भरी। लेकिन रात होने की वजह से हेलिकॉप्टर ने रिटर्न उड़ान नहीं भरी। जिसके बाद सड़क मार्ग से लिवर लाने का फैसला लिया गया। लिवर जबलपुर के मेट्रो हॉस्पिटल से भोपाल के बंसल हॉस्पिटल लाया जा रहा है।

बंसल हॉस्पिटल के मैनेजर लोकेश झा ने बताया कि डॉक्टर्स को जबलपुर से आर्गन लाने के लिए सीएम शिवराज सिंह चौहान ने हेलिकॉप्टर मुहैया कराया था। लेकिन जब हेलीकाप्टर के माध्यम से लिवर लाना संभव नहीं हुआ तो जबलपुर से सीधे भोपाल सड़क मार्ग से इसे लाने की व्यवस्था आनन-फानन में की गई। करीब 350 किलोमीटर का ग्रीन कॉरिडोर शासन-प्रशासन ने बनाकर विशेष एम्बूलेंस वाहन मे डॉक्टरों की टीम लेकर रवाना हुई।

ऑर्गन डोनेशन के लिए काम करने वाली किरण फाउंडेशन के सचिव डॉ. राकेश भार्गव ने बताया कि गुरुवार-शुक्रवार की दरम्यानी रात प्रदेश में पहली बार सबसे लंबा 350 किलोमीटर लंबा ग्रीन कॉरीडोर जबलपुर से भोपाल के बीच बनाया गया जो जबलपुर, नरसिंहपुर, रायसेन और भोपाल के बीच बना।

इससे पहले इसी साल 10 मई को भोपाल से इंदौर के बीच 205 किलोमीटर लंबा ग्रीन कॉरिडोर बना था। तब भोपाल के बंसल हॉस्पिटल में ब्रेन हेमरेज के बाद भर्ती हुई पुष्पलता जैन की एक किडनी इंदौर के निजी अस्पताल में भर्ती मरीज को ट्रांसप्लांट करने भेजी गई थी।

डॉ. राकेश भार्गव ने बताया कि 24 जुलाई 2017 को भी जबलपुर से एक ब्रेन डेड पेशेंट का ऑर्गन भोपाल लगाया गया था। तब यह फ्लाइट से लाया गया था। लेकिन, सड़क मार्ग से पहली बार जबलपुर से कोई आर्गन भोपाल लाया जा रहा है।

64 वर्षीय मरीज को किया था ब्रेनडेड घोषित- बंसल हॉस्पिटल के मैनेजर लोकेश झा ने बताया कि जबलपुर के मेट्रो हॉस्पिटल में 64 वर्षीय मरीज को 20 सितंबर को ब्रेनडेड घोषित किया गया था। उनके परिजनों ने ऑर्गन डोनेट करने की इच्छा जताई थी। जिसके बाद एक से डेढ़ घंटे में सर्जरी कर लिवर निकाला गया। जो भोपाल के बंसल हॉस्पिटल में भर्ती एक मरीज को ट्रांसप्लांट किया जाएगा। यह सर्जरी 5 से 10 घंटे तक चल सकती है। बंसल हॉस्पिटल के डॉ. गुरुसागर सिंह सहोटा ( लिवर ट्रांसप्लांट सर्जन) पूरे ऑपरेशन को लीड कर रहे हैं। परिजनों ने जताई थी आर्गन डोनेट करने की इच्छा थी। इधर **मेट्रो हॉस्पिटल** के संचालक डॉ. सौरभ बड़ेरिया ने बताया कि 19 सितंबर को एक 64 वर्षीय मरीज भर्ती हुआ था। उसे ब्रेन ट्यूमर था। अस्पताल में दिए गए इलाज के बाद भी उसकी सेहत में सुधार नहीं हुआ। 20 सितंबर की सुबह मरीज ब्रेन डेड हो गया था। उसके परिजनों ने आर्गन डोनेट करने की इच्छा जताई थी। इस पर डॉक्टर्स की टीम ने तय प्रोटोकॉल के तहत नेशनल आर्गन एंड टिशु ट्रांसप्लांट आर्गेनाइजेशन को आर्गन डोनेशन की सूचना दी थी। अप्रूवल मिलने के बाद लिवर को भोपाल भेजने लेने का फैसला किया गया। बड़ेरिया मेट्रोप्राइम हॉस्पिटल के डाक्टर सुनील गुलाटी, डा. विशाल वडेरा, डा. हर्ष सक्सेना,ख डा. शैलेंद्र राजपूतख डा. राजेश पटेल, और सुनील जैन सर की भूमिका लीवर आपरेशन, या ट्रांसप्लांट में सराहनीय भूमिका रही।

पीयूष सराफ ने बताया कि उनके मामा राजीव सराफ को इसी साल 27 मार्च में ब्रेन ट्यूमर डिटेक्ट हुआ था। नागपुर के हॉस्पिटल में 29 मार्च को सर्जरी हुई थी। इसके बाद वह रिकवर हो गए थे। 19 सितंबर को उन्हें ब्रेन स्ट्रोक हुआ। इसके बाद इलाज के लिए मेट्रो हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। लेकिन, वह रिकवर नहीं हुए। बल्कि ब्रेन डेड हो गए। इसके चलते परिजनों ने मामाजी के आर्गन डोनेट करने का फैसला किया। ताकि उनके आर्गन से दूसरे व्यक्ति को जिंदगी मिल सके। राजीव सराफ मूल रूप से बैतूल के रहने वाले थे।



## मंदाकिनी रामकिंशर एवं अभिनेता आशुतोष राणा का आगमन

**जबलपुर, देशबन्धु।** कथा व्यास दीदी माँ मंदाकिनी रामकिंकर एवं प्रख्यात विचारक, आध्यात्मिक चिंतक फिल्म अभिनेता आशुतोष राना का जबलपुर आगमन पर पूर्व केबिनेट मंत्री विधायक लखन घनघोरिया नें उनके आगमन पर समर्थकों के साथ दोनों अतिथियों का भव्य स्वागत किया। कथा व्यास दीदी माँ मंदाकिनी रामकिंकर का कार्यक्रम 22 से 26 सितम्बर तक धार्मिक प्रवचन का आयोजन पूर्व पार्षद स्व. शिवलाल घनघोरिया की पुण्य तिथि में संत रविदास सामुदायिक भवन बाई का बगीचा घमापुर जबलपुर में आयोजित हैं विधायक लखन घनघोरिया, राजेश मिश्रा, राम गुरू, मुरलीधर राव, राजेश केशरवानी, यश घनघोरिया, मुन्नू पंडा, कल्लन गुप्ता, दीना जैन आदि ने सभी से समय पर उपस्थित होने की अपील की।

## हरितालिका तीज पर देवी जागरण एवं भजन संध्या संपन्न



**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश प्रगतिशील ब्राह्मण महासभा एवं जय रेवाखंड संगठन द्वारा हरितालिका तीज एवं गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर विराट देवी जागरण एवं विशाल भंडारे का आयोजन दमोहनाका में किया गया, जिसमें निर्जला व्रत रखी हुई महिलाओं के लिए भंडारे का आयोजन प्रातः काल किया गया। रात्रि 8 बजे से शुरू हुआ यह कार्यक्रम पूरी रात जागरण के रूप में चला और प्रातः काल 4 बजे से भंडारे की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में आयोजन समिति के अशीष त्रिवेदी, ब्रजेश बबेले, आलोक ओंकार तिवारी, असीम त्रिवेदी, शुभम मिश्रा, अपूर्व त्रिवेदी, प्रशांत अवस्थी, हर्षुल त्रिवेदी, आस्तिक तिवारी, रत्नेश मिश्रा, आयुष तिवारी, हर्षित तिवारी, अभय उपाध्याय, वैभव मिश्रा, प्रवीण तिवारी, वैभव पाठक, अभिजीत परिहार, वीरु यादव, आयुष नेमा, दीपेश गुप्ता समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## वसुंधरा को हरी चादर फैलाए आओ हम सब मिलकर जन्मदिवस पर पौधे लगाएं - कुलपति

**जबलपुर, देशबन्धु।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के उद्यानिकी विभाग के अंतर्गत संचालित ऑल इंडिया को-ऑर्डिनेटर रिसर्च प्रोजेक्ट ऑन एरीड जोन फ्रूट्स प्रोजेक्ट के तहत कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा द्वारा गुरूवार को अधिष्ठाता उद्यानिकी संकाय डॉ. एस. के. पांडे के जन्म दिवस के शुभ अवसर पर 60 से अधिक सीताफल के वृक्षो का रोपण किया गया। इस दौरान कस्टर्ड एप्पल के 13 जर्म प्लाज्म का वृक्षारोपण कार्य सफलतापूर्वक विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित उद्यानिकी विभाग के महाराजपुर फार्म में आयोजित किया गया। कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा ने कहा कि प्रकृति के अनुकूल वर्षा ऋतु वृक्षारोपण हेतु सर्वोत्तम समय होता है, यदि हम वसुंधरा में हरी चादर फैलाने हेतु वृक्षारोपण करें एवं विश्वविद्यालय के अधिकारी, वैज्ञानिक व समस्त छात्र-छात्रायें के जन्म दिवस पर वृक्षारोपण की मुहिम चलाये तो यह धरती एवं प्रकृति फिर से निखर जायेगी। परियोजना प्रभारी डॉ. यू.एस. चंदेरिया ने जानकारी देते हुये बताया कि मध्यप्रदेश के सिवनी, छतरपुर, जबलपुर एवं सिहोर जिलों से सीताफल की 13 जर्म प्लाज्म को एकत्रित कर गुणवत्तापूर्ण चयनित जर्मप्लाज्म का ऑल इंडिया को-ऑर्डिनेटर रिसर्च प्रोजेक्ट ऑन एरीड जोन फरूट्स प्रोजेक्ट के अंतर्गत 60 से अधिक सीताफल का रोपण किया गया।



इस दौरान विश्वविद्यालय के संचालक प्रक्षेत्र डॉ. आर.एस. शुक्ला, अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय जबलपुर डॉ. पी. बी. शर्मा, प्रभारी संचालक अनुसंधान सेवायें डॉ. जेपी लखानी, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित शर्मा, उप कुलसचिव डॉ. टी. आर. शर्मा, उप कुलसचिव डॉ. आर.के. समैया, सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डॉ. शेखर सिंह बघेल, डॉ. आशुतोश श्रीवास्तव, डॉ. के. के. अग्रवाल, डॉ. अखिलेश तिवारी, डॉ. सी. एस. पांडे, डॉ. यू.एस. चंदेरिया, डॉ. रीना नायर, डॉ. रजनी शर्मा एवं अधिकारी, वैज्ञानिक एवं छात्र-छात्राओं की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही ।

## लोको पायलट, गार्ड, टीटीई , मेन्टेनेंस स्टाफ एवं ओबीएचएस स्टाफ हैं वन्दे भारत ट्रेन के हीरो

**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेल में रेलगाड़ियों का संरक्षित एवं सुगम संचालन के लिए ट्रेनों का अनुरक्षण यानी रखरखाव पहली प्राथमिकता हैं। वंदेभारत में यात्रा करने वाले यात्रियों के सहयोगी टीटीई, ट्रेन की पंक्चुअलिटी का ध्यान रखने वाले लोको पायलट, गार्ड और ट्रेन को साफ-सुथरा रखने वाले ओबीएचएस स्टाफ के अलावा ट्रेन के रैक को पिट लाईन पर मेन्टेनेंस कार्य में जुटा स्टाफ ये सभी वंदेभारत ट्रेन के सुचारु संचालन में बड़ी भूमिका निभाते हैं और ये रेलकर्मी वंदेभारत के असली हीरो हैं।



पमरे के ट्रेन सेट डिपो जबलपुर एवं भोपाल में वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेनों के 03 रैकों का रखरखाव किया जा रहा है। जिसके चलते ये वंदेभारत एक्सप्रेस तीनों मार्गो पर सेवाएं प्रदान कर रहा है। वंदेभारत एक्सप्रेस समयबद्धता के बेहतरीन रिकॉर्ड के साथ रेलयात्रियों को सुविधा और आराम दोनों मामलों में बेजोड़ सेवाएं प्रदान कर रही है।

अनुरक्षण केंद्रों पर रेल कर्मियों द्वारा न केवल सुरक्षा संबंधी पहलुओं पर ध्यान दिया जाता है यात्रियों को आरामदायक और आनंदप्रद यात्री सेवा देना जारी रखने के लिए यात्री सुविधाओं को और बेहतर बनाना शामिल होता है। डिपों में अनुरक्षण के लिए शेड्यूल तय किये गए है जहां इनकी ओवरहालिंग की जाती है इसके अंतर्गत ट्रैक्शन, प्रोपल्शन सिस्टम, ईपी ब्रेक सिस्टम, व्हीलसेट की रीडीस्किंग बाहरी प्लग दरवाजे, आंतरिक आईसी दरवाजे आदि निर्धारित समयसीमा में ओवरहालिंग की जाती है और रैक बेहतर यात्री सुविधाओं के अनुरूप तैयार किया जाता है। वंदेभारत के शेड्यूल से पहले निर्धारित समय में अनुक्षरण पूरा करने पर डिपों के इन रेल कर्मियों को रेलवे के लिए सही मायने में असली हीरोस कहा जा सकता है।

इसी तरह वंदेभारत ट्रेन में कार्यरत टीटीई अपने नंबर, बैज, नेम प्लेट आदि के साथ साफ़ सुथरी वर्दी में रहते है। यात्रियों को मार्गदर्शन के साथ-साथ कोच में अवैध/अनधिकृत प्रवेश को रोकते हैं। यात्रियों को भोजन/जलपान आदि प्राप्त करने में सहायता करते हैं। यात्री सुविधाओं और कोचों की साफ-सफाई की मॉनिटरिंग भी करते हैं। ट्रेन चलने के पहले कोचों के दरवाजे बंद हों ये सुनिश्चित करते हैं। यात्रियों के अपने व्यवहार में हमेशा विनम्र, व्यवहारकुशल और विनम्र रहेगा और शिकायत रहित सेवा प्रदान करते हैं। इसके अतिरिक्त शिकायत पुस्तिका भी उपलब्ध रहती हैं।

## बैंक ऑफ महाराष्ट्र कोराजभाषा का सर्वोच्च सम्मान 'कीर्तिपुरस्कार'




**जबलपुर, देशबन्धु।** बैंक ऑफ महाराष्ट्र देश के सार्वजनिक क्षेत्र का एक अग्रणी बैंक है। बैंक ऑफ महाराष्ट्र को गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा राजभाषा हिन्दी के श्रेष्ठ कार्य के लिए राजभाषा का सर्वोच्च सम्मान कीर्तिपुरस्कार प्रदान किया गया। इस वर्ष बैंक को दो श्रेणियों यथा श्रेष्ठ गृह पत्रिका और श्रेष्ठ राजभाषा कार्यान्वयन के अंतर्गत यह पुरस्कार प्राप्त हुआ। 14सितंबर, 2023को पुणे, महाराष्ट्र में आयोजित भव्य हिंदी दिवस समारोह के दौरान बैंक ऑफ महाराष्ट्र को उक्त पुरस्कार प्रदान किए गए।

अजय कुमार मिश्रा, गृह राज्य मंत्री के कर-कमलों से बैंक के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ ए. एस. राजीव ने श्रेष्ठ गृह पत्रिका हेतु प्रथम और श्रेष्ठ राजभाषा कार्यान्वयन हेतु द्वितीय पुरस्कार ग्रहण किए। इस दौरान मंच पर हरिवंशनारायण सिंह, राज्यसभा के माननीय उप सभापति, सुश्री अंशुली आर्य, सचिव (राजभाषा), गृह मंत्रालय एवं सुश्री भारती पवार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री आदि भी उपस्थित थे।

इस कार्यक्रम में बैंक ऑफ महाराष्ट्र के ए. बी. विजयकुमार, कार्यपालक निदेशक और आशीष पाण्डेय, कार्यपालक निदेशक, अमित श्रीवास्तव, सीवीओ, श्री के. राजेश कुमार, महाप्रबंधक तथा डॉ. राजेन्द्र श्रीवास्तव, उप महाप्रबंधक (राजभाषा) व अन्य प्राधिकारी भी उपस्थित थे। इस अवसर पर देशभर के विभिन्न सरकारी कार्यालयों, उपक्रमों और बैंकों के शीर्ष कार्यपालक व राजभाषा अधिकारी भी समारोह में उपस्थित थे।

## वार्षिक पत्रिका 'आयुष मंजरी' का विमोचन संपन्न

**जबलपुर, देशबन्धु।** शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्साचलय जबलपुर की वार्षिक पत्रिका 'आयुष मंजरी' का विमोचन कल परसवाड़ा में केबिनेट मंत्री श्री गौरी शंकर बिसेन एवं आयुष मंत्री श्री राम किशोर कावरे के द्वारा किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. मनोज कुमार सिंह, डॉ. राकेश सारस्व त, डॉ. प्रतिभा बघेल, डॉ. मंजुला मिश्रा, डॉ. पंकज मिश्रा एवं श्रीमती अर्चना अहिरवाल उपस्थित रहे।

## एवीएनएल के सीएमडी ने व्हीकल फैक्ट्री से हरी झंडी दिखाकर मोटर रैली रवाना की




**जबलपुर, देशबन्धु।** एवीएनएल ऑटोफिल्स रैली, व्हीकल फैक्ट्री जबलपुर के अंतर्गत आयोजित मोटर रैली में म्युनिशंस इंडिया लिमिटेड आयुध निर्माणी खमरिया के तरफ से संयुक्त महाप्रबंधक राजीव सिंह आईओएफएस, उप महाप्रबंधक रतन प्रकाश शुक्ला, आईओएफएस, ने प्रतिभागी के रूप में प्रतिनिधित्व किया। यह रैली जबलपुर से ओरछा,ओरछा से पंचमढ़ी, पंचमढ़ी से वापस जबलपुर आएगी। कार्यक्रम का शुभारंभ व्हीकल कम्युनिटी हॉल से एवीएनएल के सीएमडी संजय द्विवेदी ने हरी झंडी दिखा कर किया। इस अवसर पर आयुध निर्माणी खमरिया के महाप्रबंधक एम एन हालदार एवम वाहन निर्माणी जबलपुर के मुख्य प्रबंधक एस के भोला मौजूद रहे।

## रोजगार दिवस का जिलास्तरीय कार्यक्रम का आयोजन आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** रोजगार दिवस का जिला स्तीरीय कार्यकम शुक्रवार 22 सितंबर को दोपहर 11 बजे से भंवरताल उद्यान स्थित संस्कृति थियेटर में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजित किया जायेगा। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक विनीत रजक के अनुसार कार्यक्रम में शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत लाभान्वित हितग्राही भाग लेंगे तथा चयनित हितग्राहियों को ऋण स्वीकृति एवं वितरण पत्र प्रदान किये जायेंगे। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के उज्जैन में आयोजित औद्योगिक अधोसंरचनाओं के वर्चुअल लोकार्पण, भूमिपूजन एवं संबोधन का लाइव प्रसारण भी किया जायेगा। कार्यक्रम में शासन की विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, पीएमईजीपी योजना, पीएम मुद्रा योजना, सीएम पथ विक्रेता योजना, आजीविका मिशन इत्यादि योजनाओं की जानकारी प्रदान की जायेगी। महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा शिक्षित बेरोजगार युवाओं से कार्यक्रम में भाग लेकर योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उसका लाभ उठाने की अपील की गई है।

## अभिषेक ने राकेश को चंद मिनटों में चित किया

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी सगड़ा व्यायामशाला के द्वारा स्व श्यामसिंह लोधी (खलीफा) की स्मृति में प्रथम दिन विशाल ईनामी दंगल सायं 4:00 बजे से स्थान-सगड़ा व्यायामशाला, साँई मंदिर के सामने, सगड़ा में प्रारंभ हुआ। उपस्थित अतिथियों के द्वारा हनुमान जी की पूजन अर्चन करने के उपरांत उपस्थित अतिथियों में पार्षद सुनील पुरी गोस्वामी, पार्षद जीतू कटारे, राजू गोटिया, अर्जुन यादव उपाध्यक्ष भारतीय शैली कुश्ती महासंघ भारत, किशोरी सिंह लोधी जिलाध्यक्ष भारतीय शैली कुश्ती संघ जबलपुर, विनय चक्रवर्ती आदि के द्वारा दंगल का प्रारंभ किया गया एवं विजयी पहलवान को नगद राशि एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया। जिसमें लगभग 40 कुश्तीयाँ हुई, जिसमें प्रमुख रूप से अभिषेक पहलवान ने राकेश को हराकर कुश्ती जीती, राज ने ईशान को हराकर कुश्ती जीती, शिवम् ने प्रशांत को हराकर कुश्ती जीती, कार्तिक ने कृष्णा को हराकर कुश्ती जीती, रोहित ने अतुल को हराकर कुश्ती जीती, राज ने अमन के बीच बराबर की कुश्ती रही, खूब दाँव पेच चले उपस्थित दर्शकों को बहुत आनंद आया। कुश्ती के निर्णनायक रहे भूरा पडुआ और टाईम कीपर रहे सुनील पटेल, संचालन विकास लोधी एवं दुर्गा शंकर के द्वारा किया गया, दंगल को सफल बनाने में वीरू पटेल, नीतिन पटेल, अनिल पटेल, विष्णु पटेल, गुलाब पटेल, अरूण चंद्रवंशी, दीपक खलीफा, हीरा खलीफा, मन्नू नर्बद राजेश सोंधिया, अनिल का सराहनीय योगदान रहा। आयोजन समिति के अध्यक्ष अनिल लोधी ने बताया कि सायं 3:00 बजे से दंगल पुनः प्रारंभ किया जायेगा एवं समस्त पहलवानों से अधिक से अधिक संख्या में उक्त दंगल में उपस्थित होने की अपील की है।



## निगमायुक्त ने मार्केटिंग एजेन्सी के प्रतिनिधियों को आवास विक्रय में प्रगति न करने पर जताई नाराजगी




**जबलपुर, देशबन्धु।** निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े ने प्रधानमंत्री आवास योजना के सभी निर्माणाधीन आवासीय परियोजनाओं की विस्तृत रूप से समीक्षा की। समीक्षा बैठक में उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों से प्रगति की जानकारी ली। बैठक के दौरान उन्होंने चल रहे आवासीय परियोजनाओं की प्रोग्रेस चार्ट रिपोर्ट देखी और अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रोग्रेस चार्ट रिपोर्ट के अनुसार ही कार्यो की प्रगति की जाये। निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े ने मार्केट एजेन्सी द्वारा पंजीयन कराने में रूचि न लेने पर नाराजगी व्यक्त की और एजेन्सी को निर्देशित किया कि अनुभवी व्यक्तियों को प्रधानमंत्री आवास योजना की मार्केटिंग में लगायें और प्रत्येक साइट पर अपने कर्मचारियों को बैठाकर कैम्प लगवाएँ। उन्होंने विशेषकर अवकाश के दिनों में आवश्यक रूप से कैम्प लगाने एजेन्सी को निर्देशित किया। निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मार्केटिंग एजेन्सी के द्वारा विक्रय में प्रगति न लाने पर एजेन्सी को नोटिस जारी करें।

निगमायुक्त श्री वानखड़े ने संबंधित अधिकारियों के साथ-साथ ठेकेदारों को भी हितग्राहियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए सभी आवासीय परियोजनाओं एवं उसके आस पास आवश्यक मूलभूत व्यवस्थाएँ भी अधिकारी सुनिश्चित कराएँ। उन्होंने कहा कि प्रकाश, पहुँच मार्ग, पेयजल, साफ-सफाई, के अलावा उद्यान एवं बाउंड्रीवाल आदि का भी निर्माण तत्काल पूर्ण कराया जाये।

### टैंकरों के माध्यम से संबंधित क्षेत्रों में नागरिकों को की जा रही है जलापूर्ति




**मेयर इन काउंसिल की बैठक में लीज प्रकरणों के अलावा अन्य विकास कार्यो को भी दी गई स्वीकृति**-महापौर जगत बहादुर सिंह "अन्नू" की अध्यक्षता में मेयर इन काउंसिल के बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में महापौर ने बताया कि मुख्यमंत्री अद्योसंरचना एवं कायाकल्प योजना के अंतर्गत 46 करोड़ रूपये की लागत से सड़क निर्माण के लिए प्राप्त प्रस्तावों को मंजूरी देकर शासन को प्रेषित किया गया है।

महापौर श्री अन्नू ने बताया कि इसी प्रकार फ्लाई ओवर, शहर की सफाई व्यवस्था, लीज नवीनीकरण, के साथ-साथ वीर शिरोमणी रूपन बारी जी की प्रतिमा नव भारत प्रेस के सामने स्थापित करने संबंधी प्रस्ताव की भी स्वीकृति प्रदान कर सदन की ओर अग्रेषित किया गया। एम.आई.सी. की बैठक में दो लीज प्रकरणों के साथ-साथ दर्शन तिराहा के पास गुरूनानक देव साहब के नाम से द्वार बनाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई।

# 25 सितम्बर से कॉलेजों में होगा युवा उत्सव का आगाज

**जबलपुर, देशबन्धु।** डिग्री कॉलेजों में जल्द ही युवा जोश और उत्साह का रंग छाने वाला है। जहां वे सांस्कृतिक गतिविधियों में अपना हुनर दिखाएंगे। कॉलेजों में 25 सितम्बर से युवा उत्सव की शुरुआत हो रही है। इसके चलते जहां वे कॉलेज स्तर पर अपने हुनर का परिचय देंगे, वहीं चयनित होने के बाद अक्टूबर में कॉलेज का प्रतिनिधित्व भी करेंगे। उत्साह और उमंग के इस उत्सव के लिए युवाओं की तैयारी शुरू हो चुकी है, जहां वे इस समय प्रैक्टिस में अपना ज्यादा समय बिता रहे हैं।

**25 से 27 तक इंटर डिपार्टमेंट-** युवा उत्सव के अंतर्गत विभागीय प्रतियोगिताओं का आयोजन 25 से 27 सितम्बर तक होगा। वहीं 10 से 12 अक्टूबर तक जिला स्तरीय इंटर कॉलेज युवा उत्सव की धूम रहेगी। इसके लिए छात्रों को विभागीय कॉम्पीटिशन में दमखम दिखाना होगा।

**वासुदैव कुटुम्बकम और एनईपी जैसी थीम-** युवा उत्सव के लिए भाषण से लेकर पेंटिंग तक के लिए अलग-अलग थीम निर्धारित की गई है। इस बार भाषण प्रतियोगिता में जहां वासुदैव कुटुम्बकम, एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य थीम दी गई है, वहीं वाद विवाद प्रतियोगिता के लिए नई शिक्षा नीति की चुनौतियों पर प्रतिभागी वाक कला दिखाएंगे।

**जारी है रिहर्सल का दौर-** कॉलेज में विभागीय गतिविधियों के लिए रिहर्सल का दौर जारी है। विभागों में जहां नृत्य, गायन और वादन का सिलेक्शन कर लिया गया है, वहीं अब रोजाना रिहर्सल में दिन बीत रहा है। राई, करमा, गौंडी, अहीर, आदिवासी, राजस्थानी, गुजराती और बुंदेली नृत्य की तैयारी कर रही है।

## यह होंगी प्रतियोगिताएं

- प्रश्नमंच
- नृत्य
- माइम, स्किट एवं मिमिक्री
- नाटक
- क्ले मॉडलिंग एवं कार्टून
- रंगोली
- पोस्टर और कोलाज
- गायन और वादन
- वाद-विवाद और भाषण





# डेनिम विद डायमंड थीम पर सेलिब्रेशन

**जबलपुर, देशबन्धु।** डेनिम एंड डायमंड थीम पर क्लब लेडीज ने फैशन और स्टाइल का रंग दिखाया। इस दौरान जहां शांति दिवस पर आयोजन हुआ, वहीं गणपति उत्सव भी सेलिब्रेट किया गया। जबलपुर लेडीज क्लब के तत्वावधान में थीम बेस्ड सेलिब्रेशन ने रंग जमाया। सभी मेंबर्स थीम के अकॉर्डिंग डेनिम और डायमंड कैरी करके पहुंची।

**नृत्य से गणेश वंदना-** कार्यक्रम में प्रतिभागियों द्वारा नृत्य और संगीत से गजल अग्रवाल ने गणेश वंदना की। देवा श्री गणेशा देवा जैसे गीतों से माहौल गूंज उठा। लेडीज ने डेनिम और डायमंड की क्विज खेली। इसमें प्रतिभा रघुवंशी, सोनल रघुवंशी, सोनल नागदेव ने विश्व शांति पर संदेश दिया। डायमंड से जुड़े सवाल के जवाब देकर रानीबाला शर्मा, बुधराजा, रिमी तलवार ने प्राइज जीते। इस मौके पर अध्यक्ष मनीषा दुबे, कुसुम अग्रवाल, राज रुपराह, स्वीटी आनंद, संगीता ग्रोवर, नीता लूथरा, पूनम अग्रवाल, नीरू अग्रवाल मौजूद रहीं।






# छात्राओं ने समझे गो-कार्ट के फीचर्स

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज में इंडक्शन प्रोग्राम आयोजित हुआ। इसमें युवाओं को स्टार्टअप स्टेप से जोड़ते हुए गो कार्ट के फीचर्स से रूबरू करवाया गया। इस मौके पर प्रो. डीएस रावत, प्रो. सुमित राय, सोसायटी के टेक्निकल हेड मो. हुसैन, मैनेजमेंट कंट्रोलर प्रियांश जैन, हर्ष, नितिन, कुश, अहद, संदेश, साहिल, नेहा, प्रियंका, हर्ष, मीनाक्षी, स्नेहा, वैष्णवी मौजूद रहीं।

## विमन डॉक्टर विंग ने बताया हेल्दी डाइट से दूर होता है अल्जाइमर

**जबलपुर, देशबन्धु।** अल्जाइमर वृद्धावस्था की वह बीमारी है, जिसमें व्यक्ति की याद रखने की क्षमता कमजोर हो जाती है। वह अपने नियमित कार्य भी करने में अक्षम होने लगता है। यहां स्थति वृद्धावस्था में बाल्यावस्था जैसी होती है। ऐसे में परिजनों को मरीज के खाने में हेल्दी और बैलेंस डाइट देकर सेहत सुधारी जा सकती है। यह बात विमन डॉक्टर विंग के तत्वावधान में आयोजित संगोष्ठी में अध्यक्ष डॉ. नीना श्रीवास्तव, सचिव डॉ.कावेरी शॉ, डॉ. अनुमति जैन, डॉ. ऋतु गुप्ता ने कही।

## रक्तदान नया जीवन देता है

**जबलपुर, देशबन्धु।** ब्लड डोनेट कर छात्राओं ने रक्तदान की महत्ता समझाई। उन्होंने ना सिर्फ रक्तदान किया, बल्कि जरूरतमंदों को समय पर रक्तदान करने का संकल्प भी लिया। शासकीय होमसाइंस कॉलेज में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. आभा तिवारी, डॉ. रीना भैरम, डॉ. सूजा कुमारन, सीमा सिंह जुग्गी, डॉ. अमित पांडे, डॉ. नितेश पांडे मौजूद थे।


# श्री सुप्तेश्वर गणेश मंदिर में गणेश पर्व महोत्सव

**जबलपुर, देशबन्धु।** श्री सुप्तेश्वर गणेश मंदिर में दस दिवसीय गणेश पर्व के तृतीय दिवस पर सभी श्रद्धालुओं ने धार्मिक भाव बड़े ही हर्ष एवं उल्लास से मानव जीवन सभी के कष्टों को दूर करने वाले,सुखों को देने वाले,मंगल कर्ता, विध्नेश्वर श्री गणेश जी की प्रात: 9.00 बजे से पूजन, आरती, अभिषेक, माला अर्पण, वस्त्र अर्पण,अथर्वशीर्ष पाठ सभी गणेश भक्तों द्वारा सानंद सम्पन्न हुआ। सायं 4.00 से 6.00 बजे तक श्री राम मंदिर मदन महल जबलपुर,महिला मंडल द्वारा संगीतमय भजन कीर्तन का आयोजन हुआ। सायं 7.15 बजे भगवान श्री गणेश जी की पूजन, महाआरती, स्तुति में डा.स्वामी राधे चैतन्य जी,स्वामी अनूप देव जी,स्वामी राघवेन्द्र जी, श्री ठाड़ेश्वर महावर जी,नगर के गणमान्य एवं समिति के भक्तों द्वारा भक्ति भाव से आयोजित हुई। महाआरती के समय मंगलमूर्ती श्री गणेश जी के दिव्य दर्शन से आनंद की अनुभूति प्राप्त की,धर्म की जय हो, प्राणियों में सद्भाव एवं सभी के कल्याण की कामना की गई।

सायं 7.30 बजे से डा.स्वामी राधे चैतन्य महराज एवं आचार्य स्वामी अनूप देव जी महराज स्वामी राघवेन्द्र जी महाराज के आशीर्वचनों से धर्म का संचार हुआ परिसर भक्ति मय हो गया। गुरूवार को रात्रि 8.30 बजे से माता की चौकी राजेश कपूर नयन कपूर राज राजेश्वरी ग्रुप द्वारा भक्तिमय आयोजन हुआ,भक्तों ने भक्ति भाव से श्री गणेश जी का महापर्व मनाया, भंडारा प्रसादी रूकमणी अशोक जोशी द्वारा आयोजित रहा।

श्री सुप्तेश्वर विकास समिति के समस्त भक्तों ने श्री गणेश जी के महापर्व को हर्ष, आनंद, भक्ति भाव से समरसता के साथ सभी गणेश भक्तों ने उपस्थित होकर श्री सुप्तेश्वर गणेश जी सभी का कल्याण करने वाले ईश्वर के दर्शन,भजनों का आनंद,भक्तिमय माता की चौकी, संतों के आशीर्वचनों के सुखद धार्मिक आयोजनों से भक्तों ने आत्मिक सुख की अनुभूति एवं धार्मिक आयोजनों का सुखद आनंद लेकर प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश जी का महोत्सव मनाया।






**जबलपुर, देशबन्धु।** यह सिर्फ श्री गणेश जी के चित्र ही नहीं हैं, जूम करके देखिए, यह भारत के राज्यों के नाम भी है, अद्भुत कलाकारी। सभी को श्री गणेश चतुर्थी की शुभकामनाएं।

## दैनिक राशिफल

**शुक्रवार 22 सितम्बर 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080,शक संवत 1945 हिजरी 1444। भाद्रपद शुक्ल पक्ष की अष्टमी, नक्षत्र-अष्टमी।**

**मेष** आज के दिन का आरंभ बहुत अच्छा होगा। शारीरिक और मानसिक आरोग्य अच्छा बना रहेगा। दोपहर के बाद नए काम करने की सलाह आपको नहीं दी जाती है।

**वृषभ** व्यापार में यश और सफलता मिलेगी। साथी कर्मचारियों का पूरा सहयोग आपको मिलेगा। आर्थिक लाभ होगा। विरोधियों को पीछे छोड़ पाएंगे।

**मिथुन** आज का आप का दिन किसी खास चर्चा में गुजर सकता है। आप अपनी कल्पनाशक्ति से कुछ नया कर पाने में समर्थ रहेंगे।

**कर्क** हताशा से आप थोड़े चिंतित रहेंगे। इस कारण शारीरिक रूप से आप अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। प्रवास के लिए आज का दिन अनुकूल नहीं है।

**सिंह** आज व्यापार या नौकरी के लिए कोई छोटी यात्रा हो सकती है। विदेश से कोई अच्छे समाचार मिलेंगे। धन लाभ होगा। नए काम के लिए अच्छा समय है।

**कन्या** आज आपके मन में किसी बात को लेकर दुविधा बनी रहेगी। कोई नया काम शुरू ना करें। ज्यादातर समय मौन बने रहें, इससे विवाद होने से बच जाएगा।

क.

**तुला** आज आपकी रचनात्मकता से कोई कठिन काम आसान बना पाएंगे। शारीरिक और मानसिक रूप से आप स्वस्थ रहेंगे।

**वृश्चिक** आपका उग्र और असंयमित व्यवहार आपको समस्या में डाल सकता है। दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ कोई अनहोनी हो सकती है, उनका ध्यान रखें।

**धनु** व्यावसायिक क्षेत्र में आज आपके लिए लाभकारी दिन है। जीवन में आनंद का वातावरण रहेगा। काम में पदोन्नति होगी। मित्रों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम होगा।

**मकर** आज का दिन मैरीड कपल के लिए आनंदमयी रहेगा। परिजनों के साथ खुशी का वातावरण बना रहेगा। व्यवसाय में पदोन्नति के योग हैं। व्यवसाय में अनुकूल समय है।

**कुंभ** आज के दिन बौद्धिक काम, नए सृजन और साहित्यिक गतिविधि में आप उलझे रहेंगे। नए काम की शुरुआत आज कर सकते हैं।

**मीन** आज आपको वाणी में संयम रखने की सलाह दी जाती है। गुप्त शत्रुओं से सावधान रहना होगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

मा.

# शंख ध्वनि के साथ नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा कार्यालय उद्घाटन

**जबलपुर, देशबन्धु।** 396 नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा का अस्थाई कार्यालय का उदघाटन जमुना सभागृह गोल बाजार में गणेश पूजन नर्मदा पूजन परिक्रमा संचालक भगवान श्री हनुमान जी महाराज के पूजन अर्चन के साथ स्वामी रामचंद्रदास महाराज जी के सानिध्य में किया गया। कार्तिक पूर्णिमा 27 नवंबर सोमवार को हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से विशाल नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा निकाली जाएगी यह 396 वी परिक्रमा रहेगी जिसमें देश के ख्याति संत एवं लाखों श्रद्धालु भक्त उपस्थित होते हैं। इस अवसर पर नर्मदा महाआरती के संस्थापक एवं परिक्रमा संरक्षक डॉक्टर सुधीर अग्रवाल अध्यक्ष योगाचार्य डॉक्टर शिव शंकर पटेल संकीर्तनचार्य पंडित मनमोहन दुबे श्याम मनोहर पटेल सुरेश विश्वकर्मा मोहित तिवारी रवि दुबे एडवोकेट आदि उपस्थित थे





# महाराष्ट्रीयन परिवारों ने की महालक्ष्मी की पूजा

**जबलपुर,देशबन्धु।** महाराष्ट्रीयन परिवार की महिलाएं ने मां महालक्ष्मी की स्थापना पूरे विधि विधान के साथ करते हुए महालक्ष्मी के दिन अपनी परंपराओं की साड़ियां पहनती है और कोई महिलाएं अपनी पारंपरिक साड़ी पहनकर पूजा कर रही है। आलोक नगर अधारताल निवासी इन्दु कोहाड़ ने बताया कि मां महालक्ष्मी का व्रत को नववारी साड़ी पहनकर करते हैं। इसी के साथ महाराष्ट्रीयन महिलाऐं भी सोलह श्रृंगार में रहती है । मां महालक्ष्मी का सोलह श्रृंगार खास होता है जिसमें पायल गले का हार, बिन्दी, नथ बाजूबंद समेत पूरे जेवर पहनाए जाते हैं। महाराष्ट्रीयन परिवारों की महिलाऐं मां के श्रृंगार में कुछ कमी न रह जाए। इसे देखते हुए एक एक समान पहले से सहेज लेती है। महालक्ष्मी के लिए 50 प्रकार की मिठाईयां और 108 प्रकार के व्यंजन बनाये जाते हैं महाराष्ट्रीयन परिवारों ने भाद्रपद शुल्क पक्ष अष्टमी को आस्था पूर्वक महालक्ष्मी का पूजन और महाआरती की गई। अष्टमी के विशेष पूजा एवं नवमी के दिल महा प्रसाद का वितरण किया जाता है, दसवी के दिन विसर्जन किया जाता है। इन्दू कोहाड, बसंत कोहाड़ राजू कोहाड़ मुधारी कोहाड़ आर्या कोहाड़ ने महालक्ष्मी महाआरती की।

# उत्तम आरजव दिवस पर प्रवचन

**जबलपुर, देशबन्धु।** जैन धर्म के महान पर्व पर्वराज पर्युषण महापर्व के इस पावन अवसर पर उत्तम आरजव दिवस में, आचार्य गुरुवर 108 श्री विद्यासागर जी महामुनिराज की परम प्रभाभक शिष्या आर्यिका रत्न 105 श्री अपूर्वमति माताजी सा संघ को श्रीफल भेंट कर। आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उत्तम आरजव दिवस पर प्रवचन का श्रवण किया तत्पश्चात श्री दिगंबर जैन समाज के द्वारा भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष उत्तर विधानसभा के लोकप्रिय नेता धीरज पटेरिया का स्वागत,वंदन, एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश मंत्री मनीष जैन जैन समाज के अध्यक्ष आशीष जैन, पवन जैन बिल्डर्स, संदीप जैन,अखिलेश जैन,अनुज जैन, सहित जैन समाज के गणमान्य नागरिक एवं माताएं बहने उपस्थित रही।





## उमरा यात्री रवाना

**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर जबलपुर से रद्दी चौकी संजीवनी हॉस्पिटल के पास से 10 उमरा यात्रियों का जत्था रेल्वेस्टेशन ह्श1 प्लेटफॉम से ट्रेन से मुंबई रवाना हुआ, जिन्हें उनके परिजनों द्वारा फूलमाला पहनाकर बिदाई दी गई। हाजी मोहम्मद रोशन के नेतृत्व में रवाना जत्था मुंबई से मक्का-मदीना जाएगा तथा पवित्रस्थलों का भ्रमण कर पन्द्रह हदिन बाद जठे की वापसी होगी। उपरा यात्रियों मेहाजी मोहम्मद रोशन, अभीर साबिक, मुस्तक हुसैन, मेहरूनिशा सहित बडी संख्या में मौजूद लोगों ने त्थि का इस्तकबाल करे विदाई दी।

# निधन

## ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान

**श्री राम लाल पाल-** पनागर मौलाना वार्ड निवासी श्री राम लाल पाल (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दया सिंह टग्गर-** क्लासिक अपार्टमेंट मदनमहल निवासी श्री दया सिंह टग्गर (95) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री सुभाष बर्मन-** बृजमोहन नगर मांडवा रामपुर निवासी श्री सुन्नू बर्मन के पुत्र श्री सुभाष बर्मन (31) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती तारा बाई चौधरी-** चंडालभाटा ट्रांसपोर्ट नगर निवासी श्रीनाथ चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती तारा बाई चौधरी (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री सुरेंद्र कुमार दुबे-** पीएचई क्वाटर्स ललपुर निवासी श्री सुरेंद्र कुमार दुबे (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राम सेवक अवस्थी-** कालीमठ आमनपुर मदनमहल निवास श्री राम सेवक अवस्थी (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रिदिया मेहतो-** हैलटगंज सदर निवासी श्री कल्लू मेहतो की धर्मपत्नी श्रीमती रिदिया मेहतो (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती जानकी बाई लोधी-** परियट पिपरिया निवासी श्री राम सिंह लोधी की धर्मपत्नी श्रीमती जानकी बाई लोधी (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री महेश श्रीवास-** गायत्री नगर अधारताल निवासी श्री महेश श्रीवास (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

# मजाक बना झगड़े का कारण, कुल्हाड़ी मारकर युवक की कर दी हत्या

**जबलपुर, देशबन्धु।** पाटन थाना अंतर्गत ग्राम पिपरिया मडवा में दो लोगों के बीच हंसी मजाक ने इतना विकराल रूप ले किया एक व्यक्ति दूसरे युवक का खून का प्यासा हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि एक व्यक्ति ने कुल्हाड़ी से हमला कर दूसरी व्यक्ति को मौत के घाट उतार दिया। हत्या की खबर ग्रामीणों ने पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी की सरगर्मी से तलाश शुरु कर दी है। जानकारी अनुसार पुलिस को राजकुमारी पाल उम्र 34 वर्ष निवासी ग्राम पिपरिया मडवा पाटन ने बताया कि वह अपनी 2 बेटियों एवं पति चैन सिंह पाल के साथ रहती है। 20 सितंबर को रात लगभग 9 बजे पति चैन सिंह पाल ने घर आकर बताया कि थोड़ी देर पहले उनका गांव के ही




धरमदास उर्फ कुट्टल से हंसी मजाक में विवाद हो गया था, जो उसे जान से मारने की धमकी दे रहा था। इसके बाद चैन सिंह परिजनों के साथ खाना खाकर सो गया था। महिला ने बताया कि गुरुवार को दोपहर लगभग 12:30 बजे विगत दिवस हुई लड़ाई की बात पर धरमदास उर्फ कुट्टल मल्लाह उसके पति चैन सिंह की हत्या करने की नियत से हाथ में धारदार कुल्हाडी लेकर आया और उसके घर के सामने खड़े होकर पति का नाम लेते हुये गालीगलौज करने लगा। उसना बाहर जाकर देखा तो वह कहने लगा कि तेरे पति चैन सिंह का नामो निशान मिटा दूंगा। तभी पति घर से बाहर निकले और बोले कि गालियां किसे दे रहा है तो इतने में धरमदास ने अपने हाथ में ली हुई कुल्हाडी से हमलाकर पति चैन सिंह की गर्दन के पास चोट पहुंचा दी। चैन सिंह वहीं घर के सामने स्कूल के पास खाली जगह में गिर गये पति के जबड़े में चोट आ गयी, कुल्हाडी मारने के बाद धरमदास वहां से भाग निकला। इसके बाद घायल अवस्था में चैन सिंह को उपचार के लिए शासकीय अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस आरोपी की सरगर्मी से तलाश कर रही है।

## विकास रथों से हो रहा है सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार

**जबलपुर, देशबन्धु।** राज्य शासन द्वारा संचालित जन कल्याण की विभिन्न योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने जिले के आठों विधानसभा क्षेत्र में विकास रथ चलाये जा रहे हैं। इसमें एलईडी लगाकर शासकीय योजनाओं एवं विकास कार्यों का प्रदर्शन कर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

गुरूवार को विधानसभा क्षेत्र जबलपुर अंतर्गत भानतलैया, महर्षि अरविंद वार्ड, हनुमानताल जैन मंदिर के पास तथा जबलपुर पूर्व में चितरंजन वार्ड, पंडित मोतीलाल वार्ड, डॉ. जाकिर हुसैन वार्ड आदि क्षेत्र में विकास रथों से प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं व उपलब्धियों की फिल्म का प्रदर्शन किया गया।

इसी प्रकार सिहोरा विधानसभा के हरदुआ, रोंसरा, जौली, पसवार, मरहट, हरगढ़ आदि क्षेत्रों में भी विकास रथ के माध्यम से कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया गया। जनहित की योजनाओं के प्रचार-प्रसार करने राज्य शासन द्वारा जबलपुर जिले में चार विकास रथ भेजे गये हैं। प्रत्येक विकास रथ जिले की दो विधानसभा क्षेत्र का भ्रमण कर वीडियो फिल्म के माध्यम से लोगों को योजनाओं की जानकारी दे रहें है। इसके लिये विकास रथ में एलईडी लगाई गई है। योजनाओं के साथ-साथ विकास कार्यों का प्रदर्शन भी एलईडी पर किया जा रहा है।



## एनडीआरएफ की टीम ने छात्र-छात्राओं को बताएं आपदा प्रबंधन के तरीके

**जबलपुर, देशबन्धु।** स्कूल सेफ्टी प्रोग्राम के तहत सेंट एलोयसियस कॉलेज, जबलपुर में एनडीआरएफ की टीम द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से भूकंप से बचाव, बाढ़ तथा आग लगने के ड्रिल का अभ्यास किया गया।

आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन योजना के तहत मनोज कुमार शर्मा, उप-महानिरीक्षक 11 एनडीआरएफ, वाराणसी के दिशा निर्देशन में एनडीआरएफ की टीम कमांडर इंस्पेक्टर सुधीर कुमार तथा उनकी प्रशिक्षित एवं अनुभवी टीम द्वारा कार्यक्रम में आग लगने, वहां दुर्घटना, सर्पदंश, स्ट्रेचर बनाने, सीपीआर देना, सड़क सुरक्षा, आकाशीय बिजली से बचाव के तरीके एवं सचेत ऐप का इस्तेमाल आदि के बारे में बताया गया। इस अवसर सिविल डिफेंस के सुनील गर्ग की उपस्थिति में स्कूल के प्राचार्य डॉ. जी. वेजहान अरासु ने टीम का आभार व्यक्त किया और कहा कि एनडीआरएफ द्वारा आयोजित कार्यक्रम बहुत प्रशंसनीय है।

## शासकीय कर्मचारियों को स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ देने की मांग बढ़ी

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश के कर्मचारी इन दिनों सरकार से अच्छे खासे नाराज दिखाई दे रहे हैं। जिसमें सबसे ज्यादा राज्य के कर्मचारी हैं। जिसमें अपनी मांगों को लेकर बार-बार कर्मचारी नेता मुख्यमंत्री से मांग कर रहे हैं। लेकिन उनकी मांगों की अनदेखी से कर्मचारियों में रोष है। इसी कड़ी में मध्य प्रदेष जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन ने कर्मचारियों के लिये स्वास्थ्य लाभ में बीमा और कैशलैस इलाज के लिये मांग की है। संगठन के जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा शुरू की गयी कैश लैस मेडिक्लेम सुविधा का लाभ न मिलने से कर्मचारियों ने फिर सिस्टम पर सवाल उठाए हैं। कर्मचारियों को इस सुविधा का लाभ देने के लिए वित्त विभाग को मेडिकल राशि का निर्धारण करना था, परंतु इस विषय पर सरकार की मोहर नहीं लग पाई और कर्मचारियों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है।

प्रदेश के कर्मचारियों के लिए शासन स्तर पर कैशलैस मेडिक्लेम की सुविधा के संबध में अभी तक किसी भी प्रकार के आदेश जारी नहीं हुए हैं जिसकी वजह से गंभीर बीमारियों से पीड़ित कर्मचारी पैसों के अभाव में अपना इलाज नहीं करा पा रहे है।

संघ के अध्यक्ष ने बताया कि प्रदेश के कई कर्मचारी गंभीर बीमारियों के चलते जैसे हार्ट, किडनी, शुगर, केंसर, लकवा और भी कई गंभीर बीमारियों से ग्रस्त होकर अपना इलाज निजि अस्पतालों में कराने के लिये मजबूर हैं। कर्मचारियों ने कैशलैस उपचार योजना के अभाव के कारण अपना जीपीएफ का पैसा और पास में जोड़ा हुआ पूरा पैसा लगाने के बाद भी कमी पड़ने की वजह से दूसरों स कर्ज लेकर अपना इलाज करवाते है क्योंकि इन गंभीर बीमारियों का इलाज बहुत मंहगा होता है और इन सभी बीमारियों के लिए लाखों रूपये खर्च होते हैं जिसकी वजह से प्रदेष के कर्मचारी कर्ज लेने मजबूर हो जाते हैं। जबकि कैशलेस मेडिकल बीमा एक ऐसी पॉलिसी है, जिसमें पॉलिसी धारक को इलाज के लिए नगद भुगतान नहीं करना पड़ता है। बिलों के निपटारे के लिए अस्पताल और बीमा कंपनी के बीच सीधे ध्यान रखा जाता है जबकि प्रदेष सरकार ने यह घोषणा की थी की कैषलेस उपचार योजना का लाभ प्रदेश के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भी दिया जाएगा। परंतु सरकार के ढुलमुल रवैये के चलतें आज तक प्रदेश के कर्मचारियों के लिए कैशलेस उपचार योजना का स्वास्थ्य बीमा योजना के लाभ का कोई आदेष जारी नही हुआ। संघ के जिलाध्यक्ष- रॉबर्ट मार्टिन, जियाउरहीम, हेमंत ठाकरे आदि ने योजना को जल्द लागू करने की मांग मुख्यमंत्री से की है।

# गढ़ा, खमरिया और चरगवां में शराब तस्करी करते 4 आरोपी पकड़े गये

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में शराब तस्करी का ग्राफ तेजी से बढ़ रहा है। लगातार कार्यवाईयों के बाद भी पुलिस शराब तस्करी नहीं रोक पा रही है। और आये दिन तस्कर मादक पदार्थों का परिवहन कर रहे हैं। इसी कड़ी में पुलिस ने गढ़, खमरिया और चरगवां में तस्करों को पकड़ा है। जिनसे बड़ी मात्रा में अंग्रेजी और कच्ची शराब बरामद की गई है। तथा आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार गढ़ा थाना में पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक सिद्ध नगर पुरानी कलारी के सामने झाड़ियों में भारी मात्रा में अवैध शराब रखे हुए बेच रहा है। जिस पर पुलिस ने तत्काल पुरानी कलारी के सामने सिद्ध गढा दबिश दी। जहां एक युवक खड़ा दिखा जो पुलिस को देखकर भागने लगा। जिसे पुलिस ने दबोच लिया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम चिन्टू उर्फ नीरज श्रीवास्तव उम्र 43 वर्ष निवासी छोटा जैन मंदिर के सामने गढ़ा पुरवा बताया, जो 7 नग कार्टून रखे मिला। जिन्हें खोलकर करने पर 4 पेटियों में से 03 पेटियों में 12-12 बोतल एवं 1 पेटी में 8 बोतल अंग्रेजी शराब एवं 02 पेटियों में 12-12 बोतल अंग्रेजी शराब तथा 1 पेटी में 12 बोतल अंग्रेजी शराब इस प्रकार कुल 80 बॉटल अंग्रेजी शराब कीमती 50 हजार रूपये की होना पायी गयी। जिसे जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।



### 80 बॉटल अंग्रेजी एवं 113 लीटर कच्ची शराब सहित 2 मोटर सायकिल जप्त

**खमरिया में कच्ची शराब ढोते युवक धराया**-इसी प्रकार खमरिया थाना में पुलिस को खबर मिली कि एक युवक मोटर साईकिल क्रमांक एमपी 20 एन 53764 के दोनों तरफ 2 प्लास्टिक की केन लटकाये हुये अवैध रूप से शराब परिवहन कर बिछुआ तरफ से खमरिया तरफ आ रहा है। पुलिस ने तत्काल उमरिया केनाल के पास दबिश दी, जहां एक युवक मोटर साईकिल क्रमांक एमपी 20 एन 53764 में सीट के पीछे दोनो तरफ दो केनों को आपस में रस्सी से बांध कर लटका हुये आता दिखा। पुलिस ने जिसे शक के आधार पर रोका और पूछताछ की। जिसने अपना नाम पवन यादव उम्र 24 वर्ष निवासी. ग्राम मोहनिया हनुमान मंदिर के पास थाना रांझी बताया। जो मोटर सायकिल में दो तरफ प्लास्टिक के केन बांधे हुये था। पुलिस ने जब केनों की तलाशी ली तो दोनों केनों में 58 लीटर कच्ची शराब भरी मिली। जो लगभग 58 हजार की बतायी जा रही है। पुलिस ने कच्ची शराब व मोटर सायकिल जप्त करते हुये आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

**कच्ची शराब के साथ दो गिरफ्तार**-इसी तारतम्य में चरगवा थाना में पुलिस को खबर मिली कि थाना गांव से प्लैटिना मोटर साइकिल में दो युवक कच्ची शराब लेकर ग्राम नीची के रास्ते निकलने वाले हैं। जिस पर पुलिस ने ग्राम नीची हीरापुर रोड पर घेराबंदी की। नीची तरफ से एक मोटर साइकिल में दो युवक आते दिखे। जो पुलिस को देखकर वापस नीची तरफ भागने लगे। जिनका पीछा कर ग्राम हीरापुर के पहले तालाब के पास पकड़ा गया। पूछताछ में दोनों ने क्रमश: अपने नाम पता सुखराम उम्र 57 वर्ष निवासी कंचनपुरी तथा मोटर साइकिल की सीट पर दो कुप्पे व थैला रखें बैठे युवक ने अपना नाम अनिल सिंह ठाकुर उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम कोयला बताया। प्लास्टिक के कुप्पों एवं थैले को चैक करने पर 55 लीटर कच्ची शराब होना पायी गयी। पुलिस ने दोनों से शराब जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

## जबलपुर रेल मंडल ने चलाया रेलगाड़ी सफाई अभियान



**जबलपुर, देशबन्धु।** भारतीय रेलवे में स्वच्छ-रेल स्वच्छ-भारत के तहत स्वच्छता-पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। 16 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2023 तक आयोजित इस स्वच्छता-पखवाड़ा में जबलपुर मंडल में डीआरएम विवेक शील के मार्गदर्शन में प्रत्येक दिवसों पर स्वच्छता थीम के अनुसार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। 21 सितम्बर 2023 को स्वच्छ रेलगाड़ी थीम पर मंडल के प्रमुख स्टेशनों पर ट्रेनों की साफ-सफाई विधिवत रूप से की गई एवं गाड़ियों के शौचालय की सफाई सुनिश्चित की गई। जबलपुर स्टेशन सहित मंडल के अन्य स्टेशनों के सर्कुलेटिंग एरिया, स्टेशनों के परिसरों को बेहतर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की गई।

इसके साथ ही स्वच्छता पखवाड़ा के तहत सीनियर डीसीएम विश्व रंजन ने वाणिज्य कार्यालय की साफ-सफाई का जायजा लिया एवं सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्यालय परिसर तथा अपने बैठने के स्थान एवं आसपास साफ सफाई रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीसीएम नितेश कुमार सोने, एसीएम पंकज कुमार दुबे, अखिलेश कुमार नायक एवं गुन्नार सिंह के साथ ही वाणिज्य निरीक्षक एवं वाणिज्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## रेडक्रॉस और एनसीसी द्वारा आयोजित शिविर में 20 यूनिट रक्त का संग्रह



**जबलपुर, देशबन्धु।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी एवं एनसीसी के सयुंक्त तत्वाधान में आयुष्मान भव अभियान गतिविधि सेवा पखवाड़ा के तहत गुरुवार को वेटरनरी कॉलेज में आयोजित रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 20 यूनिट रक्त का संग्रह डॉक्टर शिशिर चनपुरिया एवं मेडिकल कॉलेज की टीम द्वारा किया गया। शिविर में एनसीसी की ओर से एनएन यादव एवं रेडक्रॉस सोसायटी के कार्यकारिणी सदस्य सुनील गर्ग उपस्थित रहे।

## लॉ स्टूडेंट एसोसिशन की विश्वविद्यालय के परिक्षा विभाग में हो रहे भ्रष्टचार का किया विरोध

**जबलपुर, देशबन्धु।** महाकौशल लॉ स्टूडेंट एसोसिशन के अध्यक्ष अंकुश चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि 2012 के बाद से परीक्षा संचालन के लिये होने वाले भुगतान को कैश पेमेंट पर रोक लगा दी गई थी, लेकिन विश्वविद्यालय के परीक्षा संचालन विभाग में लगातार कैश पेमेंट और अग्रिम राशि लेकर भ्रष्टाचार किया जा रहा था। फर्जी बिल लगा लगा कर करोड़ों रुपए का भ्रष्टाचार किया गया। जब कैश भुगतान पर रोक के बावजूद अग्रिम राशि के नाम पर एवं कैश भुगतान किया जा रहा था।

दूसरी तरफ निम्न वर्ग लिपिक रमेश तिवारी परीक्षा संचालन विभाग में लगभग 10 वर्षो से तथा परीक्षा विभाग में लगभग-20 वर्षो से कार्यरत हैं। रमेश तिवारी वर्तमान समय में भी परीक्षा संचालन विभाग के साथ साथ परीक्षा विभाग में भी संलग्न हैं। साथ ही इनके रिश्तेदार राजकुमार तिवारी जो अधीक्षक के पद पर कार्यरत हैं, जिनका दबदबा वित्तीय विभाग में है। राजकुमार तिवारी भी लगभग 10 वर्षो से लेखा विभाग में कार्यरत है। इनके संबंध में भी पूर्व में एक सेवा निवृत कर्मचारी को द्वारा शिकायत की गई थी कि मेरे स्वत्वों के भुगतान को पारित करने के लिये रुपए 30000 की मांग की गई थी। एसोसिशन द्वारा लगातार विरोध करने पर पूर्ण रूप से कैश पेमेंट पर रोक लगाकर डिजिटल पेमेंट के आदेश जारी किए गए। एसोसिशन ने ऐसे भ्रष्टाचारी को जेल भेज कर आय से जायदा संपत्ति की भी जांच की मांग करेगा।

# नर्मदा तटों के बाढ़ क्षेत्रों का नहीं हुआ सीमांकन

### एनजीटी में पुनः अवमानना याचिका दायर

**जबलपुर, देशबन्धु।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने नर्मदा तटों के अतिक्रमणों को लेकर दो वर्ष पूर्व आदेश जारी किये थे। उक्त आदेशों का पालन न होने पर नागरिक उपभोक्ता मार्ग दर्शक मंच ने एक मर्तबा फिर से अवमानना याचिका दायर की है। जिसमें नर्मदा किनारे बसे 15 जिलों के कलेक्टरों को पक्षकार बनाया गया है।

एनयूएमएम के अध्यक्ष डॉ. पीजी नाजपांडे ने यह अवमानना याचिका दायर की है। जिसमें उन्होनें कहा कि फरवरी व सितंबर 2021 में एनजीटी ने नर्मदा तटों पर हो रहे अतिक्रमणों के संबध में सख्त आदेश दिये थे। दो वर्ष का समय बीत जाने के बाद भी अब तक नर्मदा तटों के बाढ़ क्षेत्रों का सीमांकन नहीं किया गया। जिस पर पुनः यह अवमानना याचिका दायर की गई। जिसमें राहत चाही गई कि अनावेदक कलेक्टरों व मुख्य सचिव को निर्देशित किया जाये कि वह नर्मदा तटों के बाढ़ क्षेत्रों का सीमांकन कर उन्हें अतिक्रमण मुक्त रखे। इसके साथ नर्मदा नदी में हो रहे प्रदूषण को रोकने ठोस एक्शन प्लान तैयार करे, जिसकी निगरानी स्वयं मुख्य सचिव करे। मामले में कहा गया कि भोपाल के कलियासोत नदी के संबंध में एनजीटी की ओर से जारी आदेश की तरह ही उक्त मामले में निर्देश जारी किये जाये। मामले में आवेदक की ओर से अधिवक्ता प्रभात यादव पैरवी करेंगे।




### नशीले इंजेक्शन बेचने वाले आरोपी को जमानत नहीं

**जबलपुर, देशबन्धु।** एनडीपीएस के विशेष न्यायाधीश सुजीत कुमार सिंह की अदालत ने नशीले इंजेक्शन बेचने के मामले के आरोपी जबलपुर निवासी शहनवाज खान की जमानत अर्जी निरस्त कर दी। मामले में शासन की ओर से तर्क दिया गया कि यह मामला परस्पर मिलीभगत से संबंधित है। फर्जी ड्रग लाइसेंस बनाए जाने से लेकर नशीले इंजेक्शन की बिक्री जैसे बिंदु समाहित हैं। फर्मा के जरिए नशीने इंजेक्शन का कारोबार चलाया जा रहा था। मामले के दूसरे आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं। इस तरह के गंभीर प्रकृति के मामले में जमानत का लाभ देने से समाज में गलत संदेश जाएगा। अदालत ने तर्कों से सहमत होते हुए दायर जमानत अर्जी खारिज कर दी।

## कांग्रेस विधायक उमंग सिंघार को हाईकोर्ट से राहत, पत्नी द्वारा दर्ज करवाई गई एफआईआर निरस्त

**जबलपुर, देशबन्धु।** कांग्रेस विधायक तथा पूर्व मंत्री उमंग सिंघार को हाईकोर्ट से राहत मिली है। पत्नी द्वारा अप्राकृतिक यौन संबंध सहित अन्य धाराओं के तहत दर्ज करवाई गई एफआईआर को हाईकोर्ट जस्टिस संजय द्विवेदी की एकलपीठ ने खारिज करने के आदेश जारी किए हैं।

कांग्रेस विधायक उमंग सिंघार के खिलाफ उनकी पत्नी ने धार जिले में अप्राकृतिक यौन शोषण, दुष्कर्म और मानसिक प्रताड़ना की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। उसके बाद से विधायक फरार चल रहे थे। उन्होंने एमपी-एमएलए विशेष कोर्ट इंदौर में अग्रिम जमानत के लिए आवेदन दायर किया था। न्यायालय ने उनके आवेदन को खारिज कर दिया था, जिसके बाद उन्होंने हाईकोर्ट की शरण ली थी।

याचिकाकर्ता विधायक की तरफ से तर्क दिया गया कि वह आदिवासी समाज के हैं और तीन शादी करने की उन्हें छूट है। वैवाहिक जीवन के दौरान आपसी सहमति से उनके बीच शारीरिक संबंध स्थापित हुए थे। विवाद होने पर पूर्व में भी उनकी पत्नी ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई थी। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का हवाला देते हुए कहा गया कि वैवाहिक तथा लिव-इन-रिलेशनशिप में टकराव के बाद दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज करवाने में इजाफा हुआ है। विवाद होने की स्थिति में इसका दुरुपयोग किया जा रहा है, जिस पर रोक लगाना आवश्यक है। याचिका में दर्ज एफआईआर को निरस्त करते के साथ अग्रिम जमानत का लाभ प्रदान करने राहत चाही गई थी। एकलपीठ ने याचिका की सुनवाई करते हुए मार्च 2023 में उन्हें अग्रिम जमानत का लाभ प्रदान किया था। एकलपीठ ने सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का हवाला देते हुए एफआईआर निरस्त करने के आदेश जारी किए हैं। विस्तृत आदेश प्रतिक्षित है। याचिकाकर्ता की तरफ से अधिवक्ता विभोर खंडेलवाल ने पैरवी की।

## दो बार मिली मृत्युदंड की सजा, तीसरी बार सुनवाई के लिए फिर जिला कोर्ट पहुंचा मामला

**जबलपुर, देशबन्धु।** खंडवा जिला व सत्र न्यायालय ने नौ साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या के मामले में दो बार सुनवाई करते हुए आरोपी को मृत्युदंड की सजा दंडित किया है। दूसरी बार दी गई मृत्युदंड की पृष्टि के लिए प्रकरण को हाईकोर्ट भेजा गया था। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रवि विजय कुमार मलिमथ तथा जस्टिस विशाल मिश्रा की युगलपीठ ने जिला न्यायालय को प्रकरण की दोबारा सुनवाई करते आदेश जारी किए हैं।

उल्लेखनीय है कि खंडवा जिला न्यायालय ने चार मार्च 2013 को नौ साल की मासूम बच्ची के साथ दुराचार कर उसकी हत्या के आरोप में अनोखी लाल को मृत्युदंड की सजा से दंडित किया था। मृत्युदंड की पुष्टि के लिए प्रकरण को हाईकोर्ट भेजा गया था। हाईकोर्ट ने जिला व सत्र न्यायालय के फैसले को सही करार देते हुए मृत्युदंड की सजा पर सहमत्ति प्रदान की थी, जिसके खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय की शरण ली गई थी।

सर्वोच्च न्यायालय ने जिला न्यायालय को निर्देशित किया था कि विशेष न्यायालय द्वारा प्रकरण की दोबारा सुनवाई की जाए। प्रकरण में सभी गवाहों का परीक्षण किया जाए।

सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार विशेष न्यायालय ने प्रकरण की सुनवाई करते हुए अगस्त 2022 में आरोपी को मृत्युदंड की सजा से दंडित किया था। सजा की पुष्टि के लिए प्रकरण को हाईकोर्ट रिफर किया था। आरोपी की तरफ से भी सजा के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील दायर की गई थी। दोनों याचिकाओं की संयुक्त रूप से सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की तरफ से डीएनए तथा एफएसएल रिपोर्ट संबंधित दस्तावेज तथा रिपोर्ट देने वाले डॉक्टर का परीक्षण की अनुमति प्रदान करने का आवेदन दायर किया गया था।

आवेदन की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने पाया कि विशेष न्यायालय ने डीएनए रिपोर्ट जारी करने वाले डॉक्टर को गवाही के लिए उपस्थित होने समन जारी किए थे, जिसे बाद में न्यायालय द्वारा निरस्त कर दिया गया था। युगलपीठ ने पूर्व में पारित आदेश का हवाला देते हुए मृत्युदंड की सजा को निरस्त करते हुए डीएनए डाक्टर को गवाही के लिए बुलाने के निर्देश दिए हैं। युगलपीठ ने इसके लिए तीन महीने की समय अवधि निर्धारित की है। याचिकाकर्ता की तरफ से यज्ञावल्क शुक्ला ने पैरवी की।

## संतान की खुशहाली के लिए महिलाओं ने संतान सप्तमी व्रत रखा

### चांदी की चूड़ी का पूजन कर धारण किया



**गांधीग्राम, देशबन्धु।** गुरुवार को पौराणिक निवास एवं कूड़ा कंजई तिराहा गांधीग्राम में व्रतधारी महिलाओं ने एकत्रित होकर सन्तान सप्तमी व्रत का पूजन अर्चन किया। भादो माह के शुक्ल पक्ष की सप्तमी को पुत्रवती माताओं ने अपनी संतान की सुख- समृद्धि के लिए संतान सप्तमी का व्रत रखा। इस व्रत में मालपुए बनाकर भोग लगाया गया और इन्हीं का सेवन करके व्रत खोला गया। इस मौके पर चांदी की चूड़ी का परंपरागत तरीके से पूजन में शामिल कर महिलाओं ने धारण भी किया। यह चूड़ी संतान की सुरक्षा व मंगल कामना को लेकर माताएं पूजन कर धारण की। यह व्रत गांधीग्राम व आसपास के ग्रामों में आस्था भाव के साथ मनाया गया। विशेष रूप से संतान प्राप्ति, संतान रक्षा और संतान की उन्नति के लिए किया जाता है। संतान सप्तमी व्रत में भगवान शिव एवं माता गौरी की पूजा की गई। सुबह व्रत धारी महिलाओं ने कंजी वृक्ष की दातुन किया फिर स्नान करने के बाद भगवान विष्णु और भगवान शंकर की पूजा की। यह व्रत पूरी तरह से निराहार रखा गया । दोपहर में चौक पुरकर,चंदन, अक्षत ,धूप ,दीप ,नैवेद्य सुपारी तथा नारियल आदि से भगवान शंकर और माता पार्वती की पूजा की गई। सप्तमी तिथि के व्रत में नैवेद्य के रूप में मीठे पुए बनाए गए। यही प्रसाद भगवान को अर्पित किया गया फिर व्रत की कथा पौराणिक राघवेंद्र त्रिपाठी द्वारा महिलाओं को सुनाई गई।

ये रही उपस्थित-पूजन में सीमा त्रिपाठी, वंदना मिश्रा, साधना असाटी, शोभा यादव, ललता असाटी, कीर्ति असाटी, शोभना असाटी, रूबी पटेल, पुष्पा पटेल, संगीता असाटी, रिंकी असाटी, जानकी बाई, रजनी पटेल, पुष्पा पटेल, वर्षा असाटी, डाली चौरसिया, रंजना विश्वकर्मा,रेखा शर्मा,श्रीमती माया श्रीवास्तव, चंदा चौहटेल ,निशा मोगरे सहित अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं।

## कान्हा पार्क भ्रमण के लिए ऑनलाइन बुकिंग शुरू

**मण्डला, देशबन्धु।** विश्व प्रसिद्ध कान्हा नेशनल पार्क में पर्यटकों के लिए बुकिंग शुरू हो गई है। इस बार पर्यटन शुल्क बढ़ सकते हैं जिसका प्रस्ताव भोपाल स्तर पर शासन को भेजा गया है इसलिए फ्लिहाल अक्टूबर माह के लिए भी पर्यटकों की बुकिंग ऑनलाईन हो रही है। जानकारी अनुसार बुकिंग पिछले एक सप्ताह पूर्व शुरू हुई थी और कुछ ही दिनों में बुकिंग फुल भी हो गई है। बता दें कि वर्षाकाल में कान्हा नेशनल पार्क पर्यटकों के लिए बंद कर दिया जाता है सिर्फ बफर जोन में ही पर्यटन हो सकता है। सूत्रों के अनुसार इस बार पर्यटन शुल्क में बढ़ौत्तरी होना तय माना जा रहा है। इसी लिए फ्लिहाल सिर्फ अक्टूबर महिने के लिए ही बुकिंग की गई है। इसी के साथ जो पर्यटक अक्टूबर माह में कान्हा भ्रमण के लिए बुकिंग करा रहे हैं। इस बीच यदि पर्यटन शुल्क बढ़ाया जाता है तो पर्यटक को काउंटर में डिफ्रेंस शुल्क जमा करना होगा।

**पार्क में सुधार कार्य जारी**

पार्क क्षेत्र में 1 अक्टूबर से सभी गेटों से पर्यटकों को एन्ट्री दी जाएगी। पार्क के अंदर बारिश के दौरान आवागमन का मार्ग क्षतिग्रस्त हो जाता है , जिसमें सुधार कार्य कराया जा रहा है ताकि पर्यटकों को यहां किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। इसी के साथ पार्क आने वाले देशी-विदेशी पर्यटकों के लिए हॉटल, रिसोर्ट के साथ ही ढाबा संचालकों ने भी तैयारियां शुरू कर दी है।

**हाथी कैम्प में हाथियों की हो रही सेवा**

कान्हा नेशनल पार्क में जो हाथी आम दिनों में जंगल की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निर्वहन करते है ये हाथी अब 17 से 23 सितंबर तक चलने वाले रिजुविनेशन केम्प तरह-तरह के फ्ल, पकवानों का लुफ्त उठा रहे हैं। हाथियों को गन्ना, केला, मक्का, आम, अन्नानास, नारियल खिलाकर जंगल में छोड़ा जा रहा है। दोपहर को दोबारा हाथी कैम्प में लाए जा रहे है। रोटी, गुड, नारियल, पपीता खिलाया जा रहा है। 23 सितंबर को रिजूविनेशन केम्प का समापन होगा।


### सार-समाचार

## राजनीतिक गतिविधियों में संलिप्तता पाये जाने तथा छात्रों एवं स्टॉफ को डराने पर शिक्षक निलंबित

**अनूपपुर, देशबन्धु।** मूल शिक्षण कार्य न करते हुए राजनीतिक गतिविधियों में संलिप्तता पाये जाने पर कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने अनूपपुर विकासखण्ड के प्राथमिक विद्यालय धुरवासिन के प्राथमिक शिक्षक शुद्धू कोल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी तथा में मुख्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पुष्पराजगढ़ नियत किया गया है। कलेक्टर को प्राथमिक विद्यालय धुरवासिन के प्राथमिक शिक्षक शुद्धू कोल की मूल शिक्षण कार्य न करते हुए राजनीतिक गतिविधियों में संलिप्तता की शिकायत प्राप्त होने पर 3 सदस्यीय समिति बनाकर जांच उपरांत प्राप्त प्रतिवेदन में शिकायत प्रथम दृष्टया प्रमाणित पाए जाने पर तथा 2 से 4 सितम्बर तक बगैर सूचना व बिना अवकाश के कार्य में अनुपस्थित पाए जाने तथा जुलाई से लेकर जांच दिनांक तक कक्षा 6 वीं में एक भी कालखंड नही लिए जाने, विद्यालय में मनमानी करते हुए छात्रों एवं स्टॉफ को डरा धमकाकर स्वेच्छाचारिता करने, अध्यापन कार्य में रुचि न लिए जाने एवं वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों का पालन नही करने पर मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

## अनियंत्रित बस पलटी, 13 यात्री घायल

**अनूपपुर, देशबन्धु।** जिले के करनपठार थाना क्षेत्र अंतर्गत नगमाला घाट में गुरूवार की शाम यात्री बस अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसमे लगभग एक दर्जन से अधिक यात्रियों को गंभीर चोट आई है जिन्हें उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि नवाब ट्रेवल्स की बस क्रमांक एमपी 52 पी 0133 जो की डिंडौरी से बेनीबारी की ओर आ रही थी, जहां नगमला घाट में बस अनियंत्रित होकर पलट गई। सूचना करनपठार थाने को दिए जाने पर पुलिस मौके पर पहुंचकर घायलों को नजदीकी चिकित्सालय भिजवाया गया। बस दुर्घटना में लगभग 13 यात्रियों को गंभीर चोट आई है। जिन्हें उपचार के लिए नजदीकी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है पुलिस ने बताया कि घटना में गुलाब सिंह, फूल सिंह रजनी बाई तथा पार्वती बाई को गंभीर चोट आने पर तुरंत ही चिकित्सालय में भेजा गया अन्य यात्रियों को हल्की चोटें आई है।



## भैंसा के हमले में युवक की मौत

**शहडोल, देशबन्धु।** जिले के गोहपारू में भैंसा के हमले से एक ग्रामीण युवक की मौत के मामले में शिकायत के बाद भैंसा मालिक के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गोहपारू थाना क्षेत्र के असवारी गांव के ददन सिंह का 18 वर्षीय पुत्र शिवम सिंह कुछ दिन पहले कर्री के जंगल में मवेशी चराने गया था। उसी समय सोमेलाल सिंह गोंड़ के भैंसा ने शिवम पर हमला कर दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। शिवम के पिता की सूचना पर मर्ग कायम कर पुलिस ने जांच शुरू की।

पुलिस के अनुसार इस बीच सोमेलाल ने शिवम को मारने वाले भैंसा को चोरमरा में बेच दिया। सोमलाल भैंसा से काफी परेशान था, क्योंकि वह पहले भी कई लोगों को मार चुका था। जांच के बाद पुलिस ने भैंसा को जब्त कर उसके पालक के सुपुर्दगी में दे दिया। पुलिस ने भैंसा मालिक सोमलाल के विरुद्ध धारा 304 ए, 289, 201 भादवि का अपराध दर्ज किया है। यह मामला पूरे इलाके में चर्चा का केंद्र बना हुआ है।

## महेश प्रसाद सोनी का निधन

**बरेला, देशबन्धु।** नगर के प्रतिष्ठित सोनी परिवार वार्ड क्रमांक 10 कंचनपुर निवासी 72 वर्षीय महेश प्रसाद सोनी जी का आज बीमारी के चलते देहांत हो गया जो की जिनु,जितेंद्र एवं बंटी सोनी के पूज्य पिताजी थे एवं नरेश चंदू सोनी,राजेश सोनीगुड्डू भैया, अन्नू सोनी,पत्रकार दिनेश सोनी के बड़े भाई थे जिनकी अंतिम संस्कार बीटीआई श्मशान घाट में सम्पन्न हुआ।



## घर में गोह की खबर से मंचा हड़कम्प



**बरेला, देशबन्धु।** वार्ड नंबर 9 निवासी रजनीश कुमार माजी के घर में गोह होने की खबर से हड़कंप मच गया।. परिजनों में भय का वातावरण निर्मित हो गया। तत्काल ही सर्प विशेषज्ञ. घनश्याम घोष को फोन पर सूचना दी गई,जिस पर वन प्राणी विशेषज्ञ घनश्याम घोष द्वारा अलमारी के अंदर मौजूद गुहेरा को पड़कर जंगल में छोड़ा गया.। इस संबंध में रजनीश मांझी ने बताया कि उनके घर के बाहर बाड़ी के माध्यम सेखिड़की से होता हुआ गुहेरा घर के अंदर घुस गया था।जिस पर वहकपड़ों की अलमारी में घुसकर छिप कर बैठ गया था।घरवालों को जैसे हीगुहेरा होने की खबर लगी. तत्काल ही सर्प प्राणी विशेषज्ञ से संपर्क किया गया. जिनके द्वारा गुहेरा को पकड़ कर परिवार को भय मुक्त किया गया।

## मंडी कर्मचारी मांगों पर अड़े, चौथे दिन जारी रही हड़ताल

### किसी भी दबाव से नहीं लौटेंगे काम पर, मांगे पूरी करे शासन

### मंडी बोर्ड में संविलियन नहीं होने तक जारी रहेगी हड़ताल



**सिहोरा, देशबन्धु।** संयुक्त मोर्चा संघ मंडी बोर्ड भोपाल के आह्वान पर मंडी समिति के कर्मचारियों की हड़ताल लगातार तीसरे दिन भी जारी रही। हड़ताल को लेकर सिहोरा कृषि उपज मंडी समिति के कर्मचारी मंडी गेट पर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे रहे। कर्मचारियों का कहना है कि जब तक उनका मंडी बोर्ड सम्मिलन नहीं होता उनकी हड़ताल जारी रहेगी।और हम किसी भी दबाव में आकर अपने आंदोलन को समाप्त नहीं करेंगे अपना हक लेकर रहेंगे।संयुक्त संघर्ष मोर्चा भोपाल की संयोजक ब फौजदार ने प्रदेश स्तर पर सभी मंडी के कर्मचारियों से चर्चा की और शासन को उनके द्वारा स्पष्ट किया गया कि जब तक मध्य प्रदेश की समस्त मंदिरों में कार्यरत कर्मचारियों को मध्य प्रदेश कृषि मंडी बोर्ड में सम्मिलन नहीं किया जाता तब तक उनकी हड़ताल जारी रहेगी हम किसी भी दबाव में अपना संघर्ष समाप्त नहीं करेंगे हमारी जायज माँगों को शासन पूरा करे। हड़ताल में मंडी कर्मचारी संघ संरक्षक सविता धुर्वे, कर्मचारी संघ अध्यक्ष राम रूद्र तिवारी, उपाध्यक्ष सुलेखा सलाम, ऋतुराज तिवारी, प्रियंका शुक्ला, दुर्गेश नंदिनी सिंह, पुष्पलता सिंह, इंदु लता धुर्वे, लेमेक सोना, मनीष उपाध्याय, योगेश सोंधिया, सौरव मिश्रा, अभय दुबे, अनिकेत सिंह, संतोष सिंह, खेमा कुमार पनिका, हरिप्रसाद, विवेक गुप्ता, अजीत तिवारी, नितिन गुप्ता, दिनेश लोखंडे, राहुल सेन, जनार्दन तिवारी, रमेश तिवारी, राजाराम पटेल, दुर्गा पटेल, मंजू सोनी शामिल रहे।

## पर्यूषण पर्व में नगर में मची है धूम, उत्तम मारदव धर्म पर हुए प्रवचन



**पनागर, देशबन्धु।** दशलक्षण पर्यूषण पावन पर्व के अवसर पर नगर में विविध आयोजन हो रहे हैं प्रात: पूजा अर्चना भगवान की अभिषेक शांति धारा के साथ दशलक्षण धर्म पर प्रवचन भी नगर में चल रहे हैं बड़े बाबा शांतिनाथ भगवान की नगरी पनागर में ब्रह्मचारिणी दीदी द्वारा बहुत ही सारगर्वित प्रवचन माला चल रही है पुरुष महिला बच्चे सभी धर्म प्रेमी जान लाभ ले रहे हैं।

बड़े मंदिर स्थित में प्रवचन किए जा रहे हैं दूर-दूर से भक्तजन भगवान के दर्शन लाभ लेकर पुनर्जन कर रहे हैं प्रतिदिन बड़े मंदिर में प्रात: 6.45 बजे अरहम ध्यान योग 7 बजे सामूहिक अभिषेक पूजन 8.30 बजे तत्वार्थ सूत्र का वचन हो रहा है एवं दीदी जी द्वारा अर्थ 7.30 बजे रात्रि में आरती नृत्य आर्केस्ट्रा पार्टी द्वारा 8.30 बजे से प्रवचन बड़े मंदिर की में 9.30 बजे से विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम समस्त कार्यक्रम बड़े मंदिर जी में हो रहे हैं। इस अवसर पर ब्रति श्रावक दंपति डॉ उज्ज्वला, डॉ सुरेश औरंगाबाद के सानिध्य में हो रहे हैं प्रबंधकारिणी सभा पनागर ने समस्त धर्म प्रेमी जनसे उपस्थित होकर धर्म लाभ लेने की अपील की है।

## गणेश उत्सव की मची है धूम, जगह-जगह विराजे भगवान विघ्नहर्ता



**पनागर, देशबन्धु।** प्रथम पूज्य भगवान गणेश उत्सव का पर्व नगर में बड़े धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है नगर में अभिमन्यु चौक में अटल गणेश उत्सव समिति की तत्वाधान में इस वर्ष पुणे विशाल प्रतिमा स्थापित की गई है प्रतिदिन सुबह और शाम को भगवान गणेश जी की पूजा अर्चना की जाती है महिलाओं द्वारा भक्तों का कार्यक्रम भी किया जा रहा है संपूर्ण नगर में इस पर्व के प्रति विशेष उत्साह है नगर का युवा वर्ग भी जोर जोर से भगवान की भक्ति में लगे हैं।

## जारगा-जारगी के जंगल में मिला महिला का शव

### पुलिस ने कहा- चेहरे पर हैं चोट के निशान साध्वी बनने घर से निकली थी महिला



**मंडला, देशबन्धु।** मंडला जिले के महाराजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत जारगा-जारगी के नजदीक जंगल में एक साध्वी महिला का शव मिला। शव के पास से महिला का आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेज पाए गए हैं। इससे उसकी पहचान छत्तीसगढ़ निवासी भगवनिया बाई राठौड़ के तौर पर हुई है। प्राथमिक तौर पर मामला संदिग्ध लगने की वजह से पुलिस मामले की बारीकी से छानबीन कर रही है। एसपी रजत सकलेचा ने बताया कि सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया। यह शव 55-60 वर्षीय महिला है। जिसके चेहरे पर चोट का निशान है। पहचान छत्तीसगढ़ निवासी भगवनिया बाई राठौड़ के तौर पर हुई है। एसपी ने बताया कि महिला ने काफी पहले अपना घर छोड़ दिया था और साध्वी की तरह रहती थी। शव में कुछ चोट के निशान हैं और कपड़े भी क्षत-विक्षत हैं। इसलिए सभी बिंदुओं को देखते हुए एफएसएल और पीएम की रिपोर्ट के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। फिलहाल महाराजपुर पुलिस द्वारा मामले की विवेचना की जा रही है।

## एटीएम कार्ड बदलकर रुपए निकालने वाला शातिर आरोपी गिरफ्तार, 4 एटीएम कार्ड सहित 1 लाख 5 हजार रुपए जब्त



**अनूपपुर, देशबन्धु।** रामनगर पुलिस ने एटीएम कार्ड बदलकर बैंक उपभोक्ताओं से धोखाधड़ी कर एटीएम से रूपये निकालने वाले एक आरोपी रामनिवास शाह निवासी ग्राम राजमिलान थाना माड़ा जिला सिंगरौली को गिरफ्तार करते हुये उसके कब्जे से 20 हजार नगद सहित 4 एटीएम कार्ड जब्त करते हुये उसके खिलाफ धारा 379, 419, 420 के तहत मामला दर्ज किया गया। जहां पूछताछ पर आरोपी ने बिजुरी थाना क्षेत्र में दो लोगो सहित मनेन्द्रगढ़ छत्तीसगढ़ में भी एटीएम बदलकर धोखाधड़ी किया जाना स्वीकार किया गया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के इलाहाबाद बैंक बैढ़न जिला सिंगरौली खोले गये बैंक खाता को फ्रीज करा दिया गया। पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह पवॉर ने बताया कि आरोपी के फ्रीज किये गये खाते में 85 हजार रूपये जमा थे, जिसे आरोपी ने एटीएम बदलकर की गई धोखाधड़ी से प्राप्त किये गये राशि को अपने बैंक खाता में जमा करता था।

**यह था मामला** - पुलिस अधीक्षक कार्यालय में 21 सितम्बर को आयोजित प्रेस वर्ता के दौरान पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह पवॉर ने बताया कि रामनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत न्यू डोला हंसनगर निवासी उदयराज पथरौल पिता रामराज उम्र 23 वर्ष ने थाना में शिकायत दर्ज कराई कि 20 अगस्त की दोपहर लगभग 4 बजे वह राजनगर भगत सिंह चैक स्थित स्टेट बैंक के एटीएम में रूपये निकाल रहा था, तभी पीछे से 23 से 24 वर्षीय अज्ञात युवक वहां आकर खड़ा हो गया और जल्दी होने की बात कहकर अचानक मेरा एटीएम कार्ड बदल लिया। जिसके कुछ देर बार फरियादी उदयराज के सेंट्रल बैंक के खाते से 26 हजार रूपऐ निकालने का मैसेज उसे मिला, जिस पर उसने तत्काल ही रामनगर थाना प्रभारी अरविंद जैन को सूचना दी गई, जहां सूचना मिलते ही अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

**सीसीटीवी फुटेज से पकड़ाया**

**शातिर आरोपी** - प्रकरण में पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र सिंह पवॉर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार सिंह के निर्देशन में थाना प्रभारी रामनगर अरविंद जैन ने अज्ञात आरोपी की पतासाजी की गई। जहां उन्होने एटीएम में लगे सीसीटीवी सहित आसपास लगे सीसीटीवी को खंगाला गया तथा एटीएम व अन्य जगहो से प्राप्त सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आसपास के लोगो से पूछताछ करते हुये मुखबिर की सूचना पर उक्त आरोपी रामनिवास शाह को गिरफ्तार किया गया।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि वह ग्राम राजमिलान जिला सिंगरौली में कक्षा 12वीं तक पढ़ने के बाद सतना के एस.आर.के.सी.पी.एम कॉलेज से माईनिंग में डिप्लोमा कोर्स किया और 24 मार्च को एसईसीएल राजनगर कॉलरी में पीडीपीटी की ट्रेनिंग कर रहा था। आरोपी ने बताया कि एटीएम बूथ पर वारदात को रोकने के लिये खड़े होकर पासवर्ड देख लेता था और उनसे बातचीत के दौरान उनका एटीएम बदल लेता था।

## चीन में शक्तिशाली तूफान आने से 5 की मौत

**नानजिंग।** पूर्वी चीन के जियांग्सू प्रांत में दो टाउनशिप में शक्तिशाली तूफान आने से पांच लोगों की मौत हो गई और चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। तूफान सुकियान शहर में डैक्सिंग टाउनशिप और नानकाई टाउनशिप में शाम करीब पांच बजे आया। प्रारंभिक जांच से पता चला कि तूफान से 5,512 लोग प्रभावित हुए, 1,646 घरों को हानि पहुंची है और इनमें से 137 घर ढह गए। शहर के आपातकालीन प्रबंधन विभाग के अनुसार, कुल 41.8 हेक्टेयर फसल क्षतिग्रस्त हो गई और 405 लोगों को अस्थायी रूप से सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया गया।

# लॉरेंस बिश्नोई ने कराई खालिस्तानी आतंकी सुखदूल सिंह सुक्खा की हत्या, गैंग ने ली जिम्मेदारी



**नई दिल्ली।** जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई ने कनाडा में खालिस्तानी आतंकवादी सुखदूल सिंह सुक्खा की हत्या की जिम्मेदारी ली है। सुखदूल सिंह, जिसे सुक्खा डुनेके के नाम से भी जाना जाता है, कल रात कनाडा में अंतर-गिरोह हिंसा में मारा गया। डुनेके कनाडा में खालिस्तान आंदोलन में काफी सक्रिय था। खालिस्तानी आतंकवादी सुक्खा की हत्या कनाडा में ऐसे वक्त पर हुई है, जब कनाडा और भारत के बीच रिश्तों में पहले से ही ऐतिहासिक गिरावट जारी है। कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो जून में हुई खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के लिए भारतीय खुफिया एजेंसियों को जिम्मेदार बता चुके हैं।

सुखदूल सिंह पंजाब के मोगा का श्रेणी ए गैंगस्टर था। वह 2017 में फर्जी पासपोर्ट पर कनाडा भाग गया था। वह गैंगस्टर और खालिस्तानी आतंकवादी अर्शदीप दल्ला का करीबी सहयोगी माना जाता था। भारत की आतंकवाद विरोधी एजेंसी एनआईए द्वारा कल जारी सूची में उल्लिखित खालिस्तान और कनाडा से जुड़े 43 गैंगस्टरों में से एक था।

एक फेसबुक पोस्ट में, बिश्नोई के गिरोह ने दावा किया है कि सुक्खा ने गैंगस्टर गुरलाल बराड़ और विक्की मिद्दुखेड़ा की हत्या में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। गिरोह ने सुक्खा को एक ड्रग एडिक्ट करार दिया और कहा कि उसे अपने पापों की सजा मिली है। गिरोह ने साथ ही चेतावनी दी कि उनके दुश्मन चाहे वे भारत में हो या बाहर जीवित नहीं रह पाएंगे। सुक्खा की हत्या भारत और कनाडा के बीच बढ़े हुए राजनयिक तनाव के समय हुई है, जब कनाडाई प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो ने इस सप्ताह की शुरुआत में हाउस ऑफ कॉमन्स को बताया था कि उनकी सरकार पर खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय सरकारी एजेंटों के शामिल होने की जानकारी है। निज्जर की हत्या जून में कनाडा की धरती पर हुई थी। 45 वर्षीय भारतीय आतंकवादी और प्रतिबंधित खालिस्तान टाइगर फोर्स (चञ्ञस्न) के नेता हरदीप सिंह निज्जर की 18 जून को ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में एक गुरुद्वारे के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वह भारत के सर्वाधिक वांछित आतंकवादियों में से एक था। उसके सिर पर ? 10 लाख का इनाम था। गौरतलब है कि खालिस्तान मुद्दे को लेकर भारत और कनाडा के बीच तनाव बरकरार है, पंजाब पुलिस ने आज गैंगस्टर गोल्डी बराड़ के सहयोगियों पर राज्यव्यापी कार्रवाई शुरू की है, जो गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या का एक अन्य मुख्य आरोपी है। बराड़ का खालिस्तानी अलगाववादी आंदोलन से करीबी संबंध है और माना जाता है कि वह कनाडा में छिपा हुआ है।

# जस्टिन ट्रूडो के लिए कैसे गले की हड्डी बना खालिस्तान? न निगल पा रहे हैं न उगल, दुनियाभर में बदनामी



कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो खालिस्तान के मुद्दे पर चौतरफा घिरे हुए हैं। खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर की मौत का जिम्मेदार भारत को बताने वाले ट्रूडो की विश्व पटल पर काफी थू-थू हो रही है। ब्रिटिश सिख सांसदों प्रीत कौर गिल और तनमंजीत सिंह ढेसी ने भी कनाडा के इस रुख को चिंताजनक करार दिया है। कनाडाई नागरिक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत सरकार के एजेंट का हाथ होने के ट्रूडो के आरोपों के बाद कनाडा और भारत के बीच तल्खी भरे रिश्ते हैं। दोनों ने अपने-अपने देश में एक-दूसरे के वरिष्ठ राजनयिकों को मंगलवार को बुला लिया। भारत ने ट्रूडो के आरोपों को बेतुका और बेबुनियाद बताते हुए उन्हें सिरे से खारिज किया है। मगर सवाल यह उठता है कि आखिर कनाडा के पीएम को खालिस्तान को लेकर इतनी हमदर्दी क्यों है?

गले की हड्डी बना खासिस्तान

कई मीडिया रिपोर्ट्स बताती हैं कि कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो को उनकी अल्पमत सरकार बचाने के लिए खालिस्तान का सहारा लेना पड़ रहा है। मगर खालिस्तान ट्रूडो के लिए गले हड्डी बन गया है। राजनयिक हलकों का कहना है कि कनाडा को लंबे समय से खालिस्तानी आतंकवाद से परेशानी हो रहा है। जिसे कम नहीं किया जा सका, लेकिन समस्या को सुलझाने या कम करने के लिए कूटनीतिक के साथ-साथ व्यावसायिक और आर्थिक कारणों को भी प्राथमिकता देनी पड़ रही है।

कनाडा की सियासत खालिस्तान के करीब आने लगी। जिसकी वजह से कनाडा में समस्या टली नहीं, बल्कि और बढ़ गई। कनाडा के साथ भारत की तनातनी की जो छवि दुनिया के सामने आई है वह भारत के लिए बेहद असहज करने वाली स्थित है।

इसके अलावा कनाडा ने भारतीय शेयर बाजार में 1.177 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया है, माना जा रहा है कि मौजूदा अस्थिरता ने उस बड़े निवेश को खतरे में डाल दिया है। केंद्र को कनाडा की यात्रा करने वाले भारतीयों के लिए अत्यधिक सावधानी बरतने के लिए दिशानिर्देश जारी करने के लिए भी मजबूर किया गया है।

**क्यों खालिस्तान के मुरीद हैं जस्टिन ट्रूडो**

आज से नहीं, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की सरकार लंबे समय से सिख चरमपंथी संगठनों पर नरम रही है। यह मामला भारत के राजनयिकों के लिए अज्ञात नहीं है। ऐसा इसलिए है क्योंकि ट्रूडो एक अल्पमत सरकार का नेतृत्व कर रहे हैं जिसे सत्ता में काबिज रहने के लिए न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी के समर्थन की आवश्यकता है। इस न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता जगमीत सिंह खालिस्तानी नेताओं के करीबी माने जाते हैं। ट्रूडो द्वारा भारत पर खालिस्तानी नेता की हत्या में शामिल होने का आरोप लगाने के बाद जगमीत सिंह के बयान में भारत की भूमिका की कड़ी निंदा की गई। वोट बैंक की राजनीति और सरकार को बनाए रखने की अनिवार्यता के कारण ट्रूडो को हमेशा खालिस्तान मुद्दे पर आंखें मूंदनी पड़ी हैं। उन्होंने इस संबंध में भारतीय राजनयिकों की दलीलों और अनुरोधों पर ध्यान नहीं दिया।

**नहीं दे रहा कोई साथ**

रिपोर्ट्स की मानें तो जस्टिन ट्रूडो चाहकर भी अंतरराष्ट्रीय समुदाय को भारत के खिलाफ नहीं कर सकते। बताया गया है कि कनाडा की ओर से इसकी कोशिश पहले ही की जा चुकी है। कनाडा सरकार के अधिकारियों ने भारत के खिलाफ जवाबी कार्रवाई शुरू करने से पहले इस मुद्दे पर चर्चा करने के लिए अपने सहयोगियों (अमेरिका सहित कई देशों) से मुलाकात की। वॉशिंगटन पोस्ट में छपी खबर का कोई खास असर नहीं हुआ। वे भारत के खिलाफ कोई भी नकारात्मक बयान देने पर सहमत नहीं हुए।

## आज का इतिहास

1539 – सिख संप्रदाय के पहले गुरु गुरु नानक देव का करतारपुर में निधन। उन्होंने ही 'लंगर' की प्रथा शुरू की थी। 1789 – अमेरिकी कांग्रेस ने पोस्टमास्टर जनरल के कार्यालय को अधिकृत किया।
1792 – फ्रांस गणराज्य की स्थापना की घोषणा हुई।
1903 – अमेरिकी नागरिक इटालो मार्चिओनी को आइसक्रीम कोन के लिए पेटेंट दिया गया।
1914 – मद्रास बंदरगाह पर जर्मन युद्धपोत इम्देन ने बमबारी की।
1949 – सोवियत संघ ने पहला परमाणु बम का सफलतापूर्वक परीक्षण किया।
1955 – ब्रिटेन में टेलीविजन का व्यावसायीकरण शुरू हुआ। इसमें प्रत्येक घंटे सिर्फ छह मिनट ही विज्ञापन के प्रसारण की अनुमति दी गयी और रविवार सुबह में इसे चलाने की इजाजत नहीं थी।
1961 – अमेरिकी राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी ने शांति कोर की स्थापना के लिये कांग्रेस के अधिनियम पर हस्ताक्षर किए। 1966 – अमेरिकी यान 'सर्वेयर 2' चंद्रमा की सतह से टकराया।
1977 – अमेरिकी फुटबॉल टीम पेले के नेतृत्व में दो प्रदर्शनी मैच खेलने कलकत्ता (अब कोलकाता) पहुंची।
1979 – जमीयत-ए-इस्लाम के संस्थापक मौलाना अब्दुल अली मौदूदी का निधन।

## सुडोकू 6324

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | | | | | | 9 | | 7 |
| | | 9 | | | 8 | | 6 | |
| | | 2 | | 5 | | | | |
| | | | 6 | 9 | | | 2 | 5 |
| | | 6 | 5 | | 4 | 7 | | |
| 5 | 8 | | | 3 | 2 | | | |
| | | | | 7 | | 2 | | |
| | 2 | | 1 | | | 3 | | |
| 7 | | 5 | | | | | | 8 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## तमिलनाडु विधानसभा का अगला सत्र नौ अक्टूबर से

**चेन्नई।** तमिलनाडु विधानसभा का अगला सत्र नौ अक्टूबर से शुरू होगा। तमिलनाडु विधानसभा अध्यक्ष एम. अप्पावु ने कहा कि विधानसभा सत्र राज्य सचिवालय परिसर के विधानसभा हॉल में सुबह 10 बजे शुरू होगा। सत्र के संक्षिप्त होने की संभावना है। इस दौरान विभिन्न विभागों के खर्चों के लिए अतिरिक्त अनुदान को मंजूरी प्रदान की जाएगी। इस सत्र के हंगामेदार रहने का अनुमान है। मुख्य विपक्षी दल अन्नाद्रमुक एक धनशोधन मामले में मंत्री वी.सेंथिलबालाजी की गिरफ्तारी के बाद उन्हें बिना विभाग के मंत्री बनाए रखने सहित कई मुद्दों को उठाना चाहता है। साथ ही, विपक्ष कर्नाटक और तमिलनाडु के बीच कावेरी नदी जल मुद्दा, कानून व्यवस्था की स्थिति और राज्य संबंधित अन्य मुद्दों को भी उठा सकता है, जिसमें सनातन धर्म के खिलाफ की गई टिप्पणी से उत्पन्न हालिया विवाद भी शामिल है।

## तेलंगाना में सड़क दुर्घटना में छह लोगों की मौत

**हैदराबाद।** तेलंगाना में बुधवार को दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में छह लोगों की मौत हो गई और अन्य सात लोग घायल हो गए। राज्य में पहली दुर्घटना उस समय हुई जब तेलंगाना राज्य सड़क परिवहन निगम की एक बस 36 यात्रियों को लेकर थोरूर से हैदराबाद जा रही थी और यादाद्री भुवनगिरी जिले के अड्डागुडुर मंडल के बोड्डुगुडेम के पास बस अचानक से अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई और अन्य पांच लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सूर्यापेट जिले के तिरुमलागिरी सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## तेलंगाना सरकार ने किया व्हाट्सएप चैनल लॉन्च

**हैदराबाद,** (देशबन्धु)। तेलंगाना सरकार समय-समय पर लोगों तक आधिकारिक जानकारी और सेवाएं पहुंचाने के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी मीडिया और प्लेटफार्मों का उपयोग कर रही है। इस संबंध में, तेलंगाना मुख्यमंत्री कार्यालय सीएमओ में बुधवार को एक व्हाट्सएप चैनल लॉन्च किया। इस चैनल के माध्यम से, सरकार सीएमओ से नागरिकों तक की घोषणाओं को प्रसारित करती है। इसके लिए मुख्यमंत्री कार्यालय तेलंगाना सीएमओ के व्हाट्सएप चैनल का उपयोग करके लोग सीएम केसीआर की खबरों से अपडेट रह सकते हैं।

# लौटते ही फिर क्यों लंदन भागे शहबाज शरीफ,दो दिन भी नहीं रुक पाए पाकिस्तान,कयास तेज



**इस्लामाबा।** यूके से पाकिस्तान लौटने के 48 घंटे के अंदर ही पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को फिर अपना देश छोड़ना पड़ा। गुरुवार को वह फिर से लंदन लौट गए हैं। हालांकि उनके ऐसा करने पर तरह-तरह के कयास लगने लगे हैं। कार्यकारी प्रधानमंत्री को अपना पदबार सौंपने के बाद शहबाज शरीफ नवाज शरीफ से मिलने लंदन गए थे। वहां कई सप्ताह रहने के बाद वह पाकिस्तान लौटे। उन्होंने यह भी कहा था कि जल्द नवाज शरीफ पाकिस्तान आएंगे और चुनाव का कार्यभार संभालेंगे।

क्यों कयासों का बाजार गर्म

पाकिस्तान में कयासों का बाजार इसलिए गर्म है क्योंकि पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान मुस्लिम लीग (नवाज) पार्टी के चीफ नवाज शरीफ की बेटी मरियम नवाज भी लंदन पहुंच रही हैं। शहबाज और मरियम लगभग साथ में ही अलग-अलग फ्लाइट से लंदन पहुंचेंगी। कुछ दिन पहल मरियम नवाज ने शरीफ को राजनीति से बाहर करने की साजिश का भी आरोप लगाया था।

पाकिस्तानी अखबार डॉन के मुताबिक नवाज शरीफ और शहबाज शरीफ बेहद अहम मुलाकात करने वाले हैं। पार्टी के एक शख्स के हवाले से पाकिस्तानी मीडिया का कहना है कि चुनाव को लेकर दोनों भाई चर्चा करना चाहते हैं। हालांकि कोई ऐसी महत्वपूर्ण बात है जिसपर फोन पर चर्चा नहीं की जा सकती। इसीलिए शहबाज शरीफ आमने-सामने मुलाकात करने के लिए लंदन चले गए हैं। वहीं पार्टी के एक दूसरे शख्स के हवाले से बताया गया कि शहबाज शरीफ और मरियम नवाज के बीच लाहौर में मीटिंग हुई थी। इसमें नवाज के लौटने को लेकर बातचीत की गई।

डॉन ने सूत्रों के हवाले से कहा कि मरियम नवाज और शहबाज शरीफ के बीच इस बात को लेकर भी चर्चा हुई कि चुनाव में प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार कौन होगा। हालांकि मरियम नवाज ने पहले कहा था कि वह लंदन अपने पिता से मुलाकात करने और बेटी के ऐडमिशन के सिलसिले में जाएंगी। वहीं नवाज शरीफ 21 अक्टूबर तक पाकिस्तान वापस आने का प्लान बना रहे हैं। शहबाज शरीफ के इस तरह से अचानक लंदन वापस लौट जाने से पार्टी के भी नेता हैरान हैं।

# जब जस्टिन ट्रूडो के पिता को इंदिरा गांधी ने दिया था मुंहतोड़ जवाब

भारत और कनाडा दोनों राष्ट्रमंडल के सदस्य देश हैं। कनाडा को 1867 में स्वतंत्रता मिली थी, जबकि भारत 1947 में आजाद हुआ। 1947 से ही दोनों देशों के बीच एक विशेष किस्म की बॉन्डिंग और लगाव रहा है। दोनों देशों ने कई क्षेत्रों में मिलकर भी काम किया है। उदाहरण के लिए, कोरिया युद्ध के बाद भारत ने तटस्थ राष्ट्र प्रत्यावर्तन आयोग की अध्यक्षता की थी, उस आयोग में कनाडा भी एक सदस्य था। वैश्विक मामलों में भारत ने तुलनात्मक रूप से प्रमुख भूमिका निभाई, जबकि कनाडा की भूमिका भारत के समर्थक के रूप में रही है।

हालांकि, भारत और कनाडा के बीच संबंधों में तनाव भी उसी दौर से शुरू हुआ, जब 1948 में कनाडा ने कश्मीर में जनमत संग्रह को अपना समर्थन दिया था। 1951 तक आते-आते भारत के संबंध कनाडा से बेहतर हो गए। कनाडा ने अनाज, फाइनेंस और तकनीकी के क्षेत्र में मदद की। संबंधों में उतार-चढ़ाव के बीच पूर्व प्रधानमंत्री ज्यां चेरेतिन 1966 में भारत आए तो दोनों देशों के संबंधों में फिर से गर्माटह आ गई। वह उस वक्त प्रधानमंत्री लिस्टर पियर्सन के संसदीय सचिव थे।

उनके बाद जस्टिन ट्रूडो के पिता पियरे ट्रूडो जब 1968 से 79 तक प्रधानमंत्री रहे तो एक बार फिर भारत संग कनाडा के रिश्ते खराब हो गए। भारत ने जब मई 1974 में पहला परमाणु परीक्षण (पोखरण-द्ब) किया तो कनाडाई प्रधानमंत्री सीनियर ट्रूडो ने अमेरिका की ही तरह उस पर घोर आपत्ति जताई। दरअसल, परमाणु उपकरण में इस्तेमाल किए गए प्लूटोनियम का उत्पादन कनाडाई सहायता प्राप्त परमाणु रिएक्टर-ष्टद्बक्रस् ने किया था। इससे पहले, भारतीय अधिकारियों ने कनाडा को बार-बार आश्वासन दिया था कि सरकार का इरादा परमाणु उपकरण में विस्फोट करने का नहीं है।

## वर्ग पहेली 6324

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | १६ | १७ | ■ |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | २३ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. एक मणि जो चंद्रमा के किरणों से पसीज जाता है, कुमुद, चंद्रकांत
३. अंधेरा
५. निंदित,नीच
६. निर्दयी, पाषाण हृदय (उर्दू)
७. उत्तराधिकार से प्राप्त धनपर लगने वाला कर
९. निधन, मृत्यु
१०. लिहाज़ा, इसलिए
१२. उदासीन, तटस्थ, मुखरहित
१३. वैसा होने पर भी, तो भी
१४. सुरक्षित, सकुशल (उर्दू)
१६. फायदा, लाभ (उर्दू)
१८. फूल, पुष्प
२०. नगाड़ा (उर्दू)
२१. बातचीत
२३. आलोकित होना, प्रकाशवान होना

**ऊपर से नीचे:-**

१. सौ पैरों वाला, कनखजूरा
२. दीप्तिहीन, आभाहीन
३. परिवर्तित, अंतरण किया हुआ
४. करने वाला
५. वह देवता जिसकी पूजा कुल विशेष में पीढ़ियों से होती आ रही हो
८. मुर्गा
१०. आगे का, आने वाला
११. अकेला
१२. जंगल, वन
१३. उसके समान
१४. विनयपूर्वक, विनम्र
१५. ब्राह्मणों के लिए एक सम्मानसूचक संबोधन
१७. दूरी, अंतर (उर्दू)
१८. जहा जाना आसान हो, आसान
१९. झुकाना
२२. किंतु, में, लेकिन

## वर्ग पहेली-6323

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ अ | नु | २ प्र | स्था | ३ न | ■ | ४ अ | सं | ५ भ | व |
| नु | ■ | रो | ■ | ६ र | क्त | प | ■ | गि | ■ |
| ७ र | क्ता | क्ष | ■ | सं | ■ | ८ ना | ज | नी | ९ न |
| क्त | ■ | क | ■ | १० हा | र | ना | ■ | ■ | ग |
| ■ | ११ स | र | १२ का | र | ■ | ■ | १३ सं | त | रा |
| ■ | ह | ■ | र | ■ | १४ नि | र्दे | श | ■ | ग |
| १५ शी | र्ष | १६ को | ण | ■ | ह | ■ | १७ य | १८ ती | म |
| र्षा | ■ | ला | ■ | १९ उ | त्था | २० न | ■ | स | ■ |
| २१ स | ला | ह | ■ | जा | ■ | २२ जा | फ | रा | २३ न |
| न | ■ | २४ ल | क | ड़ | हा | रा | ■ | ■ | ग |

**युसूफ कुरैशी,** मो. 8109948408

**चिंता** *जम्मू-कश्मीर में फिर डराने लगी आतंकियों की मौजूदगी*

# कनाडा की एडवाइजरी से पर्यटन व्यवसाय पर मंडराया खतरा

**■ सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, (देशबन्धु)। कश्मीर में जी-20 सम्मेलन के बाद कश्मीर में आने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या के प्रति जो दावे किए जा रहे थे अब उस संभावनाओं पर दो कुठाराघात हुए हैं। पहला, सात दिनों तक चली अनंतनाग की जंग जिसमें पहली बार आतंकी 3 बड़े अफसरों की जान लेने में कामयाब रहे।**

इसमें पहली बार युद्ध में इस्तेमाल किए जाने वाले हथियारों का इस्तेमाल हुआ था और दूसरी ओर अब कनाडा सरकार द्वारा अपने नागरिकों के लिए जम्मू-कश्मीर जाना प्रतिबंधित किए जाने से अमेरीका द्वारा पहले ही ऐसी एडवाइजरी जारी की जा चुकी है। जी-20 के बाद यह दावा किया जाने लगा था कि कश्मीर में विदेशी टूरिस्टों की संख्या में 700 परसेंट बढ़ोतरी हुई है। असल में ऐसा कई देशों द्वारा अपने



**■ अभी तक 1.27 करोड़ देसी पर्यटकों ने किया जम्मू-कश्मीर का दौरा**

नागरिकों पर कश्मीर जाने पर लगाए गए प्रतिबंधों में ढील दिए जाने के कारण हुआ था। पर अब यह खुशी नदारद होने लगी है। कारण स्पष्ट है। अनंतनाग में आतंकवाद के इतिहास की सबसे भयानक जंग, जिसमें एक ओर 3 आतंकी थे और दूसरी ओर 3 हजार जवान, ने कश्मीर के प्रति अन्य देशों की सरकारों का नजरिया फिर से बदल दिया है। एक लंबे अरसे के बाद कश्मीर आने वाले विदेशी टूरिस्टों की संख्या में भारी उछाल आया था। प्रशासन कहता है यह जी-20 की बैठक का नतीजा है। इस साल चाहे रिकार्ड तोड़ 1.27 करोड़ देसी पर्यटकों ने अभी तक जम्मू कश्मीर का दौरा किया है पर कश्मीरियों को सबसे ज्यादा खुशी विदेशी पर्यटकों के आने से हो रही है, चाहे विदेशी पर्यटकों की संख्या मुट्ठी भर ही है।

पर अभी अब कनाडा और अमेरीका द्वारा अपने नागरिकों पर जम्मू कश्मीर जाने पर लगाई गई पाबंदियों के कारण पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ दिखी हैं। अनंतनाग की जंग से पहले पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोग उम्मीद लगाए बैठे थे कि इस बार सर्दियों में कश्मीर की खूबसूरती निहारने विदेशी पर्यटक बड़ी संख्या में आएगें।

पर अब ऐसी उम्मीद क्षीण होने लगी है। इसमें कनाडा द्वारा ताजा विवाद के बाद अपने नागरिकों को जारी की गई ताजा एडवाइजरी भी शामिल है जिसमें जम्मू-कश्मीर को एक बार फिर सबसे खतरनाक इलाकों की सूची में डाल दिया गया है। दरअसल अनंतनाग देशी व विदेशी पर्यटकों के लिए एक अहम स्थान रखता है जिसमें पहलगाम, अमरनाथ यात्रा, बेताब व अरू वैली जैसे पर्यटनस्थल शामिल हैं। अब इस इलाके में आतंकियों की मौजूदगी सबको डराने लगी है।

पहलगाम में होटल चलाने वाले अब्दुल समद कहते थे कि पहलगाम के पहाड़ों पर ट्रैकिंग को आने वाले विदेशी पर्यटकों ने अब बुकिंगें कैंसिल करनी भी आरंभ कर दी हैं।

# खेल जगत

## भारत के खिलाफ वनडे सीरीज से पहले स्टीव स्मिथ की ऑस्ट्रेलियाई टीम में वापसी

**मोहाली।** टीम इंडिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई धाकड़ बल्लेबाज स्टीव स्मिथ चोट से ठीक होने के बाद टीम में वापसी करने के लिए तैयार हैं। स्मिथ, कप्तान पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क इस सप्ताह भारत में ऑस्ट्रेलिया वनडे टीम में शामिल हो गए हैं। साथ ही ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल भी वनडे विश्व कप की तैयारियों को तेज करने के लिए भारत के खिलाफ शुक्रवार की श्रृंखला के शुरूआती मैच से पहले टीम के साथ जल्द जुड़ जाएंगे। कलाई की चोट से उबरकर वापसी करने वाले आस्ट्रेलिया के बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने भारत के खिलाफ पहले वनडे से पूर्व नेट पर दो घंटे बल्लेबाजी करने के बाद कहा कि उन्हें बहुत अच्छा महसूस हो रहा है।



# अश्विन व सुंदर के लिए भारतीय टीम में दावेदारी का आखिरी मौका

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली (देशबन्धु)। भारत के अनुभवी ऑफ स्पिन ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन और वाशिंगटन सुंदर के लिए मेहमान ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने घर में तीन वन डे अंतर्राष्ट्रीय मैचों की क्रिकेट सीरीज करीब एक पखवाड़े के भीतर शुरू हो रहे आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप से पहले टीम के लिए अपनी दावेदारी पेश करने का आखिरी मौका है। दरअसल बांग्लादेश के खिलाफ आखिरी सुपर 4 मैच में हाथ में चोट के चलते फिलहाल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू के दो वन डे से बाहर बाएं हाथ के स्पिनर ऑलराउंडर अक्षर पटेल के बाहर होने से ही अश्विन और सुंदर को वन डे विश्व कप में खेलने की उम्मीद जगी है। भारत यदि अश्विन और सुंदर दोनों को ही शुक्रवार को मोहाली में सीरीज के पहले और और फिर 24 सितंबर को इंदौर में दूसरे वन डे अंतर्राष्ट्रीय मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सपाट पिचों पर मौका देता है यह इन दोनों के लिए अग्नि परीक्षा साबित होने वाला है। यह वन डे सीरीज भारत और ऑस्ट्रेलिया के लिए वन डे विश्व कप से पहले अपने सभी विकल्पों को आजमाने का आखिरी मौका है। भारत को इस वन डे सीरीज में फिलहाल चोट से उबरने में जुटे ऑलराउंडर अक्षर पटेल और ऑस्ट्रेलिया को हाथ में फ्रैक्चर के कारण वन डे विश्व कप से बाहर विस्फोटक बल्लेबाज ट्रेविज हेड की कमी अखरेगी। दरअसल ऑलराउंडर अक्षर पटेल भारत के बल्लेबाजी में आठवें नंबर पर बड़ा विकल्प देते हैं। वहीं ऑस्ट्रेलिया के लिए भारत की धरती पर वन डे विश्व कप से पहले यह तीन वन डे मैचों की सीरीज अपने सभी विकल्पों को आखिरी मौका है। भारत की टीम हाल ही में श्रीलंका को उसके घर एशिया कप फाइनल सहित अपने पिछले पांच मैच जीत कर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलने उतरेगी और इससे उसके हौसले बेशक बुलंद होंगे।





वहीं ऑस्ट्रेलिया की टीम दक्षिण अफ्रीका से उसके घर में शुरू के दो वन डे मैच जीतने के बाद आखिर के लगातार तीन मैच हार कर सीरीज 2-3 से हार कर भारत पहुंची है। शुरू के दोनों वन डे में नियमित कप्तान रोहित को आराम देने और चोट के बाद शतक के साथ एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ अहम सुपर 4 मैच में वापसी करने वाले केएल राहुल को कप्तान और उपकप्तान बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा को खासतौर पर ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम के खिलाफ यह सीरीज खुद को वन डे विश्व कप से पहले जेहनी तौर पर बेहतर ढंग से तैयार करने में मददगार होगी। रोहित शर्मा की अगुआई में भारत अपने घर में इस साल मार्च में मेहमान ऑस्ट्रेलिया से तीन वन डे अंतर्राष्ट्रीय मैचों की सीरीज वानखेड़े स्टेडियम में पहला मैच पांच विकेट से जीतने के बावजूद 1-2 से हार गया और तब सूर्य कुमार यादव लगातार तीन मैचों में शून्य पर आउट हो गए थे और वह इसकी कसक मिटाने को बेताब होंगे। वहीं भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के मिचेल मार्श तीन वन डे मैचों की सीरीज में दो अर्द्धशतक सहित सबसे ज्यादा 194 रन बनाकर मैन ऑफ द' सीरीज रहे थे। नियमित कप्तान रोहित शर्मा और विराट, ऑलराउंडर हार्दिक पांडया और बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव को शुरू के दो वन डे में आराम दिए जाने के कारण शुक्रवार को मोहाली में श्रेयस अय्यर और सूर्य कुमार यादव को भारत की एकादश में मौका मिलने की संभावना है। भारत की शुरू के दोनों वन डे अंतर्राष्ट्रीय मैचों में कप्तानी करने जा रहे कप्तान केएल राहुल और टीम प्रबंधन को यह बात जेहन में रखनी होगी कि ऑस्ट्रेलिया की टीम जब अंतिम बार मोहाली में 2019 में उसके खिलाफ वन डे में खेली थी तो उसने 359 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा कर जीत दर्ज की थी। भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी इस वन डे सीरीज में डेविड वॉर्नर, मिचेल मार्श, स्टीव स्मिथ व मरनस लबुशन पर निर्भर रहने वाली है। यह देखना दिलचस्प होगा कि ऑस्ट्रेलिया स्मिथ और लबुशेन को एक साथ एकादश में शामिल करने का रास्ता किस तरह तलाशता है।ऑस्ट्रेलिया को तेज गेंदबाज स्टार्क पहले मैच के लिए उपलब्ध नहीं है और ऐसे में तेज गेंदबाज स्पेंसर जॉनसन अथवा भारतीय मूल के ऑलराउंडर तनवीर सांगा में से किसी को एकादश में शामिल कर सकता है। कैमरून ग्रीन और मरकस स्टोइनस अनुभवी कप्तान पैट कमिंस और जोश हेजलवुड के साथ बतौर तेज गेंदबाज ऑस्ट्रेलिया को पर्याप्त विकल्प देंगे। ये सभी तेज गेंदबाज लेग जम्पा के साथ मिलकर भारतीय बल्लेबाजों का इम्तिहान लेंगे। ऑस्ट्रेलिया के कई खिलाड़ी चोट के बाद वापसी कर टीम में लौटे हैं। ऑस्ट्रेलिया के नजरिए से ट्रेविज हेड के चोट से बाहर होने लेकिन नियमित कप्तान पैट कमिंस, स्टीव स्मिथ, मिचेल मार्श और ग्लेन मैक्सवेल का भारत के खिलाफ पहले वन डे से पहले फिट होना जरूर सुखद है। बस भारत के खिलाफ तीन वन डे मैचों की सीरीज में आस्ट्रेलिया यह जरूर देखना चाहेगा कि ये तीनों धुरंधर कितने मैच फिट है।

भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस साल के शुरू में भी वन डे क्रिकेट सीरीज खेली थी। अब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यह सीरीज वन डे विश्व कप से पहले आखिरी सीरीज होगी और इसमें वह भी अब जो भी बाकी थोड़े बहुत प्रयोग करना चाहता है जरूर करेगा। भारत के लिए यह वन डे सीरीज इसलिए अहम है क्योंकि वह अपने घर में वन डे विश्व कप में अपने अभियान का आगाज चेन्नै में आठ अक्टूबर को मैच से करेगा। भारत बतौर बल्लेबाज श्रेयस अय्यर, वन डे में अब तक पैर जमाने में नाकाम सूर्य कुमार यादव तथा तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को वन डे विश्व कप के लिए टीम में होने से पहले जरूर आजमाना चाहेगा। यह दिलचस्प होगा कि क्या भारत जसप्रीत बुमराह और अब फिर से आईसीसी गेंदबाजी रैंकिंग में दुनिया के नंबर एक गेंदबाज बन चुके मोहम्मद सिराज में से किसी एक को बाहर रख कर शमी को भी वन डे विश्व कप के लिए मैच फिट रखने का दांव खेलेगा।

# श्रीधरन श्रीराम तकनीकी सलाहकार के रूप में बांग्लादेश टीम में लौटे

**ढाका।** भारत के पूर्व बाएं हाथ के स्पिनर श्रीधरन श्रीराम आगामी पुरुष एकदिवसीय विश्व कप के लिए टीम के तकनीकी सलाहकार के रूप में बांग्लादेश टीम में लौट आए हैं। श्रीराम 22 अगस्त से पिछले साल ऑस्ट्रेलिया में हुए टी20 वर्ल्ड कप तक बांग्लादेश टीम के साथ इस भूमिका में थे। ईएसपीएन क्रिकइन्फो की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत के लिए आठ वनडे खेलने वाले श्रीराम मुख्य टूर्नामेंट शुरू होने से पहले दो अभ्यास मैचों से पहले 27 सितंबर को गुवाहाटी में बांग्लादेश टीम में शामिल होंगे। श्रीराम इससे पहले छह साल तक ऑस्ट्रेलिया पुरुष टीम के स्पिन-गेंदबाजी कोच रहे थे।

रिपोर्ट में बीसीबी के क्रिकेट संचालन अध्यक्ष जलाल यूनुस के हवाले से कहा गया, श्रीराम तकनीकी सलाहकार के रूप में शामिल हुए हैं। हमें उनसे काफी तकनीकी सहायता मिलेगी। वह भारत के सभी विकेटों के बारे में जानते हैं। वह हमें मौसम की स्थिति के बारे में भी बता सकते हैं। हमारे बहुत कम खिलाड़ी भारत में खेले हैं, इसलिए उनका इनपुट काफी महत्वपूर्ण होगा।

श्रीराम के संरक्षण में, बांग्लादेश ने 2022 पुरुष टी20 विश्व कप में दो गेम जीते और अपने आखिरी ग्रुप मैच तक सेमीफाइनल में जगह बनाने की दौड़ में थे। टूर्नामेंट की समाप्ति के बाद, उन्होंने बांग्लादेश सेट-अप छोड़ दिया, जिसमें



वह एकदिवसीय विश्व कप से पहले फिर से शामिल हो गए हैं और टीम निदेशक खालिद महमूद को रिपोर्ट करेंगे।

श्रीराम को हाल ही में स्टार स्पोर्ट्स तमिल पर एशिया कप प्रसारण के लिए एक कमेंटेटर के रूप में देखा गया था, पहले रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) के साथ रहने के बाद, वह आईपीएल फ्रेंचाइजी लखनऊ सुपर जाइंट्स में उनके सहायक कोच के रूप में शामिल हुए।

उनके और महमूद के अलावा, बांग्लादेश के बैकरूम स्टाफ में मुख्य कोच चंडिका हथुरुसिंघे, सहायक कोच निक पोथास, तेज गेंदबाजी कोच एलन डोनाल्ड, स्पिन-गेंदबाजी कोच रंगना हेराथ, फील्डिंग कोच शेन मैकडरमॉट और सहायक फील्डिंग कोच फैसल हुसैन शामिल हैं।

# शरत कमल और मनिका बत्रा करेंगे भारत की टीटी टीम का नेतृत्व

**हांगझोऊ** 21 सितंबर (एजेंसियां)। शरत कमल और मनिका बत्रा के नेतृत्व में 10 सदस्यीय भारतीय टेबल टेनिस टीम एशियाई खेल 2023 में हिस्सा लेगी। टेबल टेनिस टूर्नामेंट 22 सितंबर से पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के हांगझोऊ में आयोजित किया जा रहा है।

टेबल टेनिस ने 1958 में महाद्वीपीय आयोजन के तीसरे संस्करण में एशियाई खेलों के इवेंट में अपनी जगह बनाई थी। उसके बाद से 1970 के संस्करण को छोड़कर हर संस्करण में इसे प्रदर्शित किया गया है।

हालांकि, एशियन गेम्स में टेबल टेनिस में पदक के लिए भारत का लंबा इंतजार साल 2018 में समाप्त हुआ, जहां शरत कमल और मनिका बत्रा ने जकार्ता में मिश्रित युगल प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता था। वहीं, एंथोनी अमलराज, हरमीत देसाई, साथियान गणानाशेखरन, मानव ठक्कर और शरत कमल ने पुरुष टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।

गोंगशू कैनाल स्पोर्ट्स पार्क जिम्नेजियम में एशियन गेम्स के 19वें संस्करण में सभी टेबल टेनिस मैचों का आयोजन किया जाएगा।

मिश्रित युगल फाइनल 30 सितंबर को खेला जाएगा, बाकी अन्य फाइनल मुकाबले एक अक्टूबर और दो अक्टूबर को आयोजित किए जाएंगे।

# ध्वजवाहक चुना मेरे लिए अत्यंत गौरव का क्षण : हरमनप्रीत

**नई दिल्ली ( देशबन्धु )।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हांगजू(चीन) में होने वाले 19 वे एशियाई खेलों में मुक्केबाज लवलिना बोरगोहन के साथ भारत के संयुक्त ध्वजवाहक चुने जाने बेहद खुश हैं।

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने बुधवार रात घोषणा की कि पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह जानी मानी मुक्केबाज लवलिना बोरगोहन के साथ एशियाई खेलों में शिरकत करने वाले 655 सदस्यीय भारतीय दल के संयुक्त ध्वजवाहक होंगे। हांगजू(चीन) में होने वाले 19 वें एशियाई खेलों में भारतीय दल का संयुक्त ध्वजवाहक चुने जाने पर खासे रोमांचित भारतीय पुरुष हॉकी टीम के हरमनप्रीत सिंह ने कहा, % मुक्केबाज लवलिना बोरगोहन के साथ हांगजू(चीन) में होने वाले 19 वें एशियाई खेलों में भारतीय दल का संयुक्त ध्वजवाहक चुना मेरे लिए अत्यंत गौरव का क्षण है। मेरे लिए यह अपने देश



■ मैं देश के तिरंगे झंडे को एशियाई खेलों में अत्यंत गर्व व विनम्रता से साथ लेकर चलूंगा

भारत के लिए बड़े स्तर पर नुमाइंदगी का मौका है और मैं इस सम्मान के लिए वाकई अभिभूत हूं। मैं इस पर अपनी साथी ध्वजवाहक मुक्केबाज लवलिना बोरगोहन को भी बधाई देता हूं। मैं पूरे जोश और दृढ़ संकल्प के साथ भारतीय दल का नेतृत्व करने को बेताब हूं, जिसने अब तक निरंतर मेरे करियर में मुझे प्रेरित किया है। यह आयोजन हमारे भारत की एकता और विविधता का सुबूत है। मैं उम्मीद करता हूं मैं अपने देश के तिरंगे झंडे को एशियाई खेलों में अत्यंत गर्व और विनम्रता से साथ लेकर चलूंगा।' भारतीय पुरुष हॉकी के पूर्व कप्तान धनराज पिल्लै (1998, 2002), महिला हॉकी टीम की कप्तान ज्योति सुनीता कुल्लू(2006), निशानेबाज गगन नारंग (2010), सरदार सिंह (2014) और जेवलिन थ्रोअर विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा(2018) में एशियाई खेलों में भारत के ध्वज वाहक रह चुके हैं।दुनिया के सबसे खतरनाक ड्रैग फ्लिकर और मुस्तैद फुलबैक में से एक भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह दुनिया भर के हॉकी प्रेमियों को अपने कौशल का मुरीद बना चुके हें और उन्हें 19 वें एशियाई खेलों में भारतीय दल का संयुक्त ध्वजवाहक घोषित किया जाना भारतीय हॉकीमें उनके उल्लेखनीय योगदान की मिसाल है।

## सार संक्षेप

### काशी में अर्ध चंद्राकार स्टेडियम के अनोखे वास्तुशिल्प में डमरू, बेलपत्र और त्रिशूल की दिखेगी झलक

**वाराणसी।** काशी के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में भगवान शिव और काशी की झलक देखने को मिलेगी। पूर्वांचल के खेल प्रेमियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की सौगात देने 23 सितंबर को काशी आ रहे हैं। 451 करोड़ के लागत से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम बनने से मैच देखने के साथ ही, इंटरनेशनल क्रिकेट का आधारभूत इंफ्रास्ट्रक्चर भी तैयार होगा। इस परियोजना में योगी सरकार ने जमीन अधिग्रहण पर 121 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। जबकि, बीसीसीआई 330 करोड़ रुपये खर्च करके स्टेडियम का निर्माण कराएगा। स्टेडियम के निर्माण के लिए 121 करोड़ कीमत की 30.86 एकड़ जमीन यूपीसीए को पट्टे पर दिया गया है। वाराणसी के राजातालाब इलाके के गंजारी गांव में रिंग रोड के पास स्टेडियम लगभग 30 महीनों में बनकर तैयार हो जाएगा। 30 हजार दर्शकों की क्षमता वाले स्टेडियम में 7 पिच (प्रैक्टिस और मेन विकेट) के अलावा अत्याधुनिक स्टेडियम निर्माण होगा। स्टेडियम के दिसंबर 2025 तक बनकर तैयार होना संभावित है।

### भारत के खिलाफ मैच से पहले पैट कमिंस ने स्टार्क-मैक्सवेल पर दिया अपडेट

**मोहाली।** ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने गुरुवार को टीम कॉम्बिनेशन का हवाला देते हुए मिचेल स्टार्क और ग्लेन मैक्सवेल की वापसी में देरी की पुष्टि की। दोनों खिलाड़ी शुक्रवार को भारत के खिलाफ मोहाली में होने वाले पहले मैच में नहीं खेलेंगे। ऑस्ट्रेलिया तीन मैचों की श्रृंखला के लिए 18 सदस्यीय टीम के साथ भारत पहुंचा है। ऑस्ट्रेलिया ने भारत दौरे के लिए स्टार्क और मैक्सवेल दोनों को अपनी टीम में शामिल किया है। गौरतलब है कि स्टार्क मोहाली में पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन में फिटनेस अभ्यास कर रहे थे।

### सुडोकू 6324 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 5 | 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 8 | 7 |
| 1 | 7 | 9 | 3 | 4 | 8 | 5 | 6 | 2 |
| 8 | 6 | 2 | 9 | 5 | 7 | 1 | 4 | 3 |
| 3 | 4 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 | 2 | 5 |
| 2 | 9 | 6 | 5 | 8 | 4 | 7 | 3 | 1 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 3 | 2 | 4 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 4 | 8 | 7 | 3 | 2 | 5 | 9 |
| 9 | 2 | 8 | 1 | 6 | 5 | 3 | 7 | 4 |
| 7 | 3 | 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 1 | 8 |

# वर्ल्ड कप के बाद लोगों के बीच शुभमन गिल और ज्यादा चर्चा में रहेंगे : सुरेश रैना

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना का मानना है कि विश्व कप 2023 खत्म होने के बाद, क्रिकेट जगत में लोग युवा बल्लेबाज शुभमन गिल के बारे में और अधिक बात करेंगे। 2018 अंडर-19 विश्व कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट और ट्रॉफी पर कब्जा जमाने वाली भारतीय अंडर-19 टीम के स्टार शुभमन गिल, अब भारतीय क्रिकेट में बड़ा नाम हैं। जब से उन्हें टीम इंडिया में डेब्यू का मौका मिला है उनका बल्ला रनों का अंबार लगा रहा है। खासतौर पर वनडे में वो शानदार पारियां खेल रहे हैं। लगातार अच्छे प्रदर्शन के कारण ये बल्लेबाज पिछले डेढ़ साल से टीम का हिस्सा है। बेहतरीन फॉर्म के दम पर गिल को इस साल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे मैचों के साथ-साथ घरेलू



धरती पर विश्व कप के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। वह हाल ही में एशिया कप में अग्रणी रन-स्कोरर थे। उन्होंने पांच मैचों में 75.50 की औसत और 93.50 की स्ट्राइक-रेट से 302 रन बनाए। हालांकि, एशिया कप से पहले वो वेस्टइंडीज दौरे पर फ्लॉप रहे थे जिसके कारण वो काफी ट्रोल भी हुए लेकिन एशिया कप में उनकी शानदार बल्लेबाजी ने आलोचकों के मुंह पर ताला लगा दिया। रैना ने जियो सिनेमा पर कहा, वह विश्व कप में सबसे महत्वपूर्ण खिलाड़ियों में से एक होगा। मुझे पता है कि वह सुपरस्टार और अगला विराट कोहली बनना चाहता है। वह पहले से ही इस ट्रैक पर है और इस विश्व कप के बाद हम उसके बारे में अधिक बार बात करेंगे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार को मोहाली के पीसीए स्टेडियम में होने वाला वनडे मैच में यह पहली बार होगा जब गिल अपने घरेलू मैदान पर कोई अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलेंगे। भारत की 2011 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रैना को लगता है कि गिल वही कर सकते हैं जो कप्तान रोहित शर्मा ने 2019 में बल्ले से किया था।

# ओलंपिक चैंपियन एश्टन ईटन बने दिल्ली हाफ मैराथन 2023 के इंटरनेशनल एम्बेसडर

**नई दिल्ली।** दो बार के ओलंपिक चैंपियन और डेकाथलॉन इवेंट में दो बार 9,000 से अधिक अंक हासिल करने वाले एकमात्र खिलाड़ी एश्टन ईटन 15 अक्टूबर, 2023 को होने वाले दिल्ली हाफ मैराथन के अंतर्राष्ट्रीय इवेंट एम्बेसडर होंगे।

प्रोकैम इंटरनेशनल के संयुक्त प्रबंध निदेशक विवेक सिंह ने कहा, हम वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन 2023 में सर्वकालिक महान एथलीटों में से एक एश्टन ईटन को अपने बीच पाकर बहुत उत्साहित हैं। उनकी खेल उपलब्धियां उल्लेखनीय हैं। उनकी उपस्थिति निश्चित रूप से हमारे सभी धावकों को प्रेरित करेगी और हम इससे बेहतर इंटरनेशनल इवेंट एम्बेसडर की उम्मीद नहीं कर सकते



थे। एश्टन ईटन ने लगातार ओलंपिक (2012 और 2016) में डेकाथलॉन इवेंट का गोल्ड जीता और एक विश्व रिकॉर्ड दर्ज किया। बड़ी बात यह है कि उन्होंने इसे छह साल तक कायम रखा, जब तक कि इसे फ्रांस के केविन मेयर ने नहीं तोड़ दिया।

ईटन ने डेकाथलॉन स्पर्धा में दो विश्व चैंपियनशिप स्वर्ण (2013 और 2015) और 2011 विश्व चैंपियनशिप में एक रजत पदक भी जीता। उन्हें 2015 में आईएएएफ एथलीट ऑफ द ईयर भी नामित किया गया था। इसके अलावा, उन्होंने हेप्टाथलॉन इवेंट में भी अपनी काबिलियत साबित की है। ईटन ने 2012 में आईएएएफ वर्ल्ड इंडोर चैंपियनशिप में 6,645 अंकों के स्कोर के साथ अपना हेप्टाथलॉन विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया। उन्हें हेप्टाथलॉन इवेंट में तीन विश्व इंडोर चैंपियनशिप गोल्ड (2012, 2014 और 2016) का भी श्रेय दिया जाता है। उच्चतम स्तर पर अपनी उपलब्धियों से पहले, ईटन ने एक कॉलेजिएट ट्रैक-एंड-फील्ड एथलीट के रूप में दुनिया में तहलका मचा दिया था।

# शैफाली और जेमिमा की तेज पारी, भारत की महिला क्रिकेट टीम सेमीफाइनल में

**नई दिल्ली** (देशबन्धु)। विस्फोटक सलामी बल्लेबाज शैफाली वर्मा के तूफानी अर्द्धशतक की बदौलत शीर्ष वरीयता प्राप्त भारत ने मलयेशिया के खिलाफ हांगजू(चीन) में एशियाई खेलों में महिला क्रिकेट के बारिश के कारण अधूरे बेनतीजा रहे क्वॉर्टर फाइनल में पनी उच्च वरीयता के चलते सेमीफाइनल में स्थान बना लिया। भारतीय महिला क्रिकेट टीम के सेमीफाइनल में बांग्लादेश से मुकाबले की पूरी उम्मीद है। दो मैचों के प्रतिबंध के कारण भारत की नियमित कप्तान हरमनप्रीत कौर इस मैच से बाहर रही और कप्तानी की जिम्मेदारी स्मृति मंधाना ने संभाली।

शैफाली वर्मा (67 रन, 39 गेंद, पांच छक्के, चार चौके) की अपनी कप्तान अपनी सलामी जोड़ीदार स्मृति मंधाना (27 रन, 16 गेंद, 5 चौके)के साथ पहले विकेट की 57 तथा जेमिमा रॉड्रिग्ज (नॉटआउट 47 रन,29 गेंद, छह चौके) के साथ दूसरे विकेट की 86 रन की भागीदारी की बदौलत पहले बल्लेबाजी की दावत पाकर बारिश के कारण 15-15ओवर के इस मैच में 15 ओवर में दो विकेट पर 173 रन बनाए। जवाब में मलयेशिया की पारी में जब भारत की तेज गेंदबाज पूजा वस्त्रकर ने दो ही गेंद फेंकी जा सकी थी तब फिर बारिश आ गई और अंपायरों ने



क्वॉर्टर फाइनल मैच को यही अधूरा बेनतीजा समाप्त घोषित किया। तब मलयेशिया ने बिना क्षति एक रन बनाया था। मलयेशिया की सलामी बल्लेबाज आइना हमीजा हाशिम एक रन बनाकर और कप्तान विनफ्राइड दुरईसिंघम बिना कोई रन बनाए अविजित रही।

भारत की कप्तान की जिम्मेदारी संभालने वाली सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना के माहिरा इज्जती इस्माइल की गेंद को उड़ाने के प्रयास में ऑफ स्पिनर माहिरा इज्जती

■ बारिश के कारण मलयेशिया के खिलाफ क्वॉर्टर फाइनल अधूरा बेनतीजा खत्म

इस्माइल की गेंद को ऑफ स्टंप के उड़ाने के फेर में पांइट पर आइना को कैच थमाने से उनकी और शैफाली वर्मा की पहले विकेट की भागीदारी टूटी। शैफाली वर्मा लेग स्पिनर मास इलीसा की गुगली को पढ़ने से चूकी और एलबीडब्ल्यू आउट हो गई और भारत ने अपना दूसरा विकेट 143 रन पर खोया। विकेटकीपरन बल्लेबाज ऋचा घोष मात्र सात गेंद खेल एक छक्के और तीन चौकों की मदद से 21 रन बनाकर अविजित रही। भारत की बल्लेबाजों के सामने मलयेशिया की सभी गेंदबाज बेबस ही नजर आई। ऋचा घोष ने मलयेशिया की तेज गेंदबाज मा एलिसा को निशाने पर ले उनके एक ओवर में एक छक्के और तीन चौकों सहित 18 बनाए। जेमिमा रॉड्रिग्ज द्वारा भारत की पारी के 13 वें ओवर में एलिसा की गेंद पर आड़े से लगाए तेज शॉट पर गेंद शैफाली वर्मा के कंधे पर लगी और तब फिजियो को मैदान पर आना पड़ा। शैफाली ने इसके बाद आगे बल्लेबाजी जरूर की लेकिन एलिसा की गेंद की लाइन चूकी और एलबीडब्ल्यू आउट हो गई।

| SENSEX | BSE | 66800.84 ▼ 796.00 | NSE | 19901.40 ▼ 231.90 | MCX | Gold 59390 ▲ 108 | silver 72973 ▲ 404 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|



# [ अर्थ जगत ]

## रुपया पांच पैसे की बढ़त के साथ 83.06 प्रति डॉलर पर बंद

नयी दिल्ली। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले पांच पैसे बढ़कर 83.06 (अस्थायी) पर बंद हुआ। कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से रुपये को समर्थन मिला। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अधिकारियों की सख्त टिप्पणियों के बाद डॉलर सूचकांक में बढ़ोतरी से भी रुपये पर दबाव पड़ा। उन्होंने कहा कि निवेशक बैंक ऑफ इंग्लैंड और बैंक ऑफ जापान के नीतिगत निर्णय से पहले सतर्क बने हुए हैं। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 83.16 पर मजबूत खुला और दिन के कारोबार में 83.02-83.17 के दायरे में रहा।कारोबार के अंत में रुपया डॉलर के मुकाबले 83.06 (अस्थायी) पर बंद हुआ।



## बजट-पूर्व बैठकों का दौर 10 अक्टूबर से शुरू करेगा वित्त मंत्रालय

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय आगामी वित्त वर्ष 2024-25 के लिए बजट की तैयारियों के सिलसिले में 10 अक्टूबर से बैठकों का सिलसिला शुरू करेगा। मंत्रालय के बजट विभाग ने बुधवार को इससे संबंधित नोटिस जारी किया है। वित्त मंत्रालय के बजट विभाग की ओर से सभी मंत्रालयों और विभागों को 20 सितंबर को भेजे गए नोटिस में उनके साथ बजट पूर्व-बैठकों का जिक्र किया गया है। इस नोटिस के मुताबिक मंत्रालयों और विभागों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आवश्यक विवरण पांच अक्टूबर, 2023 तक प्रस्तुत किया जाए। मंत्रालय के मुताबिक अनुदान एवं विनियोग के संबंध में संशोधित बजट अनुमान 2023-24 और बजट अनुमान 2024-25 को अंतिम रूप देने के लिए बजट-पूर्व चर्चा वित्त सचिव और व्यय सचिव की अध्यक्षता में 10 अक्टूबर से शुरू होगी। विभाग के निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक बजट-पूर्व बैठकें 10 अक्टूबर से शुरू होकर 14 नवंबर तक चलेंगी। वित्त मंत्रालय ने बजट-पूर्व बैठकों का कार्यक्रम विभिन्न जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार किया है। गौरतलब है कि अगले साल होने वाले लोकसभा चुनावों से पहले पेश होने वाला बजट अंतरिम होगा। आम चुनावों के बाद नई सरकार के गठन के पश्चात वित्त वर्ष 2024-25 का पूर्ण बजट पेश किया जाएगा।

# क्या बढ़ेगी प्याज की कीमतें! नासिक में व्यापारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल

*नई दिल्ली। व्यापारी प्याज पर निर्यात शुल्क 40 प्रतिशत तक बढ़ाने के केंद्र सरकार के हालिया कदम का विरोध कर रहे हैं, जो 31 दिसंबर तक लागू रहेगा। प्याज व्यापारियों ने बुधवार को कहा कि उन्होंने महाराष्ट्र के नासिक जिले में सभी कृषि उपज बाजार समितियों में नीलामी निलंबित कर दी है और यह विरोध अनिश्चित काल तक जारी रहेगा। इससे खुदरा बाजारों में प्याज की कमी होने और कीमतों में बढ़ोतरी की आशंका बढ़ गई है।*



इस मुद्दे पर महाराष्ट्र के विपणन मंत्री अब्दुल सत्तार ने कहा कि (प्याज की नीलामी) बंद करना सही नहीं है। उन्होंने एक कार्यक्रम के मौके पर कहा, ''सहकारिता और विपणन विभागों के सचिव नियमों के अनुसार की जाने वाली कार्रवाई पर चर्चा करेंगे और नासिक जिला कलेक्टर आवश्यक कार्रवाई करेंगे।''

**20 अगस्त को नासिक जिले के अधिकांश एपीएमसी में नहीं हुई थी प्याज की नीलामी** - बीस अगस्त को भारत के सबसे बड़े थोक प्याज बाजार लासलगांव सहित नासिक जिले के अधिकांश एपीएमसी में प्याज की नीलामी बंद रही थी। नासिक जिले से आने वाली केंद्रीय मंत्री भारती पवार के हस्तक्षेप के बाद उक्त विरोध वापस लिया गया था। पिछले महीने, व्यापारियों ने आरोप लगाया था कि केंद्र सरकार यह आश्वासन देने में विफल रही कि नेफेड किसानों से प्याज खरीदेगा। उन्होंने यह भी दावा किया था कि प्याज उत्पादकों को नीलामी में सरकार द्वारा घोषित 2,410 रुपये प्रति क्विंटल से कम कीमत मिली। पदाधिकारी ने कहा, ''हमने अपनी मांगों का समाधान खोजने के लिए सरकार को 19 सितंबर तक का समय दिया था। लेकिन चूंकि हमारी मांगें अभी तक नहीं मानी गईं, इसलिए हमने प्याज की नीलामी अनिश्चित काल के लिए बंद करने का फैसला किया है।'' व्यापारियों द्वारा उठाई गई अन्य मांगों में प्याज पर निर्यात शुल्क रद्द करना, बाजार शुल्क में 50 प्रतिशत की कटौती, नीलामी में भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नेफेड) और भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता महासंघ (एनसीसीएफ) की भागीदारी और प्याज के परिवहन में 50 प्रतिशत सब्सिडी शामिल है।

सूत्रों ने कहा कि बुधवार को लासलगांव एपीएमसी सहित नासिक जिले के सभी एपीएमसी में प्याज की नीलामी नहीं हुई। सूत्रों ने कहा कि एपीएमसी में कोई प्याज नहीं पहुंची। सोमवार को लासलगांव एपीएमसी में 2,051 रुपये प्रति क्विंटल की औसत दर पर 18,072 क्विंटल प्याज की नीलामी की गई। फिलहाल बाजार में सिर्फ गर्मियों का प्याज ही उपलब्ध है। गणेश चतुर्थी के अवसर पर मंगलवार को एपीएमसी बंद रहे।

### प्याज पर निर्यात शुल्क 40 प्रतिशत तक बढ़ाने का विरोध कर रहे व्यापारी

नासिक जिला प्याज व्यापारी संघ के एक पदाधिकारी ने कहा कि वे प्याज पर निर्यात शुल्क 40 प्रतिशत तक बढ़ाने के केंद्र सरकार के हालिया कदम का विरोध कर रहे हैं, जो 31 दिसंबर तक लागू रहेगा। पदाधिकारी ने कहा, ''निर्यात शुल्क बढ़ोतरी के फैसले के विरोध में, हमने जिले के सभी एपीएमसी में प्याज की नीलामी अनिश्चित काल के लिए बंद करने का फैसला किया है। केंद्र के इस (निर्यात शुल्क बढ़ोतरी) फैसले से न केवल प्याज का निर्यात मुश्किल हो जाएगा, बल्कि इसका असर उस प्याज पर भी होगा जो परिवहन में है, इससे किसानों को भारी नुकसान होगा।''

## सोना हुआ सस्ता, नहीं बदले चांदी के दाम



दस ग्राम सोना सस्ता होकर 60,170 रुपये का हो गया है. एक किलो चांदी 74,500 रुपये में बिक रही है.दिल्ली सर्राफा बाजार में गुरुवार को सोने का भाव 130 रुपये घटकर 60,170 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया. पिछले कारोबारी सत्र में सोना 60,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था.हालांकि, चांदी 74,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही.विदेशी बाजारों में सोना गिरावट के साथ 1,926 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जबकि चांदी 23.19 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर सपाट थी.

*नई दिल्ली। अगर फेस्टिव सीजन से पहले आप सोना खरीदना चाहते हैं तो आपके लिए खुशखबरी है. दरअसल, भारतीय सर्राफा बाजार में आज (गुरुवार) 21 सितंबर, 2023 को सोने दाम में गिरावट दर्ज की गई है. हालांकि आज चांदी की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है.*

# लगातार तीसरे दिन लुढ़का बाजार! सेंसेक्स 571 अंक गिरकर बंद

### 3 दिन में 1600 अंक टूटा सेंसेक्स



सेंसेक्स और निफ्टी इस सप्ताह अब तक लगभग 2 प्रतिशत तक गिर गए हैं जबकि पिछले सप्ताह दोनों इंडेक्स रिकॉर्ड हाई लेवल पर पहुंच गए थे। इससे पहले फेडरल रिजर्व ने बुधवार को अपनी प्रमुख ब्याज दरों को अपरिवर्तित रखा और चेतावनी के साथ आर्थिक अनुमानों को संशोधित किया कि महंगाई के खिलाफ लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है।

*मुंबई। भारतीय शेयर बाजार में गुरुवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट दर्ज की गई और बीएसई सेंसेक्स 571 अंक का गोता लगाकर बंद हुआ। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों के लंबे समय तक ऊंचा बना रहने के संकेतों के चलते वैश्विक बाजारों में गिरावट के रुख का असर घरेलू बाजार पर भी पड़ा। साथ ही ऑटो और आईटी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से भी बाजार में गिरावट आई।*

**सेंसेक्स 570.60 अंक फिसला** - आज के कारोबार में तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 570.60 अंक या 0.85 प्रतिशत की गिरावट लेकर 66,230.24 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 66,608.67 अंक पर खुला था और पूरे दिन इसके आगे नहीं बढ़ सका। इससे पहले बुधवार को सेंसेक्स 66,800.84 अंक पर बंद हुआ था।

**निफ्टी में भी गिरावट** - इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी 50 में भी गिरावट दर्ज की गई और यह 159.05 अंक या 0.8 प्रतिशत की गिरावट के साथ 19,742.35 अंक पर बंद हुआ।

**टॉप गेनर्स**-सेंसेक्स की कंपनियों में टेक महिंद्रा के शेयर में सबसे ज्यादा 1.46 प्रतिशत की तेजी दर्ज की गई। साथ ही एशियन पेंट्स, इनफोसिस, भारती एयरटेल, हिंदुस्तान यूनीलीवर और एल एंड टी के शेयर प्रमुख रूप से लाभ में रहे।

### निवेशकों ने एक झटके में गवां दी इतनी दौलत



शेयर बाजार में गिरावट भरे इन दो दिनों में ही निवेशकों की संपत्ति का एक बड़ा हिस्सा डूब गया है। बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों के मार्केट कैपिटलाइजेशन पर गौर करें तो दो दिन पहले बीएसई मिडकैप 323.01 लाख करोड़ रुपये था, जो कि बुधवार को कम होकर 320.51 लाख करोड़ पर आ गया था. वहीं गुरुवार को अब तक दर्ज की गई गिरावट के बाद ये फिसलकर 319.41 करोड़ रुपये पर आ गया है. इस हिसाब से देखें तो शेयर बाजार निवेशकों के 3.6 लाख करोड़ रुपये महज दो दिनों के भीतर ही स्वाहा हो गए हैं.


# अजिओ लेकर आया है ऑल स्टार्स सेल 500 नए ब्रांड्स होंगे शामिल

## 1.5 मिलियन से ज्यादा स्टाइल की मौजूदगी से फैशन का दायरा भी बढ़ेगा

*बेंगलुरु/जबलपुर, देशबन्धु। भारत के सबसे बड़े फैशन ई-टेलर, अजिओ ने आज 22 सितंबर 2023 से शुरू होने वाले अपने फ्लैगशिप इवेंट, (ऑल स्टार्स सेल) की घोषणा की, जिसे मार्क्स एंड स्पेंसर के सहयोग से ली और रैंगलर के साथ मिलकर संचालित किया जाएगा। ग्राहक 17 सितंबर, 2023 से रोजाना 6 घंटे की सीमित अवधि के लिए अर्ली ऐक्सेस की सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। अजिओ ऑल स्टार्स सेल ग्राहकों को खरीदारी का बेजोड़ अनुभव प्रदान करेगा, और इस दौरान वे 5500 से अधिक ब्रांड्स से खरीदारी कर सकते हैं, जो 1.5 मिलियन से अधिक क्यूरेटेड फैशन स्टाइल की पेशकश करते हैं।*

सेल की घोषणा के मौके पर, विनीत नायर, सीईओ, अजिओ ने कहा, (ऑल स्टार्स सेल ग्राहकों को फैशन के सबसे बड़े ब्रांड्स के करीब लाता है और उन्हें सही मायने में रोमांचक खरीदारी का अनुभव प्रदान करता है। इस एडिशन में, हम उम्मीद करते हैं कि छोटे कस्बों और शहरों से ऑर्डर में बढ़ोतरी जारी रहेगी। इंटरनेट की पहुंच बढ़ने और 5जी की शुरुआत के साथ, ज्यादा-से-ज्यादा भारतीय ऑनलाइन शॉपिंग को अपना रहे हैं और हमें पूरी उम्मीद है कि पहली बार खरीदारी करने वाले 10 लाख से अधिक लोग अजिओ पर 1.5एम से ज्यादा स्टाइल का अनुभव लेंगे और खरीदारी करेंगे।

फेस्टिव सीज़न की शुरुआत होने वाली है, और ऐसे माहौल में एथनिक ब्रांड्स के नए-




नए स्टाइल पूरे भारत में ग्राहकों के बीच लोकप्रिय हो रहे हैं। इस सेल के दौरान अजिओ पर श्री.वाहश नाम के एक नए एथनिक ब्रांड को लॉन्च किया जाएगा। हमेशा कायम रहने वाली खूबसूरती और संस्कृति की बारीकियों को एकजुट करने वाले इस मिड-प्रीमियम ब्रांड की ओर से 2,000 से ज्यादा स्टाइल लॉन्च किए जाएंगे। जो भारतीय महिलाओं को बेहद खास मौकों पर सजने-सँवरने के लिए बेहद शानदार और मनभावन डिजाइनों की एक बड़ी रेंज की पेशकश करता है। री-वाह की डिज़ाइन फिलॉसफी दरअसल सदियों पुराने और सदाबहार आकृतियों को एक नए अंदाज़ में पेश करने की सोच से प्रेरित है, जिसे नए ज़माने की बारीकियों के साथ मिलाकर ऐसे शानदार वस्त्र तैयार किए जाते हैं जो बहु-उपयोगी होने के साथ-साथ दिल को लुभाने वाले होते हैं। ग्राहकों के बीच कई दूसरे एथनिक ब्रांड्स भी बेहद लोकप्रिय हैं जिनमें ईडी पिक्स, डब्ल्यू, बीबा, ग्लोबल देसी, कलानिकेतन, अवासा, गुलमोहर जयपुर, आदि शामिल हैं।

एएएसएस में 500 नए ब्रांड्स को शामिल किया गया है, और इस सेल के दौरान पूरे भारत में 19,000 से अधिक पिन कोड में ग्राहक एक्सक्लूसिव इंटरनेशनल ब्रांड्स, स्वामित्व वाले लेबल्स और घरेलू ब्रांड्स के विशाल सलेक्शन से खरीदारी करते हुए नज़र आएंगे, साथ ही वे फैशन, लाइफस्टाइल, होम एंड डेकोर, ज्वेलरी, ब्यूटी एंड पर्सनल केयर जैसी अलग-अलग कैटेगरी में सबसे बेहतर डील्स और ऑफ़र का भरपूर लाभ उठाएंगे।

## सुर्योदय स्मॉल फाइनेंस बैंक ने कटनी, मध्यप्रदेश में अपने कार्यों की शुरुआत की



*कटनी। सुर्योदय स्मॉल फाइनेंस बैंक, जो 15 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में 620 शाखाओं के साथ 23 लाख से अधिक ग्राहकों को सेवा प्रदान करता है, ने मध्य प्रदेश के कटनी में अपने बैंकिंग कार्यों की शुरुआत की है।*

सुर्योदय बैंक की कटनी शाखा, जिसका उद्घाटन पूर्व मेयर शशांक श्रीवास्तव ने किया था, राजीव गांधी वार्ड, सत्यनारायण मंदिर के पास स्थित है। सुर्योदय बैंक की कटनी शाखा की शुरुआत बैंक के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है क्योंकि यह मध्य प्रदेश में अपनी उपस्थिति को विस्तारित कर रहा है। बैंक का संकल्प है, कि वह कटनी और इसके आस-पास के क्षेत्रों के लोगों को सस्ती और सुलभ वित्तीय सेवाएं प्रदान करेगा। कटनी मध्य प्रदेश में एक महत्वपूर्ण वाणिज्यिक और औद्योगिक शहर है, और यहां बैंक की उपस्थिति से क्षेत्र के लोगों की बढ़ती वित्तीय जरूरतों को पूरा करने में मदद मिलेगी। बैंक विशेष रूप से खुदरा व्यक्तिगत ग्राहकों, छोटे व्यापारों, और वरिष्ठ नागरिकों पर ध्यान केंद्रित करेगा और विविध उत्पाद प्रस्तुत करेगा, जैसे कि बचत खाता, चालू खाता, सावधिजमा,गृहऋण, दो-पहिया वाहन ऋण, वाणिज्यिक वाहन ऋण, आदि। इस मौके पर बोलते हुए, सूर्योदय स्मॉल फाइनेंस बैंक के एमडी और सीईओ आर भास्कर बाबू ने कहा, वित्त वर्ष 2024 हमारे बैंक और समग्र क्षेत्र, दोनों के लिए मजबूत स्थिति में आरंभ हुआ है।

## चीनी की बढ़ती कीमतों पर लगेगी लगाम, सरकार ने ट्रेडर्स-रिटेलर्स के लिए हर सोमवार स्टॉक घोषित करना किया जरूरी



*नई दिल्ली। चीनी की कीमतों में तेजी के बाद केंद्र सरकार ने बड़ा फैसला लिया है. कीमतों पर नकेल कसने और जमाखोरी पर शिकंजा कसने के लिए सरकार ने ट्रेडर्स, होलसेलर्स रिटेलर्स बड़े चेन रिटेलर्स और प्रोसेसर्स के लिए हर हफ्ते चीनी के स्टॉक घोषित करना जरुरी कर दिया है.इस कारोबारियों को हर सोमवार को अपने चीनी स्टॉक की सूचना डिपार्टमेंट ऑफ फूड और पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन को पोर्टल https://esugar.nic.in पर जाकर बताना होगा.*

खाद्य उपभोक्ता मंत्रालय ने बताया कि सरकार देश में चीनी की कीमतों पर नियंत्रण रखने में कामयाब रही है. पर होर्डिंग और चीनी की कीमतों को लेकर अफवाहों को रोकने के लिए स्टॉक का खुलासा करना जरुरी किया गया है.

सरकार का कहना है कि हर हफ्ते स्टॉक का खुलासा करने से चीनी की कीमतों को काबू में रखने में मदद मिलेगी. जमाखोरी और अफवाहों को रोकने के चलते उपभोक्ताओं को अफोर्डेबल चीनी उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी. स्टॉक पर निगरानी रखने पर बाजार में किसी भी संभावित छेड़छाड़ करने पर सरकार को कार्रवाई करने में आसानी होगी.चीनी के स्टॉक घोषित करने को जरुरी करने से सरकार को चीनी के स्टॉक का रियल टाइम डेटा मिल सकेगा जिससे जरुरत पड़ने पर सरकार कोई पॉलिसी एक्शन ले सकेगी साथ चीनी की कीमतों में बढ़ोतरी की अफवाहों के असर को कम कर सकेगी. जो चीनी मिल नियमों का पालन नहीं करेंगे उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी.

अगस्त 2023 के खत्म होने पर 83 लाख मेट्रिक टन चीनी का मौजूद था. अक्टूबर से क्रशिंग शुरू होने के बाद देश में चीनी का पर्याप्त स्टॉक रहेगा और त्योहारों के सीजन में चीनी की कोई कमी नहीं रहेगी. सरकार ने 13 लाख मिट्रिक टन चीनी खुले बाजार में जारी किया है. आने वाले समय में और भी कोटा जारी किया जा सकता है. सरकार ने कहा कि वो उपभोक्ताओं को उचित दाम पर चीनी उपलब्ध कराने के लिए समर्पित है.


**महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज**

फोन- 4067270, 9826035338

प्रति क्विंटल- राहर दाल एवरेज 12000-13000, मीडियम बोल्ड 13000-14000, फाइन 14000-15000, एक्स्ट्रा बोल्ड 14500-15000, चना दाल एवरेज 6300-6500 चना दाल मार्का 6600-6800, मसूर दाल एवरेज 7000-7200, मसूर दाल फाइन 7400-7500, उड़द छिलका 8000-8500, फाइन 8500-9000, उड़द धुली 9000-9500, फाइन 10000-11000, मूंग दाल छिलका 8500-9000, मूंग दाल फाइन 9000-9500, मूंगदाल धुली 9000-9500,फाइन 9500-10000।

चावल - पुराना चावल सरना चालू 3000-3200, बेस्ट 3200-3300, बीपीटी चालू 3800-4000, फाइन 4200-4500,एचएमटी-4500-4900 फाइन-5200-5400 दुबराज भाटापारा 5000-5500, जेजेएल चालू 5200-5300, फाइन 5500-5600, बासमती कनकी चालू 2500-2800, बासमती कनकी मीडियम 3200-3600, बेस्ट 4000-4500, मोगरा-5000-5200, दुबार- 5500-6000, तिबार- 7000-7500, बासमती 8000-10000, बेस्ट 11000-11500 पोहा-4000-4200, फाइन 4400-4600, मुरमुरा-5000-5500, फाइन- 6800-7200, रु.।

**सोहन लाल एण्ड संस**

रसल चौक फोन- 9425156095

सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव-60650 चांदी टंच-73300 चांदी रिफाइन -74700

**दुल्हन श्री आभूषण**

कमानिया गेट, सराफा बाजार-

मो. 9425860998,9826307100

सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव-60650 चांदी टंच-73300 चांदी रिफाइन -74700


**रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं**

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 83.08 |
| एक यूरो | 89.03 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 103.00 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 53.92 |
| एक जापानी येन | 00.56 |


**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 120 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 125 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-135 प्रति कि.
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स- 77 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 160 रु. किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

**अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स**

शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6400, 6 एम एम 6400, 8 एम एम 6000, 10 एम एम 5800,12 एम एम, 5 ]00 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।

**देशबन्धु**

**ग्राहक सेवा**



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट

**टेलर्स वारिस**

शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.-9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
**बिना ऑपरेशन**
**डॉ. विश्वास**
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596
देग्रासे-सी-31/7/22

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अत: विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।



प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

## पाटन में गरजे कमलनाथ, किया दावा

# प्रदेश में भारी बहुमत से बनायेगी कांग्रेस सरकार









**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले के पाटन में गुरूवार को पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ द्वारा एक विशाल जनसभा को संबोधित किया गया। जनसमुदाय को संबोधित करते हुये कांग्रेस के दिग्गज नेता कमलनाथ गरजते हुये दावा किया जिस तरह आमजनों का रूझान दिख रहा है उसके बाद हम कह सकते हैं कांग्रेस की सरकार भारी बहुमत से बनेगी और मतदाताओं का आशीर्वाद मिलेगा।

श्री नाथ के साथ प्रदेश प्रभारी रणदीप सुरजेवाला भी शामिल हुये। इस मौके पर कमलनाथ ने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा जो योजनाएं लागू की गई हैं, उक्त योजनाएं कांग्रेस की घोषणा पत्र में थी परंतु शिवराज सिंह चौहान को चुनाव के समय ही लाडली बहन एवं प्रदेश के युवा याद आ रहे हैं, जबकि 18 सालों के शासनकाल में प्रदेश में महिलाओं और युवाओं की स्थिति क्या रही सभी जानते है। इस मौके पर श्री नाथ एवं सुरजेवाला को विजय की प्रतीक राम भक्त हनुमान की गदा भी भेंट की गई। इस दौरान सभा स्थल में हनुमान जी के जयकारा से पंडाल गूंजामान हो गया था। सभा को संबोधित करते हुये श्री नाथ ने कहा कि प्रदेश की जनता खुद तुलना करें, भाजपा के कुशासन के 18 साल व कांग्रेस के सुशासन के डेढ़ साल। पाटन के पूर्व विधायक निलेश अवस्थी ने मंच से मांग की पाटन क्षेत्र मटर उत्पादन का देश का सबसे बड़ा क्षेत्र है, परंतु यहां एक भी मटर प्रोसेसिंग प्लांट नहीं है इस पर कमलनाथ जी ने कहा कि कांग्रेस सरकार आते ही पाटन में मटर प्रोसेसिंग प्लांट तुरंत लगाया जाएगा, प्रदेश प्रभारी सुरजेवाला ने कहा कि यह चुनाव गारंटी और नौटंकी के बीच में है।

### पाटन में लगाया जाये मटर प्रोसेसिंग का प्लांट : नीलेश अवस्थी

कमलनाथ जी द्वारा प्रदेश के एक समुचित विकास की गारंटी दी जा रही है जबकि शिवराज सिंह चौहान मात्र नौटंकी कर रहे हैं। इसके पहले श्री नाथ ने ग्रामीण क्षेत्र के समस्त सेक्टर व मंडलम प्रभारी की बैठक भी ली। इस अवसर पर पूर्व मंत्री तरुण भनोट ,पूर्व मंत्री लखन घनघोरिया, विधायक संजय यादव, विधायक विनय सक्सेना, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. निलेश जैन, जिला प्रभारी सुनील जैन, सह प्रभारी विभास जैन भी मौजूद रहे। पूर्व विधायक नीलेश अवस्थी के नेतृत्व में विधानसभा क्षेत्र के हजारों किसान क्षेत्रवासी व कांग्रेस जन सभा में सम्मिलित हुए। सभा में पूर्व विधायक अवस्थी के साथ प्रमुख रूप से ठाकुर विक्रम सिंह, राम विनय करसोलिया, रत्नेश अवस्थी, पारस जैन, राजकिशोर पटेल , संजय गुरु ,नेक नारायण सिंह, बृजभान यादव दिलीप सिंह राजपूत बहादुर पटेल इंदु पटेल अधिवक्ता बृजेश दुबे सहित हजारों संख्या में लोग उपस्थित रहे।

सभा को सफल बनाने के लिये जिला कांग्रेस कमेटी की अगुवाई में पूर्व विधायक नीलेश अवस्थी के साथ ही ठाकुर विक्रम सिंह, दुर्गेश पटेल, राजेश तिवारी, प्रदीप पटेल, बब्बू यादव और मनीष तिवारी आदि पार्टीजन शामिल थे।

# शिवराज की अगुवाई में भाजपा की जनआशीर्वाद यात्रा आज

## पश्चिम एवं केंट विधानसभा में लेंगे जनता से आशीर्वाद



**जबलपुर, देशबन्धु।** जनता से आशीर्वाद लेने भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश एवँ प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर निकाली जा रही जनआशीर्वाद यात्रा का जबलपुर शहर में शुक्रवार 22 सितम्बर को आगमन होगा। जबलपुर महानगर की पश्चिम एवँ केंट विधानसभा में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जनआशीर्वाद यात्रा में शामिल होकर जनता का आशीर्वाद लेंगे। जनआशीर्वाद यात्रा आज दोपहर 3 बजे पश्चिम विधानसभा के गौतम जी मड़िया से प्रारम्भ होगी। भाजपा नगर अध्यक्ष प्रभात साहू ने बताया जबलपुर महानगर की दो विधानसभा में जनआशीर्वाद यात्रा निकाली जा रही है जिसका नेतृत्व मुख्यमंत्री जी के साथ मप्र शासन के कैबिनेट मंत्री हरदीप सिंह डंग एवँ जबलपुर के सभी जनप्रतिनिधि एवँ वरिष्ठ नेता करेंगे।

जबलपुर संभाग के यात्रा सह प्रभारी श्री अभिलाष पांडे ने बताया महाकौशल क्षेत्र की यह यात्रा आज दोपहर 3 बजे पश्चिम विधानसभा में जनआशीर्वाद यात्रा गौतम जी मड़िया से प्रारम्भ होकर, संजीवनी नगर, शाहीनाका, पंडा मड़िया, गढ़ा बाज़ार, बीटी तिराहा, शारदा चौक होते हुए रतन नगर पहुँचेगी जहां मुख्यमंत्री जी आमसभा को संबोधित करेंगे। श्री अभिलाष पांडे ने बताया ने बताया केंट विधानसभा की यात्रा शाम 4:30 बजे गोकलपुर सामुदायिक भवन से प्रारम्भ होगी जो व्हीकल मोड़ रांझी, दर्शन तिराहा, मस्ताना चौक होते हुए बड़ा पत्थर में समाप्त होगी जहां मुख्यमंत्री जी आमसभा को संबोधित करेंगे।

इसी के साथ महाकौशल की यात्रा का समापन जबलपुर में होगा। भाजपा जबलपुर महानगर अध्यक्ष प्रभात साहू ने सभी कार्यकर्ताओं एवँ क्षेत्रीयजनो से से उपस्थिति एवँ यात्रा के स्वागत की अपील की है।

## बस ने छात्र को रौंदा, गुस्साए ग्रामीणों ने बस जलाई



**सागर, देशबन्धु।** बीना में 17 वर्षीय छात्र बस से उतरते वक्त पिछले पहिए की चपेट में आ गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे से नाराज ग्रामीणों ने बस ड्राइवर और क्लीनर की पिटाई कर दी। बस में तोड़फोड़ के बाद आग लगा दी। हादसा बीना-खिमलासा रोड पर माला सुनेटी गांव में हुआ। छात्र के परिजनों ने मुआवजे की मांग को लेकर शव के साथ चक्काजाम कर दिया। करीब ढाई घंटे से यातायात थमा रहा। प्रशासन के आश्वासन के बाद उन्होंने जाम खोला।

पुलिस के मुताबिक, रवि अहिरवार 12वीं क्लास में आर्ट स्ट्रीम का छात्र था। बुधवार को वह पास के बसाहरी गांव के शासकीय स्कूल में भूगोल की तिमाही परीक्षा देने गया था। परीक्षा देने के बाद रवि तिरुपति ट्रेवल्स की बस से घर लौट रहा था। बस जैसे ही गांव में पहुंची, ड्राइवर ने स्पीड धीमी कर उसे जल्दी उतरने को कहा। उतरते वक्त रवि हादसे का शिकार हो गया। स्थानीय ग्रामीणों ने पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपए की मुआवजा राशि देने की मांग की थी। उन्होंने प्रशासन से चार लाख की तात्कालिक सहायता देने के अलावा बस ड्राइवर और क्लीनर पर सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे थे। बीना एसडीओपी प्रशांत सुमन और खिमलासा समेत तीन थानों की पुलिस घटनास्थल पर मौजूद थे। प्रशासन ने उनकी मांग को पूरा करने का आश्वासन दिया तब जाकर वे माने।

## रेलवे कर्मचारी विश्राम ग्रह के बाथरूम में कोबारा प्रजाति का सांप मिलने से हड़कंप



**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेलवे के उच्चा अधिकारी साफ-सफाई किए जाने के बड़े-बड़े दावे करते रहे, परंतु जमीनी हकीकत ठीक इसके विपरीत दिखाई पड़ रही है। इसका एक दिलचस्प उदाहरण रेलवे कर्मचारियों कटनी विश्राम गृह के बाथरूम में देखने को मिला, यहां सबसे जहरीला प्रजाति का कोबरा सांप मिला। इसके कारण क्रू लॉबी में ठहरे कर्मचारियों के बीच हड़कंप मच गया। सभी अपनी जान बचाने के चक्कर में भागते नजर आए। सीनियर डीईई, टीआरटी, सीनियर डीईएन, ने जो सांप को पकड़ते है उनसे और विभाग से संपर्क किया। जिसके बाद सांप को पकड़ कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ा गया। तब जाकर कर्मचारियों ने राहत की सांस ली।

# पमरे ने लिया निर्णय- पितृपक्ष पर जबलपुर से गया के लिए चलेगी स्पेशल ट्रेन



**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर से पितृपक्ष पर गया जाने वाले यात्रियों के लिए पश्चिम मध्य रेल प्रशासन द्वारा दो स्पेशल यात्री गाड़ी चलाने की घोषणा की गई है। यात्रियों की सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए रेल प्रशासन ने यह निर्णय लिया है।

इस संबंध में सीनियर डीसीएम विश्वरंजन ने बताया कि पितृपक्ष पर बड़ी संख्या में लोग अपने पूर्वजों का श्राद्ध कार्य के लिए गया जाते हैं। ऐसे यात्रियों की जरूरत को पूरा करने के लिये रेल प्रशासन ने 30 सितंबर से 10 अक्टूबर के मध्य तीन ट्रिप जबलपुर से गया स्पेशल यात्री गाड़ी नंबर 01705 चलाने का निर्णय लिया है। श्री रंजन ने बताया कि यह गाड़ी नंबर 01705 जबलपुर से शनिवार, गुरुवार व मंगलवार को शाम 7.45 बजे चलकर सिहोरा, कटनी, सतना, प्रयागराज, मिर्जापुर होते हुए सासाराम मार्ग से गया स्टेशन अगले दिन सुबह 8.20 बजे पहुंचेगी।

इसी तरह वापसी में गया से जबलपुर के लिए चार ट्रिप स्पेशल यात्री गाड़ी नंबर 01706, 29 सितम्बर से 14 अक्टूबर के मध्य सोमवार, बुधवार, शुक्रवार व शनिवार को दोपहर 2.15 बजे उक्त मार्ग से चलकर जबलपुर अगले दिन प्रात 4.15 बजे आएगी। श्री रंजन ने बताया कि 20 कोचों की इस यात्री गाड़ी में वातानुकूलित कोचों के साथ ही शयनयान व सामान्य श्रेणी के कोच भी लगाए गए हैं। इसके अतिरिक्त रेलवे द्वारा रानी कमलापति स्टेशन से भी गाड़ी नंबर 01661/62 को चलाने का निर्णय लिया गया है। यह गाड़ी रानी कमलापति स्टेशन से 28 सितंबर 3 अक्टूबर तथा 8 अक्टूबर को चलकर विदिशा, बीना, सागर, दमोह, कटनी, सतना मार्ग से गया जाएगी तथा वापसी में भी यह गाड़ी इसी मार्ग से एक अक्तूबर से 11 अक्तूबर के मध्य तीन ट्रिप रविवार, शुक्रवार व बुधवार को वापस चलेगी।

उक्त गाड़ी के चलने से अब यात्रियों को जबलपुर व रानी कमलापति स्टेशन से गया जाने के लिए काफी सुविधा मिलेगी।

## जन आंदोलनों के चलते जबलपुर-संतरागाछी हमसफ़र एक्सप्रेस हुई निरस्त

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेल प्रशासन द्वारा दक्षिण पूर्व रेल के रांची मण्डल में मूरी जंक्शन रेलवे स्टेशन पर जन आंदोलन के चलते उस मार्ग से गुजरने वाली कुछ रेलगाड़ियों को निरस्त करने का निर्णय लिया। इसी के चलते पमरे से ओरजिनेट/टर्मिनेट होने वाली संतरागाछी-जबलपुर हमसफर एक्सप्रेस 20 सितंबर को निरस्त कर दी गई। जिसके चलते रैक के आभाव में 21 सितम्बर को गाड़ी संख्या 20827 जबलपुर-संतरागाछी हमसफ़र एक्सप्रेस प्रारंभिक स्टेशन जबलपुर से निरस्त रही।


श्रद्धांजलि : भावांजलि : पुष्पांजलि

पुण्य स्मरण : तृतीय पुण्यतिथि

पूज्य श्री शिवलाल जी घनघोरिया

(खलीफा पूर्व पार्षद)

स्वर्गवास- 22.09.2020



तीन वर्ष पूर्व आप हमसे बिछड़े थे, पीछे छोड़ गये
दुलार और आशीर्वाद की शीतल छाया जीवन की हरी भरी बगिया
वरदानों से हमारी झोली भर गई।
वे रातें स्मरण हैं जब खुद जागकर हमें आश्वस्त सोने दिया।
आज जब आप संदेह नहीं है, तो भी आपका
संबल हम अनुभूत करते हैं।

प्रणाम

शोकाकुल परिवार

श्रीमती कस्तूरीदेवी (पत्नि), लक्ष्मीनारायण, मनोहरलाल (भाई),
लखन घनघोरिया (पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक),
गोपाल, जय, विजय (पुत्र), राजेन्द्र सिंह कुकरेले, मुकेश अबिद्रा (दामाद)
वीरेन्द्र, ब्रम्हानंद, विष्णु, महेश, प्रेमनारायण, अजय, रत्लेश, रितेश,
सौरभ, राजा, शिवम (भतीजे), यश, अमन, मानव,
अंश, हर्ष, लक्षित, गर्व, वीर, पर्व, काव्य, आदित्य, कुबेर (नाती)


## गुरंदी स्थित फाइबर शॉप में देर रात लगी भीषण आग, सात दमकल गाड़ियों ने पाया अग्नि हादसे पर काबू



**जबलपुर, देशबन्धु।** गुरंदी दर्शन चौराहा स्थित प्रहलाद ट्रेडर्स की फाइबर शॉप में देर रात 2:30 बजे आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आग की लपटों में फंसे लोगों में बचाव के लिए चीख-पुकार मच गई। गलगला रोड पर गणेश उत्सव समिति के पंडाल में बैठे युवा बचाव के लिए मौके पर पहुंचे। युवाओं ने भीषण आग लगने की सूचना दमकल, बिजली विभाग सहित बेलबाग पुलिस को दी। सूचना पर सात दमकल गाड़ियां, एक जेसीबी के साथ थाना प्रभारी बेलबाग, थाना प्रभारी ओमती और थाना प्रभारी कोतवाली बल के साथ मौके पर पहुंचे। टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए आग में फंसे 3 लोगों को बड़ी मुश्किल से सुरक्षित निकालते हुए 2 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू किया।

जानकारी के मुताबिक पिंटू राय की प्रहलाद ट्रेडर्स के नाम से प्लास्टिक सामाग्री से संबंधित दुकान गलगला रोड पर है। रात तकरीबन ढाई बजे लोगों की चीखने की आवाज सुनकर सचिन सोनकर सहित अन्य लोग मौके पर पहुंचे। पिंटू राय का परिवार दुकान के उपरी वाले हिस्से में ही रहता है। पिंटू व्यापारिक कार्य से शहर के बाहर गए हुए थे। सचिन सोनकर ने बताया कि दमकल कर्मी, पुलिस सहित गणेश उत्सव समिति के सदस्यों ने पिंटू राय के परिवार को आग की लपटों के बीच से छत के रास्ते से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। आग की लपटें देखकर एवं पुलिस-दमकल वाहनों के सायरन सुनकर सैकड़ों लोगों की भीड़ तड़के 4 बजे तक मौके पर एकत्र रही।

**शार्ट सर्किट से लगी आग, 10 लाख का नुकसान-** आग पर पूरी तरह काबू करने के बाद मौके पर चर्चा रही है कि संभवत: शार्ट-सर्किट होने से दुकान में आग लगी है। दुकान फाइबर से संबंधित भरी है। दुकान की आग जब उपरी वाली मंजिल में पहुंची, तक परिवार के लोगों को आग का एहसाह हुआ। फाइबर में लगी आग ने कुछ देर में ही विकराल रूप धारण कर लिया। आग में करीब 10 लाख रुपए कीमत की सामग्री जलकर खाक हो गई है।

## हर्षित श्रीवास्तव बने मुख्य जनसंपर्क अधिकारी



**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेवे के महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता के अनुमोदन पर कोट में कार्यरत हर्षित श्रीवास्तव को मुख्य जनसंपर्क अधिकारी के पद पर पदस्थ किया गया है। उल्लेखनीय है कि राहुल श्रीवास्तव स्थान पर अनुराग पांडे उपमहाप्रबधंक अपने कार्य के अतिरिक्त मुख्य जनसंपर्क अधिकारी की दोहरी जिम्मेदारी निभा रहे थे। हर्षित श्रीवास्तव 22 सितंबर को आज अपना नया पदभार सम्हाल लेंगे।


J.B.F.A.

जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन

| | |
|---|---|
| मुर्गा छोटा | - रु. 135 |
| मुर्गा मीडियम | - रु. 125 |
| मुर्गा बड़ा | - रु. 120 |
| मुर्गा जम्बो | - रु. 120 |

मो.-9039925000, 9425800409

सोनू पोल्ट्री

| | |
|---|---|
| बड़ा ब्रॉयलर | - रु. 116 |
| मीडियम ब्रॉयलर | - रु. 121 |
| छोटा ब्रॉयलर | - रु. 131 |

मोबाइल नं. 9300692405





आसान किस्तों में उपलब्ध

मिश्रा इन्टरप्राइजेज

सभी ब्रांडेड कम्पनियों के टी.वी. एल.सी.डी. फ्रिज, डी.वी.डी. वुडन फर्नीचर, स्टील फर्नीचर उपलब्ध है

1. उपभोक्ता की संतुष्टि ही सफलता की सीढ़ी है।
2. उपभोक्ता सेवा ही जीवन का लक्ष्य है।



एल.जी. सेमसन, फिलिप्स, बी.पी. एल. सोनी, वेस्टन व अन्य कंपनियों के उपलब्ध है।
441, सरकारी कुंआ, शीतलामाई वार्ड
पश्चिमी घमापुर, जबलपुर
मो. 9200000162 फोन- 2626496




## आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो किशोरियों की मौत, एक घायल

**सागर, देशबन्धु।** सागर में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से दो किशोरियों की मौत हो गई, वही एक अन्य घायल हो गई। दोनों खेत से फसल काटकर वापस लौट रही थी, तभी बारिश होने लगी तो पेड़ के नीचे खड़ी हो गई। उसी पेड़ पर बिजली गिर गई। चपेट में आने से दोनों किशोरियों की मौके पर मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, पामाखेड़ी गांव के लगभग दो दर्जन से भी ज्यादा लोग खेत पर मजदूरी कर घर वापस लौट रहे थे, जिनके साथ ये बच्चियां भी थी। इसी बीच तेज बारिश होने लगी तो कुछ लोग आगे जाकर एक पेड़ के नीचे खड़े हो गए। वहीं, तीनों बच्चियां थोड़ा पीछे रह गई और वो भी बारिश से बचने के लिए एक पेड़ के नीचे खड़ी हो गई। इसी दौरान उस पेड़ पर आकाशीय बिजली गिरी, जिससे नमीता अहिरवार और सुहानी अहिरवार की जान चली गई। जबकि एक अन्य विनीता अहिरवार घायल हो गई, जिसका सागर जिला अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। फिलहाल, सनोधा पुलिस ने मृत बच्चियों के पोस्टमॉर्टम के बाद शवों को परिजनों के हवाले कर मामले को जांच में ले लिया है।